हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, बुधवार 09 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 188 , मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## 76 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा

# सिर्फ खनिज नहीं प्रतिभा से भी हो झारखंड की पहचान

रांची : सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में 70, झारखंड भवन व मंत्रिमंडल सचिवालय में 6 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र सौंपा. प्रोजेक्ट भवन में आयोजित समारोह में सीएम ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों से कहा कि आज से आप सरकार के एक अभिन्न अंग के रूप में जुड़ रहे हैं. राज्य के सर्वांगीण विकास का पहिया आप बन रहे हैं. मुझे पूरा विश्वास है कि आप अपने कार्यों से राज्य को बेहतर दिशा देने में अहम भूमिका निभाएंगे.



### यह पुरस्कार नहीं प्रोत्साहन राशि है

मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि आपको आज पुरस्कार नहीं प्रोत्साहन राशि मिल रहा है. ताकि आप आगे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें, पहले इसका दायरा काफी सीमित था. लेकिन अब इसमें जैक के अलावा अन्य सभी बोर्ड के टॉपर्स को भी शामिल कर उन्हें पुरस्कृत किया जा रहा है. सरकार का उद्देश्य अपने मेधावी विद्यार्थियों की शिक्षा को नई दिशा देना है.

### सिर्फ खनिज संपदा नहीं प्रतिभा के रूप में भी झारखंड की हो पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की पहचान सामान्य तौर पर अपने खनिज संसाधनों के लिए होती है. लेकिन हम इस उद्देश्य के साथ काम कर रहे हैं कि प्रतिभा संपन्न राज्य के रूप में झारखंड की अलग पहचान बने, चाहे वह शिक्षा हो या खेल या कोई और क्षेत्र. सरकार शिक्षा के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं.

### पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना का दायरा बढ़ाने पर सरकार जल्द लेगी नीतिगत निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत सरकार यहां के विद्यार्थियों को विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर दे रही है. अभी इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों की संख्या सीमित है. लेकिन विद्यार्थियों के आग्रह को देखते हुए इस योजना का दायरा बढ़ाने पर सरकार जल्दी नीतिगत निर्णय लेगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके.

### इन्हें मिला नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री ने 76 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र सौंपा. इनमें झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में 35 लॉ एग्जीक्यूटिव, 4 एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, 21 अस्सिटेंट इंजीनियर और 10 स्कूल मैनेजर और झारखंड भवन नई दिल्ली व मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग में 6 को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सरकार के अभिन्न अंग के रूप में जुड़ने के लिए शुभकामनाएं दी.

### इसका हुआ शिलान्यास

नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा के खूंटपानी, बोकारो के नवाडीह और दुमका के मसलिया में विद्यालय भवन का ऑनलाइन शिलान्यास कर झारखंड को उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित करने का संकल्प दोहराया.

### इन्हें मिला सम्मान

मुख्यमंत्री ने विद्यालय प्रमाणीकरण में स्वर्ण स्थान प्राप्त करने वाले 60 विद्यालयों, जैक, सीबीएसई, आईसीएसई के वर्ष 2023 एवं वर्ष 2024 में 10 वीं तथा 12 वीं बोर्ड परीक्षा और झारखंड ओलंपियाड – 2023 के टॉपर्स को सम्मानित किया. साथ ही उनके हौसले, उत्साह और मनोबल को बढ़ाते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

# मनरेगा कर्मियों को दुर्गापूजा का तोहफा मानदेय में 30 फीसदी वृद्धि का निर्णय

रांची : करीब तीन माह से अनिश्चितकाल हड़ताल पर चल रहे मनरेगा कर्मियों को दुर्गा पूजा की सौगात मिली है. राज्य सरकार ने इनके मानदेय में 30 फीसदी की बढ़ोतरी करने का फैसला लिया है. ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी और मनरेगा कर्मचारी संघ के नेताओं के बीच बैठक के बाद इस बात पर सहमति बनी. अब 12000 रुपये मानदेय पानेवाले रोजगार सेवक, 23700 रुपये मानदेय पानेवाले बीपीओ के मानदेय में 30 फीसदी की वृद्धि होगी.




इसी तरह असिस्टेंट इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर, कंप्यूटर ऑपरेटर और लेखपाल आदि के वेतन में 30 फीसदी की बढ़ोतरी की जाएगी. प्रोजेक्ट भवन में हुई बैठक में मनरेगा कर्मियों को 1500 रुपये तक यात्रा भत्ता भी देने की मंजूरी हुई है. वहीं पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा और 20 लाख रुपये तक की सामाजिक सुरक्षा देने पर भी सहमति बन गई है. मनरेगा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग ग्रेड पे और नियमितीकरण है, इसपर अभी सहमति नहीं हुई है. हालांकि राज्य सरकार ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा.

### सीएम से मुलाकात के बाद वापस लेंगे हड़ताल

बागे ने बताया कि मुख्यमंत्री से जल्द मुलाकात के बाद हड़ताल वापस लेने की घोषणा की जाएगी. हालांकि राज्यभर के 5000 से अधिक मनरेगा कर्मचारी मंगलवार से ही काम पर वापस लौटने लगे हैं. बैठक में मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय बरनवाल मुख्य रूप से शामिल थे. बता दें कि विगत 22 जुलाई से राज्य भर के मनरेगा कर्मी हड़ताल पर थे. इससे मनरेगा का सारा कामकाज प्रभावित हो गया था.

# झारखंड कैबिनेट की बैठक में 81 प्रस्तावों पर लगी मुहर

रांची : हेमंत कैबिनेट की बैठक हुई. इसमें 81 प्रस्तावों पर मुहर लगी है. जिन प्रस्तावों को कैबिनेट की मंजूरी मिली है वह इस प्रकार है. सरकारी स्कूलों में स्कूल डायरी का वितरण किया जाएगा. 2051 लघु आंगनबाड़ी केंद्र को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र में तब्दील किया जाएगा. विधवा और वृद्धा पेंशन की उम्र सीमा 80 कर दी गई और 1 हजार रुपया मिलेगा पेंशन. जल दर में संशोधन की स्वीकृति. गढ़वा में मल्टीपरपज कल्चर सेंटर बनेगा. नक्सली हिंसा में मारे गए पुलिस कर्मियों के अर्शित्रो को अनुकंपा पर के आधार पर मिलेगी नौकरी. रांची सदर अस्पताल में सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन खरीदी जाएगी. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कांग्रेस मंदिर झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य. राज्य मंत्री का मिलेगा दर्जा. संत जेवियर स्कूल डोरंडा को मिलेगा 1.50 एकड़ की भूमि 30 साल के लीज पर. रांची रिम्स के पुराने भवनों का होगा जीर्णोधार और नए भवन बनेंगे 1 अरब रुपया से. मुंबई में बनेगा नया झारखंड भवन जहां पर झारखंड से जाने वाली मजदूरों को रहने की सुविधा दी जाएगी. झारखंड से जाने वाले मजदूरों को इलाज के लिए रहने और खाने की सुविधा प्राप्त होगी. इस भवन में झारखंड के सभी जिलों में बनेगा बार काउंसिल का भवन.

# छत्तीसगढ़ में असम जैसी बनेगी एंटी नक्सल पॉलिसी

### राज्योत्सव के समय छत्तीसगढ़ सरकार लाएगी नई नक्सल नीति

रायपुर(ईएमएस)। छत्तीसगढ़ में एंटी नक्सल नीति असम जैसी ही होगी। इसका अध्ययन करने के लिए गृहमंत्री विजय शर्मा असम गए थे। उन्होंने वहां अधिकारियों से उग्रवादियों के आत्मसमर्पण और पीड़ित परिवारों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अक्टूबर के अंत तक या 1 नवंबर को राज्योत्सव के समय छत्तीसगढ़ सरकार नई नक्सल नीति लाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली में मीटिंग के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को यह जानकारी दी है। दोनों नेताओं के बीच यही बात हुई कि कैसे तय टारगेट मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से पूरी तरह नक्सली खत्म हो जाए। नक्सल नीति को लेकर मुख्यमंत्री ने बताया कि, केंद्र और राज्य सरकार की योजना का फायदा सरेंडर करने वाले नक्सलियों और हिंसा पीड़ित परिवारों को मिलेगा। आज भी जो युवा नक्सलवाद में लिप्त है। उनसे आग्रह है कि हथियार छोड़ कर मुख्य धारा में जुड़े। आत्मसमर्पण करने वालों को अच्छी सुविधाएं दी जाएं। गृह मंत्री विजय शर्मा भी असम गए थे। पुनर्वास नीति वहां कैसी है यह देखा गया। नक्सली गोलीबारी की भाषा छोडक़र आत्मसमर्पण करें। उनको प्रधानमंत्री आवास से लेकर रोजगार तक देंगे। मैं हाल ही में बीजापुर गया था, वहां 70 लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया। जो नक्सल पीड़ित परिवार के लोग थे, उन्हें नौकरी दी गई है।

# झारखंड में ईडी की कार्रवाई, रांची और धनबाद में कई ठिकानों पर छापेमारी

रांची (ईएमएस)। झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की। ईडी की टीम ने रांची और धनबाद में डीटीओ और सीओ सहित कई के ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी ने छापेमारी में 6 करोड़ की वसूली के मामले में कार्रवाई की है। ईडी टीम ने धनबाद के एक वकील के साथ धनबाद के डीटीओ दिवाकर प्रसाद द्विवेदी, जय कुमार राम, प्रभात भूषण, रवि पांडेय, सुजीत और रवि के ठिकानों पर छापेमारी की है। ये कार्रवाई दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई है।

ईडी की टीम धनबाद के डीटीओ प्रसाद के देव विहार स्थित आवास पर पहुंची और आवास से भारी मात्रा में कैश बरामद किया। छापेमारी के दौरान बाहरी लोगों के अपार्टमेंट में प्रवेश नहीं दिया गया है। साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मामले में उनसे पहले भी कई बार पूछताछ हुई है। दरअसल, मामले में एक कारोबारी और वकील ने एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते हुए पंडरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जमीन कारोबारी पांडेय ने ईडी को मैनेज करने के नाम पर अधिवक्ता सुजीत कुमार सिंह पर 6 करोड़ रुपए ठगने का आरोप लगाया था।

## हरियाणा में गलत साबित हुए सभी एग्जिट पोल, चुनाव नतीजों ने इस बार चौंकाया

# भगवामय हरियाणा, जम्मू-कश्मीर में इंडिया सरकार

नई दिल्ली (ईएमएस)। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणाम मंगलवार को आए। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने इस बार चौंका दिया। कांग्रेस इस बार जीत को लेकर आश्वस्त थी। एग्जिट पोल्स से लेकर सियासी बयानों तक यही संकेत मिल रहे थे कि भाजपा इस बार मुकाबले में कमजोर है। लेकिन चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में आए हैं। भाजपा ने राज्य की 90 में से 48 सीटें जीती है, जो पिछली बार से 8 सीट अधिक है। यानी भाजपा ने हैट्रिक लगा ली है। वहीं जम्मू-कश्मीर में इंडिया गठबंधन की नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। गठबंधन को 48 सीटें मिली हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस को 42 और कांग्रेस को 6 सीटें मिलीं। भाजपा ने 29 सीटें जीती है। पीडीपी को 3 सीट मिली। एक-एक सीट आम आदमी पार्टी और जेपीसी के खाते में आई। 7 निर्दलीय भी जीते। 90 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 46 है। इस बीच, नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्यमंत्री होंगे। उमर अब्दुल्ला को दो सीटों बडगाम और गांदरबल पर जीत मिली। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती श्रीगुफवारा-बिजबेहरा सीट से हार गईं। उन्होंने कहा- मैं लोगों के फैसले को स्वीकार करती हूं। उधर भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना नौशेरा सीट से हार गए। हार के बाद उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने इस बार चौंका दिया। कांग्रेस इस बार जीत को लेकर आश्वस्त थी। कांग्रेस में यह मंथन भी होने लगा था कि 65 से ज्यादा सीटें आती हैं तो कमान किसे सौंपी जाएगी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला, तीनों नेता सीएम पद पर अपनी दावेदारी को लेकर ताल ठोंक रहे थे। युवाओं में बेराजगारी और किसानों-पहलवानों की नाराजगी जैसे मुद्दे को कांग्रेस जोरशोर से उठा रही थी। इस सबके बावजूद भाजपा कांग्रेस की बगल से जीत को निकालकर ले गई। यह कुछ ऐसा ही है, जैसे कुश्ती में बगलडूब दांव होता है, जब एक पहलवान सामने वाले पहलवान की बगल और पकड़ से बाहर निकलकर उसे परास्त कर देता है।




### भाजपा का कमजोर सीटों पर रहा फोकस

यहां तक कि भाजपा के आंतरिक सर्वेक्षण में भी 35 से 38 सीटों का अंदाजा लगाया गया था। इसके बाद भाजपा ने ऐसी 18 सीटों पर अपना ध्यान केंद्रित किया, जहां पर मुकाबला बहुकोणीय था। वहीं, 39 ऐसी सीटों पर भी भाजपा ने जोर लगाया, जहां उसका कांग्रेस से सीधा मुकाबला था। उधर, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी कह चुके थे कि यदि गठबंधन की जरूरत पड़ी तो सारी व्यवस्थाएं हैं। हरियाणा में 15वीं विधानसभा चुनाव में 67.90 प्रतिशत मतदान हुआ। यह 2019 के विधानसभा चुनाव में 67.92 प्रतिशत के मुकाबले .02 प्रतिशत कम रहा।

राज्य के विधानसभा चुनाव के इतिहास में यह चौथा मौका था, जब सबसे कम मतदान हुआ। इसे सत्ता विरोधी लहर से जोडक़र देखा गया क्योंकि 10 साल से भाजपा यहां सत्ता में थी।

### हरियाणा में पहली बार हैट्रिक

किसी भी एग्जिट पोल में भाजपा को बहुमत मिलने का अनुमान नहीं लगाया था। आठ एग्जिट पोल्स यही बता रहे थे कि कांग्रेस के 10 साल बाद वापसी करने के संकेत हैं। हरियाणा के चुनावी इतिहास में इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ, जब किसी दल ने हैट्रिक लगाई हो। कोई भी दल लगातार तीसरी बार सरकार नहीं बना पाया। इस बार भाजपा ने रिकॉर्ड बना दिया। 2014, 2019 में जीत के बाद 2024 के विधानसभा चुनाव में भी वह सरकार बनाने की स्थिति में है।

### जजपा का वोट बैंक खिसका

दुष्यंत चौटाला की जजपा ने 2019 में 14.9 फीसदी मत हासिल किए थे। यह माना गया था कि जाट समुदाय की वजह से जजपा को ये वोट मिले थे। वहीं, इस बार यह माना जा रहा है कि जजपा के वोट बैंक का ज्यादातर हिस्सा कांग्रेस में और कुछ हिस्सा इनेलो में शिफ्ट हो गया। कांग्रेस को पिछली बार 28.2 फीसदी वोट मिले थे, जबकि इस बार वह 40 फीसदी मत हासिल करती दिख रही है। जजपा को इस बार महज एक फीसदी वोट मिलते दिख रहे हैं। वहीं भाजपा को कांग्रेस से एक फीसदी कम यानी 39 फीसदी वोट मिलते दिख रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मजबूत होगी झारखंड के सभी कोर्ट परिसर की सुरक्षा, लगेंगे अतिरिक्त 2141 सीसीटीवी कैमरे

रांची : झारखंड के सभी जिलों में कोर्ट परिसर की सुरक्षा अब और मजबूत होगी. राज्य के हाईकोर्ट समेत सभी सिविल कोर्ट में 2141 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे. गौरतलब है कि इसको लेकर सोमवार (सात अक्टूबर) को गृह सचिव की अध्यक्षता में विभिन्न जिला और अनुमंडल कोर्ट में लगाये गये सीसीटीवी कैमरे, उसके पर्यवेक्षक और अतिरिक्त कैमरा की आवश्यकता के आकलन के बिंदु पर एक बैठक आयोजित की गयी थी.

#### एसपी को हर माह कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का ऑडिट करने का निर्देश

पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को निर्देश दिया है कि वह हर महीने कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की ऑडिट करेंगे. हाल के दिनों में बड़े पैमाने पर पुलिस अफसरों का तबादला किया गया है. जिन अफसरों और कर्मियो का कोर्ट से तबादला हो चुका है, उनके स्थान पर जो पुलिस पदाधिकारी आये हैं, उनको भी अच्छे से ब्रीफ करने का निर्देश दिया गया है. सभी एसपी को निर्देश दिया गया है कि कोर्ट परिसर में आने-जाने वाले लोगों के लिए कंप्यूटराइज चेकिंग की व्यवस्था जल्द से जल्द तैयार की जाये.

### पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत 6 आईपीएस को मिली पोस्टिंग एक का हुआ तबादला

रांची : पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत छह आईपीएस को पोस्टिंग मिली है. वहीं एक आईपीएस का तबादला किया गया है. इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार को गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा जारी कर दी गई है. जारी आदेश में कहा गया है कि वैसे पदाधिकारी जिनके स्थान पर किसी अन्य की पोस्टिंग हो गई है और उनका कहीं पोस्टिंग नहीं हुआ है. वह पुलिस मुख्यालय में योगदान देंगे.

#### प्रतीक्षारत 28 डीएसपी को मिली पोस्टिंग

रांची : पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत 28 डीएसपी को पोस्टिंग मिली है. इसके पहले पिछले सप्ताह ही सरकार ने कई डीएसपी का तबादला किया था. जिनमें कई ऐसे डीएसपी थे, जिनके स्थान पर दूसरे डीएसपी की पोस्टिंग हो गई थी, लेकिन उनका कहीं पोस्टिंग नहीं हुआ था. जिस वजह से वे पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत थे.

### हरियाणा तो झांकी है, झारखंड अभी बाकी हैः चंपाई

रांची : झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन हरियाणा के चुनावी नतीजों से गदगद हैं. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि हरियाणा तो झांकी है, झारखंड अभी बाकी है. बताते चलें कि हरियाणा की विधानसभा की 90 सीटों में से 49 सीटों पर बीजेपी ने कब्जा जमाया है. जो बहुमत के जादुई आंकड़े को पार कर गया है. हरियाणा में तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनने जा रही है.

### झारखंड में भाजपा का होगा जाएगा अकाउंट बंदः कल्पना सोरेन



रांची : गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान कहा कि हर महीने खाते में एक हजार रुपए जाता रहेगा. यह कभी नहीं रूकेगा. झारखंड में भाजपा का एकाउंट बंद हो जाएगा. वे मंगलवार को विशुनपुर प्रखंड में मईंया सम्मान यात्रा कार्यक्रम में बोल रहीं थी. उन्होंने कहा कि आपका हेमंत दाता, हेमंत बेटा आपके खाते में एक हजार रुपए पहुंचाता रहेगा. यह योजना फरवरी में ही शुरू हो जाती. लेकिन भाजपा के लोगों ने हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया. इस वजह से योजना शुरू करने में देरी हो गई.

#### सीएम आदिवासी माता-बहनों और बेटियों के चेहरे पर देखना चाहते हैं खुशी

कल्पना ने कहा कि मुख्यमंत्री आदिवासी माता-बहनों और बेटियों के चेहरे पर खुशी देखना चाहते हैं. उन्होंने राज्य वासियों के हित में दिन रात काम कर रहे हैं. उन्होंने अबुआ आवास योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान ऋण माफी योजना, सावित्री बाई फूले योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री जैसी कई योजनाएं शुरू की हैं. जिसका लाभ हर तबके के लोगों को मिल रहा है.

#### भाजपा वाले नहीं देखना चाहते हैं खुशी

कल्पना ने कहा कि भाजपा वाले आपके चेहरे पर खुशी नहीं देखना चाहते हैं. भाजपा के ईशारे पर चलने वाले लोगों ने मईंया योजना को बंद कराने के लिए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है. वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आपके चेहरे पर खुशी देखना चाहते हैं.

### जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत 30 उग्रवादियों पर एफआईआर



लातेहार : सोमवार को पुलिस और जेजेएमपी के उग्रवादियों के बीच सदर थाना क्षेत्र के ओरैया-बोकाखाड़ जंगल में मुठभेड़ हुई थी. इस मुठभेड़ मे झारखंड जगुआर के एक एएसआई व एक जवान के पैर में गोली लगी थी. हालांकि दोनों सुरक्षित हैं. पुलिस ने इस मुठभेड़ मे जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा व जोनल कमांडर लवलेश गंझू समेत 30 से अधिक उग्रवादियों के खिलाफ सदर थाना में मामला दर्ज किया है. पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने मामला दर्ज कराया है. इनमें 12 नामजद व 20 अज्ञात उग्रवादी शामिल हैं. बता दें कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली इनपुट पर सोमवार की सुबह तकरीबन छह बजे सदर थाना क्षेत्र के ओरैया- बोकाखाड़ पुलिस सर्च आपरेशन में चला रही थी. इसी दौरान जेजेएमपी के उग्रवादियों के साथ उनकी मुठभेड़ हो गई थी. इसमें झारखंड जगुआर के एक एएसआई व एक जवान घायल हो गये थे. उनके पैरों मे गोली लगी थी. हालांकि दोनों सकुशल हैं. पुलिस ने यहां सर्च आपरेशन में तीन देसी बंदूक समेत भारी मात्रा में नक्सलियों के दैनिक उपयोग की सामग्रियां बरामद की थीं.

# गोगो दीदी योजना को लेकर राज्य में जबरदस्त उत्साह : बाबूलाल

रांची : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि "गोगो दीदी योजना" को लेकर राज्यभर में जबरदस्त उत्साह है. उत्साह की वजह भी है. भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोगों को विश्वास और भरोसा है. लोग जानते हैं कि भाजपा और प्रधानमंत्री जो भी घोषणा और वायदा करते हैं, उसे पूरा करते हैं. इसलिए लोगों को भरोसा है कि उन्होंने वायदा किया है, घोषणा की है तो निश्चित रूप से सरकार बनते ही पहले कैबिनेट में यह सब निर्णय हो जाएगा. वे मंगलवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रोड के समीप स्थित खोखमा टोली में गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरवाने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे. मरांडी ने कहा कि जिन लोगों ने फॉर्म भरा है, उसे कंप्यूटर में लोड किया जाता है. उसका दस्तावेज तैयार हो रहा है. राज्य में भाजपा सरकार बनते ही हर महीने की 11 तारीख को 2100 रुपए उनके बैंक खाते में चला जाएगा.



## सीएम को जांच करनी है तो करें

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जांच करनी है तो करें. कार्रवाई करना हो तो करें. मैंने आकर खुद मां बहनों का फॉर्म भरा है. भारतीय जनता पार्टी और पीएम मोदी की सरकार देश में महिलाओं का सशक्तीकरण चाहती है. आज पहली दफा कोई कार्यक्रम नहीं चल रहा है. पहले से ही अनेक योजनाएं चल रही है, जो मां-बहनों को समर्पित है. देश की संसद और विधानसभा में कानून बना कर महिलाओं के लिए 33% सीटों को रिजर्व किया गया है. उसके साथ-साथ लखपति दीदी बनाया जा रहा है. रोजगार के क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़े, उसके लिए भी प्रयास हो रहे हैं.

## योजना को लेकर सीएम में दिख रही बेचैनी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कार्रवाई संबंधी आदेश साफ दिखता है कि योजना को लेकर उनमें बेचैनी है. आज एफआईआर सबसे पहले हेमंत सोरेन पर होनी चाहिए. 2019 के चुनाव के घोषणा पत्र में उन्होंने घोषणा की थी कि गरीबों को 72000 रुपए सालाना देंगे. चूल्हा खर्च के रूप में मां बहनों को 2000 रुपए देंगे. बुजुर्ग, महिला, दिव्यांग को ढाई हजार रुपए पेंशन देंगे. 5 लाख नौजवानों को रोजगार देंगे नहीं तो राजनीति से संन्यास ले लेंगे. 5000 और 7000 रुपए बेरोजगारी भत्ता देंगे. आज एफआईआर कायदे से पहले हेमंत सोरेन के ऊपर होनी चाहिए, जिन्होंने घोषणा की थी और जनता को ठगा है. हमारे ऊपर उस दिन एफआईआर होगी जब बीजेपी की सरकार बनेगी और हम ये नहीं देंगे.

# संक्षिप्त खबरें

## लोहरदगा में 113 अल्पसंख्यकों ने ग्रहण की आजसू की सदस्यता

रांची(ईएमएस)। आजसू पार्टी लोहरदगा जिला के अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष शाहिद अंसारी के नेतृत्व में 113 अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय रांची जाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों ने एक स्वर से कहा कि नीरू शांति भगत लोहरदगा आजसू पार्टी की सर्वमान्य नेत्री हैं।अपने पति लोहरदगा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक झारखंड आंदोलनकारी स्व कमल किशोर भगत के पद चिन्हों में चलकर सभी धर्म और समाज के लोगों के लिए काम करने में विश्वास रखती हैं।सब के सुख-दुख में एक परिवार की सदस्य के रूप में शामिल होती रही है।अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी ने कहा कि नीरू शांति भगत सभी धर्म और समाज के लोगों की प्रिय नेत्री तो है ही वह अल्पसंख्यक समुदाय के दिल में बसी हुई हैं।उन्हें इस बार जीता कर झारखंड विधान सभा भेजने में अल्पसंख्यक समाज कोई कसर नहीं छोड़ेगा। सदस्यता ग्रहण समारोह में मुख्य रूप से पार्टी की केंद्रीय महासचिव और लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र की भावी प्रत्याशी नीरू शांति भगत केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत केंद्रीय सचिव सह लातेहार जिला प्रभारी लाल गुडडू नाथ शाहदेव, शाहिद अंसारी,सलीम पांडू ,साजिद कलाल, कलीम खान, समीम अंसारी, कबीर अंसारी, मुख्तार अंसारी, वसीम राजा, जुल्फिकार, इरफान अंसारी, यूनुस अंसारी, जाकिर अंसारी, मोइन अंसारी, नजीर अली, साजिद , अब्दुल अंसारी ,बबलू अंसारी, असलम अंसारी, सिराज अंसारी, शमीम अंसारी, मुमताज अंसारी, मंजूर अंसारी, मकर मीर, मोशन खान, जावेद खान, शकील अंसारी, जमशेद खान, एकरामुल अंसारी, मुस्तफा खलीफा आदि उपस्थित थे।

## वेद प्रकाश सिंह हत्याकांडः मुख्य आरोपी सत्यम पाठक को रांची सिविल कोर्ट से बड़ी राहत

रांची (ईएमएस)।रांची सिविल कोर्ट से निवर्तमान दिवंगत पार्षद वेद प्रकाश की हत्या के आरोपी सत्यम पाठक को बड़ी राहत मिली है।सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायुक्त दिवाकर पांडेय की कोर्ट ने सत्यम पाठक की ओर से दायर क्रिमिनल रिवीज़न याचिका को स्वीकार करते हुए उसे फ़रार घोषित किए जाने के आदेश को निरस्त कर दिया है। न्यायुक्त रांची की कोर्ट ने निचली अदालत द्वारा पारित धारा 82 के आदेश को यह कहते हुए निरस्त कर दिया है कि धारा 82 का आदेश न्यायसंगत नहीं है।सत्यम पाठक की ओर से अधिवक्ता पीयूष पांडेय एवम् गौरव प्रियदर्शी ने बहस की।

## शेखर कुशवाहा को बेल देने से विशेष कोर्ट का इनकार

रांची(ईएमएस)।रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट, पीएमएलए के विशेष कोर्ट ने जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को बेल देने से इनकार कर दिया है। ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने 5 अक्तूबर को जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। शेखर कुशवाहा पर बड़गाईं के गाड़ी मौजा की 4.83 एकड़ जमीन में फर्जीवाड़ा करने का आरोप है।ईडी ने उसे इसी वर्ष 12 जून को गिरफ्तार किया था।तब से वह जेल में है।

## हरियाणा में बीजेपी की हैट्रिक पर झारखंड बीजेपी में जश्न

बोकारो(ईएमएस)।हरियाणा चुनाव में भाजपा ने हैट्रिक लगाया है। भाजपा की जीत पर बोकारो में जश्न का माहौल है। बोकारो विधायक बिरंचि नारायण के आवासीय कार्यालय में ढोल नगाड़ा और पटाखे फोड़कर जीत का जश्न मनाया गया। इस दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।बोकारो के भाजपा विधायक बिरंचि नारायण ने कहा कि जो राजनीतिक पंडित चुनाव में भाजपा के हार की भविष्यवाणी कर रहे थे इस प्रचंड जीत ने भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह भर दिया है ।जिस प्रकार से राहुल गांधी और सोनिया गांधी हरियाणा चुनाव में झूठ फैलाया। इसको हरियाणा की जनता और किसानों ने नकार दिया। उन्होंने कहा कि इस जीत के बाद यह बात जरूर सामने आ गई है कि मोदी जी के विकास की गाथा पूरे देश में लिखी जा रही है और झारखंड के चुनाव में भी भाजपा बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र गुदड़ी के जतरमा में तीन फेरी वालों की हत्या

पश्चिमी सिंहभूम (ईएमएस)।पश्चिमी सिंहभूम जिला के नक्सल प्रभावित क्षेत्र गुदड़ी थाना क्षेत्र के कमरोड़ा पंचायत की जतरमा गांव स्थित नदी किनारे तीन लोगों की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई है।घटना रविवार की बताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने मंगलवार को गांव से शव बरामद किया। बताया जाता है कि पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव में रहकर कुछ लोग गांव-गांव में घूम-घूम कर फेरी करते थे। रविवार को तीन लोग फेरी करने जतरमा गांव गए थे, लेकिन रविवार को बंदगांव स्थित अपने डेरा नहीं पहुंचे।इसके बाद तीनों के साथी सोमवार को खोजबीन के लिए जतरमा गांव गए तो तीनों की हत्या किए जाने के बारे में जानकारी मिली। तीनों की हत्या निर्मम तरीके से की गई है। सीढ़ीनुमा डंडे में बांधकर सर को पत्थर से कुचल दिया गया है, साथ ही गुप्तांग भी काट दिए गए हैं। इधर अपने साथियों की हत्या की जानकारी बंदगांव पुलिस को दी।जतरमा गांव बंदगांव थाना क्षेत्र से सटे होने व घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण गुदड़ी व बंदगांव थाना की पुलिस की टीम ने मंगलवार को गांव पहुंचकर शव बरामद किया।हालांकि

# अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ रामगढ़ पुलिस की कार्रवाई



रामगढ़(ईएमएस)।कोयला के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक 12 चक्का ट्रक पकड़ा है। ट्रक में करीब 20 टन अवैध कोयला लोड था।साथ ही रामनारायण यादव नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एसपी अजय कुमार के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई है। एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक (JH12E-7410) जिसपर पर अवैध कोयला लोड कर कुज्जू माण्डू होते हुए हजारीबाग की ओर जा रही है।जिसके बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया।गठित टीम के द्वारा माण्डू ब्लॉक के नजदीक एनएच-33 पर वाहन चेकिंग लगाया गया।चेकिंग के दौरान ट्रक का चालक पुलिस बल को देखकर भगाने का प्रयास करने लगा।जिसके बाद उसे पुलिस बल के द्वारा पकड़ लिया गया।पकड़े गए व्यक्ति से कागजात मांगने पर कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया।ट्रक पर लोड कोयला के संबंध में पूछताछ करने पर उसने आगे बताया कि कोयला को बिना किसी कागजात के घाटो के झारखंड कोलियरी के आसपास क्षेत्र से लोड कर बिहार के डेहरी मंडी ले जाया जा रहा है। इस कार्य में अन्य सहयोगियों का भी नाम बताया गया। तत्पश्चात अवैध रुप से कोयला का परिवहन करने के आरोप में पकड़ाये व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया।एसपी अजय कुमार ने बताया कि जिला में किसी भी कीमत पर कोयले के अवैध कारोबार को नहीं चलने दिया जाएगा।इस कार्य में जो भी लोग शामिल हैं, उनके ऊपर कारवाई की जाएगी।

## उपायुक्त ने तीन प्रखंड समन्वयक व एक कंप्यूटर ऑपरेटर की संविदा समाप्त की

पलामू (ईएमएस) । जिले में अबुआ आवास योजना से सभी योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन गंभीर हैं इसी को लेकर वे लगातार अबुआ आवास योजना के प्रगति की समीक्षा कर रहें है।इसके अलावे उन्होंने उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद को भी व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि कहीं भी इस योजना में किसी भी स्तर से शिथिलता न बरती जाए।उपायुक्त के निर्देश पर डीडीसी के नेतृत्व में आवास सेक्शन के पदाधिकारी व कर्मी देर रात व अवकाश के दिन भी कार्य कर रहें हैं ताकि योग्य लाभुकों को आवास से संबंधित किसी प्रकार की कोई समस्या न हो।इसके बावजूद कई प्रखंड समन्वयकों द्वारा अबुआ आवास के क्रियान्वन में शिथिलता बरती जा रही है।इन सभी कर्मियों के विरुद्ध उपायुक्त ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है।अबुआ आवास योजना के क्रियान्वयन में लगातार शिथिलता बरतने को लेकर सोमवार को उपायुक्त श्री रंजन ने हैदरनगर, हुसैनाबाद व नवाबज़ार के आवास योजना के प्रखंड समन्वयक व सतबरवा के लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर की संविदा समाप्त कर दी है।

संविदा समाप्त करने से पूर्व सभी कर्मियों से कई बार योजना के क्रियान्वन में लापरवाही बरतने को लेकर स्पष्टीकरण किया गया था। इसके साथ ही कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने की स्थिति में संविदा समाप्त करने की अंतिम चेतावनी भी दी गयी थी। इसके बावजूद इनके द्वारा कार्यों में प्रगति नहीं किया गया जिसके फल स्वरुप सभी की संविदा समाप्त कर दी गई।

## हरियाणा की जनता ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जताया भरोसाः संजय सेठ

रांची(ईएमएस)।हरियाणा मे भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बधाई दी है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा,देश के गृह मंत्री अमित शाह एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापस आई है। हरियाणा की जनता ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपना विश्वास जताते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान कर फिर से एक बार हरियाणा की जनता की सेवा करने का मौका दिया।हरियाणा लगातार भाजपा के नेतृत्व में विकास कर रहा है।

# राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री ने द्वितीय छमाही सोना सोबरन धोती साड़ी योजना का किया शुभारंभ



रांची(ईएमएस)।नामकुम प्रखंड प्रांगण में द्वितीय छमाही सोना सोबरन धोती साड़ी योजना का शुभारंभ खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा किया गया। श्री गुप्ता ने अपने उद्धबोधन में कहा कि योजना अंतर्गत सभी राशन कार्डधारियों को धोती-साड़ी-लूंगी से आच्छादित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत सभी योग्य लाभुकों का राशन कार्ड बनाया जा रहा है। सरकार ने योजना के तहत लाभार्थी लक्ष्य को 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के दायरे में नहीं आने वाले लोगों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि उचित मूल्य की दुकान के डीलरों का कमीशन भी मौजूदा 100 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 150 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना के अंतर्गत जन वितरण प्रणाली दुकानदार द्वारा लाभुक से प्रति वस्त्र 10 रुपया प्राप्त किया जाता है। जिसमें जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को देय कमीशन 1 रूपया प्रति वस्त्र एवं वस्त्रों के प्रखंड मुख्यालय से वितरण स्थल तक परिवहन हेतु प्रति वस्त्र 2 रूपये की दर से कुल 3 रुपया प्रति वस्त्र संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानदार अपने पास रखते हुए शेष राशि 7 रुपए प्रति वस्त्र, वितरण के 15 दिन के अंदर जिला आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से सरकारी कोष में जमा करना होता है।इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रांची जिला अंतर्गत 416939 पात्र गृहस्थ परिवार (गुलाबी कार्ड), 101933 अंत्योदय परिवार (गुलाबी कार्ड) एवं 45623 ग्रीन कार्डधारी हैं। जिसमें नामकुम प्रखंड में 22985 पात्र गृहस्थ परिवार (गुलाबी कार्ड), 3698 अंत्योदय परिवार (पीला कार्ड), 1875 ग्रीन कार्डधारी हैं।इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, पंचायत समिति सदस्य, सुषमा हेंब्रम, सिल्वे की मुखिया नूतन पाहन, विधायक प्रतिनिधि माधव कच्छप, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सौरभ सिन्हा, महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, समीउल्लाह खान, विनोद साहू, शरीफ अंसारी जन वितरण प्रणाली दुकानदार तथा नामकुम प्रखंड के कर्मी उपस्थित थे।


## उपायुक्त-सह-जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो
(जिला नजारत शाखा)

-::अति अल्पकालीन निविदा::-

सचिव, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक–3488/रा०, दिनांक–24.04.2015 एवं पत्रांक– 4238/रा०, दिनांक– 02.09.2015 द्वारा बोकारो परिसदन के रख–रखाव एवं सुचारू रूप से संचालन आउटसोर्सिंग के माध्यम से किया जाना है।

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु बोकारो परिसदन के दोनों भवनों के सभी कमरों तथा सम्पूर्ण परिसर की देखभाल, वार्षिक रख–रखाव, कैटरिंग एवं सुचारू रूप से संचालन के लिए किसी संस्थान/प्रतिष्ठान मे न्यूनत मदो वर्षों का कार्य अनुभव रखने वाले निविदादाता से उल्लेखित शर्तों के अधीन दर निर्धारण हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक निविदादाता Request For Proposal (RFP) में उल्लेखित कंडिकाओं के तहत् विहित प्रपत्र के अनुरूप होगा में आवेदन कर सकते है। इच्छुक निविदादाता दिनांक– 16.10.2024 को 1:00 बजे अपराह्न तक जिला नजारत शाखा, बोकारोमें रखे गए सीलबन्द बॉक्स में निविदा संबंधी सभी वांछित कागजात समर्पित कर सकते है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक– 16.10.2024 को 4:00 बजे अपराह्न से निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोला जाएगा।

निविदा की नियम एवं शर्तें बोकारो जिला के वेबसाइट www.bokaro.nic.in पर देखी जा सकती है या कार्यालय दिवस पर पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

उपायुक्त,
बोकारो

PR 338407 District (24-25)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह
ई– अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अति अल्पकालीन निविदा सूचना सं०–RDD/SD/GIRIDIH/15/RE/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | गिरिडीह जिला के सरिया प्रखण्ड के ग्राम पंचायत नगरकेशवारी बलयडीह के धोड़ी नाला में 3 स्पेन का D.L.R पुलिया निर्माण। (जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद) | 5757700.00 | 116000.00 | 10000.00 | 06 माह |
| 7 | गिरिडीह जिला के बगोदर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत धरगुल्ली के घंघरी मेन रोड से नदी पुल तक पी0सी0सी0 रोड निर्माण।(जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद) | 3774000.00 | 75500.00 | 5000.00 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 14.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 14.10.2024 से दिनांक 19.10.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –21.10.2024 अपराह्न 05:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431323435 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)।
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गिरिडीह।

PR 338468 Rural Work Department(24-25)D



## कार्यालय, धनबाद नगर निगम, धनबाद
दूरभाष :–18008904160 ई-मेल : dhanbadmunicipalcorporationadm@gmail.com

पत्रांक –1908 दिनांक–08.10.2024

–: अतिअल्पकालीन बन्दोबस्ती निविदा सूचना :–

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि धनबाद नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत हाउसिंग कॉलोनी HIG Park पार्क में अवस्थित कैफेटेरिया, Manaitand Park में अवस्थित दुकानों, राजेन्द्र सरोवर में अवस्थित Food Kiosk, राजेन्द्र सरोवर स्टेडियम के अन्दर स्थित दुकानों एवं कतरास वार्ड संख्या 01 के कौशल विकास केन्द्र स्थित दुकानों की बंदोबस्ती प्रक्रिया दिनांक 16.10.2024 को खुली निलामी के द्वारा सम्पन्न की जानी है:–

| क्र0 | दुकानों का स्थल | दुकान का आकार Sq.Fit | जमानत राषि प्रति दुकान | प्रति माह प्रति वर्ग फीट की न्यूनतम दर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | HIG Park, Housing Colony धनबाद में अवस्थित कैफेटेरिया | 266 वर्ग फीट | 200000/- (दो लाख) रूपये | 21/- (इक्कीस) रूपये प्रति माह प्रति वर्ग फीट |
| 2. | Manaitand Park धनबाद में अवस्थित तीन दुकान 01, 02 एवं 03 | 120 वर्ग फीट प्रति दुकान | 50000/- (पचास हजार) रूपये | 10/- (दस) रूपये प्रति माह प्रति वर्ग फीट |
| 3. | राजेन्द्र सरोवर स्थित Food Kiosk | 154 वर्ग फीट प्रति Kiosk | 300000/- (तीन लाख) रूपये | 30/- (तीस) रूपये प्रति माह प्रति वर्ग फीट |
| 4. | राजेन्द्र सरोवर, स्टेडियम के अन्दर स्थित दुकान 3A, 3B, 4B एवं 5B | 121 वर्ग फीट प्रति दुकान | 100000/- (एक लाख) रूपये | 21/- (इक्कीस) रूपये प्रति माह प्रति वर्ग फीट |
| 5. | कतरास वार्ड संख्या 01 के कौषल विकास केन्द्र स्थित दुकान 01, 02 एवं 03 | 120 वर्ग फीट प्रति दुकान | 100000/- (एक लाख) रूपये | 21/- (इक्कीस) रूपये प्रति माह प्रति वर्ग फीट |

नोटः– आवेदन पत्र दिनांक 15.10.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निगम के राजस्व शाखा में 1000/- (एक हजार) रूपये जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा की शर्तें www.udhd.jharkhand .gov.in पर एवं धनबाद नगर निगम कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया है।

अपर नगर आयुक्त
धनबाद नगर निगम।

PR.NO.338458 Urban Development and Housing(24-25):D



## कार्यालय नगर निगम गिरिडीह।
अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना

1. विज्ञापनदाता का नाम : प्रशासक, गिरिडीह नगर निगम।
2. वेबसाईट पर निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय : दिनांक 09.10.2024 को पू0 11:00 बजे से।
3. वेबसाईट पर निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 16.10.2024. को अ0 02:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 17.10.2024 को अ0 03:00 बजे गिरिडीह नगर निगम।
5. निविदा आपलोड करने का वेबसाईट : www.Jharkhandtenders.gov.in
6. कार्य की विरणीः–

| निविदा सं0 | योजना का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| UDD/GMC/XI/2Nd Call/01/2024-25 | वार्ड नं0 05 इस्लाम अंसारी (पकौड़ी वाला) के घर से मैडम फरजाना के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 409400.00 | 8188.00 | 1000.00 | 60 दिन |
| UDD/GMC/XI/2Nd Call/02/2024-25 | वार्ड नं0 08 भण्डारीडीह में पप्पु असारी के घर से स्व0 सरफराज अमीन के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 499800.00 | 9996.00 | 1000.00 | 60 दिन |
| UDD/GMC/XI/2Nd Call/03/2024-25 | वार्ड नं0 24 रहमत नगर में छोटु के घर से दुलारे के घर होते हुए पलटन के घर तक एवं कोलडीहा में तांबा कुरैशी के घर से मो0 बसारत के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 2195600.00 | 43912.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| UDD/GMC/XI/2Nd Call/04/2024-25 | वार्ड नं0 25 हुट्टी बाजार मेन रोड मो0 अनवर अली के घर से हाजी इस्माईल के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 494000.00 | 9880.00 | 1000.00 | 60 दिन |
| UDD/GMC/XI/2Nd Call/05/2024-25 | वार्ड नं0 33 अम्बाटांड़ मेन रोड से मस्जिद होते हुए खबा के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 2238300.00 | 44766.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| UDD/GMC/XI/2Nd Call/06/2024-25 | वार्ड नं0 34 पिपराढ़ोरा में मो0 सुल्तान के घर से मो0 इम्तियाज अंसारी के घर तक एवं हेटलापीट में मो0 इल्यास के घर से मो0 हैदर के घर होतु हुए मो0 टेनी मिस्त्री के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 2022500.00 | 40450.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| UDD/GMC/XI/2Nd Call/07/2024-25 | वार्ड नं0 12 बेंगाबाद मेन रोड से अनिल वर्मा के घर होते हुए महादेव सोरेन के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 989986.00 | 19800.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| UDD/GMC/XI/2Nd Call/08/2024-25 | वार्ड न0 35 डांडीडीह में मो0 नसरूद्दीन के घर से मो0 अजमुद्दिन के घर तक, निर्मल सोनार के घर से मौलाना के घर तक, मो0 मेहताब के घर से नासीर के घर होते हुए भलगढ़ा स्कूल तक टुण्डी रोड में सोनु के घर तक बबलु खान के घर होते हुए समीम के घर तक एवं टुण्डी मेन रोड कृष्ण देव सिंह के घर से राजेश दास के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 1910350.00 | 38207.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| UDD/GMC/XI/3Rd Call/09/2024-25 | वार्ड नं0 11 में निलबंजो के घर से विकास सिंह के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 359379.00 | 7188.00 | 1000.00 | 60 दिन |
| UDD/GMC/XI/3Rd Call/10/2024-25 | वार्ड नं0 24 में तेजु के घर से शकिल के घर होते हुए इब्राहिम के फैक्ट्री तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 904326.00 | 18087.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| UDD/GMC/XI/3Rd Call/11/2024-25 | वार्ड नं0 24 में आफान के घर से मिटकी तालाब होते हुए नसीम के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 998734.00 | 19975.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| UDD/GMC/XI/3Rd Call/12/2024-25 | वार्ड नं0 26 मिन्हाज के घर से मस्जिद के पिछे तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 697126.00 | 13943.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| UDD/GMC/XI/3Rd Call/13/2024-25 | वार्ड नं0 36 अजिडीह योगेन्द्र सिंह के घर से खटाल तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 805000.00 | 16100.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| UDD/GMC/XI/3Rd Call/14/2024-25 | वार्ड नं0 06 मदन बाबु के घर से ज्ञानेश्वर प्रसाद के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 726391.00 | 14528.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| UDD/GMC/XI/3Rd Call/15/2024-25 | किशुन मंडल के घर से हबलु/उपेन्द्र मंडल के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण। | 457645.00 | 9153.00 | 1000.00 | 60 दिन |
| UDD/GMC/XI/3Rd Call/16/2024-25 | वार्ड नं0 01 पेठियाटांड़ मंदिर से चैती दुर्गा मंडप तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 803596.00 | 16072.00 | 5000.00 | 60 दिन |

( नोटः– केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। अन्य सूचनाएँ वेवसाईट http:WWW.Jharkhandtenders.gov.in/ नगर निगम गिरिडीह के सूचना पट पर देखा जा सकता है। )

प्रशासक,
गिरिडीह नगर निगम।

PR 338320 (Urban Development) 24-25 (D)

# बीते 8 महीने में 742 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, 801 गिरफ्तार, 194 मारे गए

नई दिल्ली(ईएमएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी टीम के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, जनवरी से अब तक छत्तीसगढ़ के सुरक्षा बलों ने लगभग 194 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराए हैं। वहीं 801 नक्सली गिरफ्तार हुए एवं 742 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। उन्होंने कहा आज भी जो युवा नक्सलवाद में लिप्त है उनसे आग्रह है कि हथियार छोड़ कर मुख्य धारा से जुड़े। सभी राज्यों ने आपके पुनर्वास के लिए बेहतर योजनाएं बनाई हैं उसका फायदा लीजिए। देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में जारी नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियानों पर एक अहम बैठक नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया।

इस महत्वपूर्ण बैठक का केंद्र बिंदु छत्तीसगढ़ का हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ नक्सल विरोधी ऑपरेशन था, जिसमें राज्य की पुलिस ने 31 नक्सलियों को ढेर किया। इस ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ पुलिस की कुशल रणनीति और राज्य सरकार की योजनाओं की सफलता पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री नित्यानंद राय तथा छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में नक्सल ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे राज्य पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने महीनों की मेहनत और प्लानिंग के बाद इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। ऑपरेशन में करीब 1000 जवान शामिल थे, जिन्होंने 15 किलोमीटर के दायरे में स्थित गवाड़ी पहाड़ को घेरकर 31 नक्सलियों को ढेर किया। इस ऑपरेशन में कई बड़े नक्सली नेता मारे गए, जिनमें 16 पर कुल 1 करोड़ 30 लाख का इनाम घोषित था। मुठभेड़ में 18 पुरुष और 13 महिला नक्सली मारे गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने प्रजेंटेशन में बताया कि कैसे राज्य की पुलिस फोर्स ने सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। मुख्यमंत्री ने बैठक में केवल ऑपरेशन की सफलता पर ही नहीं, बल्कि राज्य में चल रहे विकास कार्यों पर भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि "नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों की गति बढ़ाई गई है। हम निरंतर गाँवों तक बुनियादी सुविधाएँ पहुंचा रहे हैं, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।" श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के लगातार मिल रहे मार्गदर्शन में हमने माओवादियों के कोर को तोड़ा। ऐसे एरिया में हमने 32 नये कैम्प स्थापित किये हैं, जिसे वो अपनी राजधानी तक कहते थे। उनकी बटालियन के कमांडर हिड़मा के गाँव में भी हमने कैंप स्थापित किया और वह ख़ुद उसकी माँ को भी स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ सरकार की आगे की योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार का मुख्य लक्ष्य नक्सलियों के बचे हुए गढ़ों को समाप्त करना और इन इलाकों में स्थाई शांति और विकास सुनिश्चित करना है। निकट भविष्य में, दक्षिण बस्तर में 29 नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना की जाएगी, ताकि नक्सलियों के प्रभाव को खत्म किया जा सके।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में हुए सफल ऑपरेशन की तारीफ करते हुए अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह किया कि वे भी छत्तीसगढ़ की खुफिया तकनीकी और आपसी समन्वय के आधार पर अपने अपने राज्यों में ऑपरेशन को अंजाम दे सकते हैं। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ सहित अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए पूरा समर्थन देगी।

## संक्षिप्त खबरें

### गिरिडीह में ठनका गिरने से दो मासूम की गई जान




गिरिडीह(ईएमएस)।गिरिडीह जिले के गावां थाना क्षेत्र के धरवे नावाडीह में मंगलवार को वज्रपात से दो मासूम बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम छा गया है। नावाडीह निवासी सोनू कुमार (10) वर्ष पिता रामप्रसाद यादव एवं बिराज कुमार (8) वर्ष पिता अखलेश यादव दोनो घर से कुछ दूरी पर खेल रहे थे। इसी बीच तेज हवा के झोंको के साथ बारिश होने लगी। दोनो बच्चे बारिश से बचने के लिए दौड़कर पास में पेड़ के नीचे जाकर खडे हो गए। इसी बीच अचानक तेज आवाज से साथ वृक्ष पर वज्रपात हो गया जिससे दोनो अचेत होकर वहीं गिर गए। आनन फानन में परिजनों ने दोनो को सीएचसी गावां लाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद दोनो को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार यादव समेत कई लोगों ने परिवार को ढाढस बंधाया है।

## विधायक राजेश कच्छप के द्वारा ताबड़तोड़ विकास योजनाओं के शिलन्यास

अनगड़ा(मोहसीनआलम):खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अनुशंसा पर स्वीकृत विभिन्न योजनाओं की शिलान्यास मंगलवार क्रो विधायक राजेश कच्छप के करकमलों द्वारा किया गया। जिसमें रिंग रोड करकट्टा से तक पीसीसी पथ का निर्माण, आरा बड़का टोली में अजय लिंडा के मुर्गा दुकान से शिलानंद टोप्पो के घर होते हुए भान्दु लोहार के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण, रांची पुरुलिया रोड से एनएच 4 रेलवे फ्लाईओवर से आरा टंगरा टोली भाया नया टोली तक पथ निर्माण, नामकुम प्रखंड के सिलवे पंचायत के ग्राम गढ़ा टोली में गुंगा नाला पर पुल निर्माण, हेसल पुरुलिया पथ लेढ़ा आम से हेसलजारा मुस्तफा अंसारी के खेत तक पथ निर्माण, राहे-राहे पथ से मसरीजारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, नारायण सोसो बुढ़ासराई से झरना पानी तक पथ निर्माण, राजाडेरा पंचायत के महुआढ़ीपा बि.टी. पथ महुआ पेड़ के समीप से भंवरढ़ीपा जतराटांड़ लूथरा मिंज के घर के समीप भाया ठड़घटिया तक पथ निर्माण, रांची पुरुलिया पथ से बीसा भाया सराईटोली चापुटोली डेलीपखना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, कुचू पंचायत अंतर्गत कामता पिपरा टोली से मुंडा टोली तक पथ निर्माण कार्य, बीसा सिरम टोली से डहुवाटोली भाया गुदलीटोली तक पथ निर्माण कार्य,बिरसा के छोटकी गोडांग तालाब रास्ता में गार्डवाल का निर्माण, अनगड़ा हुण्डरू पथ से बानादाग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, अनगड़ा हुण्डरू पथ से चापुटोली तक पथ निर्माण कार्य, अनगड़ा हुण्डरू पथ से सिरका नया टोली तक पथ का निर्माण कार्य, पुरुलिया रोड से लुपुंग बस्ती पुरुलिया रोड भाया बेड़वारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य एवं सिमलिया से लालगढ़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य को किया गया।

## दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां पूरी,भव्य पूजा पंडाल है लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। दुर्गा पूजा के त्योहार को लेकर बरकट्ठा प्रखंड में तैयारियां पूरी कर ली गई है। दुर्गा मंदिर बरकट्ठा में बनाया गया भव्य पूजा पंडाल लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र है।जबकि मां दुर्गा कि प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बुधवार सप्तमी को मां दुर्गा कि प्रतिमा का पट श्रद्धालुओं कि दर्शन के लिए खोल दिया जाएगा। दुर्गा पूजा पर्व को लेकर बरकट्ठा मंदिर को रंग बिरंगे लाईट से काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। वहीं एनएच दो पर पूरे बरकट्ठा मेन रोड में विद्युत सज्जा किया गया है। जबकि बरकट्ठा में चहुंओर बज रही धार्मिक गीतों से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। पूजा सफल बनाने में पूजा समिति एवं शोभा समिति के लोग जुटे हैं। बरकट्ठा के अलावे प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गैड़ा, गंगपाचो, कलहाबाद, बरवां, तुईयो , कपका,मासिपीडी, घंघरी, बंडासिंघा, बेलकप्पी समेत अन्य स्थानों पर मां दुर्गा कि प्रतिमा स्थापित किया गया है।साथ ही सभी स्थानों पर पूजा पंडाल का निर्माण किया गया है।

## तेली साहू समाज की विधानसभा स्तरीय हुई बैठक

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेड़ोकला में तेली साहू समाज की विधानसभा स्तरीय बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने कि व संचालन विवेक साव ने किया। मुख्य अतिथि राष्टीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, कोडरमा जिला अध्यक्ष किशोर साव, पूर्व मुखिया राजकुमार नायक मौजूद थे। सुनील साहू ने कहा कि भाजपा पुरे झारखंड तेली समाज को टिकट देने में सौतेला व्यवहार करती है. जबकि सदियों से यह समाज भाजपा को वोट करती आ रही है।अब तेली समाज किसी दल का बंधुआ वोटर नही रहेगा। यदि प्रदेश में आबादी के अनुसार टिकट नही देती है तो समाज भाजपा को वोट नही देने पर विचार कर सकती है।तेली समाज अपने हक और अधिकारों के प्रति जागरूक हो गयी है और गांव-गांव जाकर आम लोगों को जागरूक करेगी। इस अवसर पर बैठक में पूर्व मुखिया प्रतिनिधि देवीलाल साव, मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, श्यामा साव, रामप्रवेश साव, सतेन्द्र साव, गिरधारी नायक, महेश गुप्ता, भुनेश्वर साव, मुरली साव, रामचंद्र साव, समाज के बरकट्ठा अध्यक्ष शंकर साव, सचिव उमेश गुप्ता, गजेंद्र साव, पिताम्बर नायक, घनश्याम साव, सतीश शीतल, बजरंगी साव, अर्जुन साव, भोला नायक, सकलदेव नायक, रंजीत साव, छोटी साव, रोहित साव, लखन साव, सीताराम साव, बास देव साव, राजेन्द्र साव, रघुनंदन साव, ब्रह्मदेव नायक, जागेश्वर साव, रोहित साव समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर के तत्वाधान में जयराम महतो का पुतला दहन किया

रांचीः राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर के तत्वाधान में JLKM के अध्यक्ष जयराम महतो का पुतला दहन किया गया। जयराम महतो द्वारा देवघर में दिए गए भाषण के दौरान सर में भागवत गमछा एवं पैर के नीचे सरना गमछा को रखने को लेकर आदिवासी समाज में काफी आक्रोश है। यह गमछा आदिवासियों के मान सम्मान का प्रतीक है आज अपने सम्मानित जनों को सम्मान देने के लिए इस गमछा का इस्तेमाल किया जाता है पूजा करते समय इस गमछा का सम्मान पूर्वक इस्तेमाल किया जाता है आज इस गमछा को चाहे देश के प्रधानमंत्री हो या राज्य के मुख्यमंत्री हो या कोई भी गणमान्य व्यक्ति सम्मान पूर्वक धारण करता है। जिसका जयराम महतो द्वारा पहले पैरों तले रखना, आदिवासी भावनाओं को ठेस पहुंचती है एवं आदिवासी मान सम्मान का अनादर है। इसी बात को लेकर राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर शाखा द्वारा देशवाली सरना स्थल से पैदल मार्च पर सहजानंद चौक में जयराम महतो का पुतला दहन किया गया एवं इसके माध्यम से जयराम महतो को खुले मंच पर माफी मांगने को कहा गया। ऐसा नहीं करने पर आदिवासी समाज समझेगा कि जयराम महतो झारखंडी हक अधिकार, आदिवासियों के मान सम्मान की जो बात करते हैं वह एक ढोंग है, छलावा है।

## कार - ऑटो की भिड़ंत मदारी और दो बंदरों की मौत

उत्तर प्रदेश(ईएमएस)। उत्तर प्रदेश मे महोबा जिले के कबरई क्षेत्र मे कल देर रात एक कार और ऑटो की आमने -सामने हुयी जोरदार भिड़ंत मे एक मदारी और दो बंदरों की मौत हो गयी और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस उप अधीक्षक दीपक दुबे ने बताया की कानपुर -सागर राष्ट्रीय राज मार्ग मे बरबई के निकट हुये हादसे के समय कबरई निवासी मदारी रहमत शाह अपने परिवार के साथ ऑटो मे सवार होकर सीमावर्ती हमीरपुर जिले के मोदहा कस्बे को किसी काम से जा रहा था. तभी सामने से आई एक तेज रफ्तार कार ऑटो से टकरा गयी.दोनों गाड़ियों की यह टककर इतनी जोरदार थी की कार से टकराकर ऑटो बुरी तरह चकनाचूर हो गया और रहमत शाह व् उसके दोनों अनिल कपूर और श्रीदेवी नामक बंदर मोके पर ही मौत की गोद मे समा गए.रहमत शाह सड़क पर बंदरो का खेल दिखा कर अपने परिवार का पेट पालता था. पुलिस उप अधीक्षक ने बताया की घटना मे मदारी रहमत शाह की पत्नी मदनी और बहन लहिकन व् भतीजा चाँद गंभीर रूप से घायल हुये. जिनकी हालत नाजुक देख उन्हें इलाज के लिए तत्काल निकटवर्ती हायर सेंटर मेडिकल कॉलेज बांदा भेजा गया है. उन्होंने बताया की पुलिस ने दुर्घटना मे मृत रहमत शाह और दोनों बंदरो के शवों का पंचनामा भर पोष्ट मार्टम को पहुंचाया है और कार व् उसके चालक को अपने कब्जे मे ले लिया है. पुलिस घटना की पड़ताल कर रही है.उल्लेखनीय है की कानपुर -सागर राजमार्ग मे इन दिनों हर रोज हो रही दुर्घटनाओं के कारण इसे अब खुनी हाइवे कहा जाने लगा है.

## आयुष्मान का बढ़ेगा बजट, दूसरी बीमारियों का इलाज भी करा सकेंगे

नई दिल्ली(ईएमएस)। देश की सबसे लोकप्रिय आयुष्मान योजना में अब और भी सुधार होंगे। मसलन बजट बढ़ेगा और कुछ अतिरिक्त बीमारियों का इलाज भी आयुष्मान योजना के दायरे में आ जाएगा। इस आशय के संकेत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने दिए हैं। उन्होंने डब्ल्यूएचओ दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय समिति को संबोधित करते हुए सोमवार को कहा कि सभी को स्वास्थ्य कवर प्रदान करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप, केंद्र सरकार ने विश्व की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित आयुष्मान जन आरोग्य योजना शुरू की है। इस पहल में 120 मिलियन से अधिक परिवार शामिल हैं, अस्पताल में भर्ती होने पर प्रति परिवार 6,000 अमेरिकी डॉलर का वार्षिक लाभ प्रदान करते हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार ने हाल ही में इस योजना का विस्तार 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए किया है। नड्डा ने कहा कि इस विस्तार से 60 मिलियन बुजुर्ग आबादी सहित लगभग 45 मिलियन परिवारों को मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवरेज का लाभ होगा। यह भारत की बढ़ती बुजुर्ग जनसांख्यिकी के लिए सार्वभौमिक और समावेशी स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) से उत्पन्न होने वाली बढ़ती सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों को पहचानते हुए भारत उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय संबंधी बीमारियों जैसी स्थितियों से निपटने के लिए 2010 से एनसीडी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम लागू कर रहा है।

## जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव-2024 में इंडिया गठबंधन को प्रंचड बहुमत

रांचीः झारखंड प्रदेश कांग्रेस में अपराह्न 03:30 बजे जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव-2024 में इंडिया गठबंधन को प्रंचड बहुमत मिलने, हरियाणा में कांग्रेस का सीट बढ़ने एवं झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर को विधानसभा चुनाव में जीत मिलने की खुशी पर पटाखा फोड़कर जश्न मनाया तथां लोगों के बीच मिठाईयां बांटी गई। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहु, सतीश पॉल मुंजनी, सोनल शान्ति, राजन वर्मा, अमरेन्द्र सिंह, राजेश चन्द्र चौधरी, पप्पू अजहर, नेली नाथन, केदार पासवान, भानू प्रताप बडाईक, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, छोटू सिंह, भरत राउत, सच्चिदानंद पांडे, अमृत शुक्ला, जितेन्द्र त्रिवेदी, संजय कुमार, सोनी नायक, पंकज तिवारी, सुधीर चन्द्रवंशी, हसनैन जैदी, रामानंद केशरी आदि शामिल थे।

जम्मू कश्मीर एवं हरियाणा विधानसभा चुनाव नतीजे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि जम्मू कश्मीर में सरकार बनने से हम खुश हैं लेकिन हरियाणा के परिणामों से हम निराश हो सकते हैं हताश नहीं।

जम्मू कश्मीर के डोरू विधानसभा क्षेत्र से झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर की प्रचंड जीत पर उन्हें बधाई देते हुए श्री कमलेश ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में उनके मार्गदर्शन में कांग्रेस बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पिछली बार की अपेक्षा अत्यधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी। आगामी विधानसभा चुनाव में उनके नेतृत्व कौशल से निश्चित रूप से झारखंड में पुनः महागठबंधन की सरकार बनेगी। जम्मू कश्मीर में प्रचंड बहुमत के बाद हरियाणा से ऐसे परिणाम की अपेक्षा नहीं थी। दोनों राज्यों में विधानसभा सीटों की संख्या समान थी जम्मू कश्मीर में भाजपा कई सीटों पर चुनाव नहीं लड़ी थी तब वहां नतीजे की घोषणा तेजी से हुई लेकिन हरियाणा में नतीजो की घोषणा में देरी के पीछे क्या कारण है यह भी हरियाणा सहित देश की जनता जानना चाहेगी। कहा जा सकता है कि हरियाणा में "तंत्र जीत गया और लोकतंत्र हार गया"। झारखंड में आने वाले विधानसभा चुनाव में हरियाणा के नतीजे का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा हमारे हौसले बुलंद है।

## झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत तृतीय क़िस्त का भुगतान किया गया

हज़ारीबाग।उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में झारखंड सरकार का महत्वाकांक्षी योजना झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत तृतीय क़िस्त (अक्टूबर 2024) का भुगतान हेतु एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक, जिला परिषद उपाध्यक्ष व अन्य लाभुकों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर किया।झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत स्वीकृत 133909 लाभार्थियों के बीच कुल 13 करोड़ 39 लाख 9 हजार राशि का हस्तांतरण किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त,जिला स्तरीय पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों के द्वारा सांकेतिक रूप से 25 लाभुकों के बीच तृतीय किस्त का भुगतान हेतु प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लाभुकों को दुर्गापूजा की बधाई देते हुए कहा कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के तहत सभी स्वीकृत लाभार्थियों को तृतीय क़िस्त का भुगतान किया गया है। इस योजना से वंचित महिलाओं को भी बहुत जल्द योजना से जोड़कर उन्हें लाभान्वित किया जाएगा।कार्यक्रम में उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय के अलावे जिला के कई,पदाधिकारी,जन-प्रतिनिधि तथा कई लाभुक उपस्थित रहे।

## भाजपा के वैचारिक दिवालियापन का नमूना गोगो दीदी फार्म : विनोद कुमार

रांची। भाजपा द्वारा गोगो दीदी फार्म भरवाने पर सत्तारूढ़ झामुमो ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि यह भाजपा का एक और जुमला है। पेड़ पर कटहल और होंठ पर तेल वाली कहावत भाजपा पर चरितार्थ हो रही है। सत्ता से दूर रह कर भाजपा विचलित हो गई है और मुंगेरीलाल के हसीन सपने की तरह सरकार बनाने का असंभव सपना देख रही है। एक राजनीतिक दल के रूप में भविष्य में सरकार बनने पर योजना बनाने से पहले विपक्ष में रहते हुए फार्म भरवा कर भाजपा ने अपने वैचारिक दिवालियापन का नमूना पेश किया है। जुमलेबाजी भाजपा की रग - रग में रच - बस गया है। ये राज्य की भोली भाली जनता को ठगने की सोची समझी साजिश है। यह हर कोई समझ रहा है कि जनभावनाओं के अनुरूप, जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने वाले हेमंत सरकार की लोकप्रियता से भाजपा बौखलाहट में नैतिक - अनैतिक, उचित - अनुचित, संवैधानिक और असंवैधानिक के बीच का अंतर नहीं समझ पा रही है। केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा कानून का मखौल उड़ा रही है।

विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि जुमलेबाज भाजपा के नेता बताएं कि उनकी केंद्र की सत्ता पर काबिज सरकार हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने के वादे पर कितना कदम आगे बढ़ी। कितने युवाओं को देश में रोजगार दिया। विदेश में जमा भारत का काला धन वापस लाकर हर नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख रुपये देने के वादा का क्या हुआ। वैचारिक पतन की मारी भाजपा के देश भर के नेताओं के मुंह पर आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव का परिणाम एक जबरदस्त तमाचा होगा। जनता ही इन्हें सबक सिखाएगी। भाजपा के नेता लोगों को भ्रमित करने के लिए गोगो दीदी फार्म भरवा रहे हैं। एक ऐसा फार्म जिसमें खाता संख्या नहीं लिया जा रहा है।

## रामविलास पासवान की देश में मंडल कमीशन लागू कराने में भी उनकी अहम भूमिका रही थी : बीरेंद्र प्रधान



रांचीः लोकनायक जयप्रकाश नारायण और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर आज कृतज्ञ राज्य झारखंड ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश कार्यालय में आज यहां आयोजित कार्यक्रम में दोनों नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में दूसरी आजादी उनके कारण ही मिली थी। उन्होंने कहा कि तानाशाह इंदिरा सरकार को उखाड़ फेंकने और इमरजेंसी के खिलाफ जयप्रकाश नारायण ने जो अभियान चलाया था उसी का नतीजा है कि आज देश में लोकतंत्र मजबूत हुआ है। श्री प्रधान ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव गरीब, दलित, अल्पसंख्यक पिछड़ों और ऊंची जाति के गरीब लोगों के कल्याण के लिए काम किया था और आज भी उनके कामों को लोग याद करते हैं। उन्होंने कहा कि श्री पासवान न केवल वंचितों के आवाज थे बल्कि देश में मंडल कमीशन लागू कराने में भी उनकी अहम भूमिका रही थी। पार्टी कार्यालय में दोनों नेताओं के चित्रपर माल्यार्पण करने वालों में बीरेंद्र प्रधान के अलावा अभिषेक राय, उमेश तिवारी, ममता रंजन, उत्तम राय, आदित्य विजय प्रधान, संजीव द्विवेदी, शिवाजी कुमार, हफीजुल हसन, विष्णु सोनी,राजेश रंजन वर्मा, रामभवन, शिव तिवारीऔर रतन पासवान समेत अन्य नेता शामिल थे।

# मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो-3 से पहले ही दिन 15 हजार मुंबईकरों ने किया सफर

मुंबई, (ईएमएस)। मुंबईकरों को जिस मेट्रो-3 का इंतजार था, जो मुंबई के पेट से यानी अंडरग्राउंड से होकर गुजरती है। सोमवार को मुंबईवासी इस भूमिगत मेट्रो से गुजरने का अनुभव लेने के लिए तैयार हो गए। मेट्रो-3 ने भी मुंबईकरों का गर्मजोशी से स्वागत किया। पहले दिन 15 हजार 713 मुंबईकरों ने बीकेसी से आरे तक के सफर का लुत्फ उठाया। दरअसल मेट्रो-3 का पहला चरण सोमवार सुबह 11 बजे से यात्रियों के लिए खुल गया। सुबह के समय में ज्यादा भीड़ नहीं थी। लेकिन शाम के वक्त कई लोगों ने अंडरग्राउंड मेट्रो सफर का विकल्प चुना। यात्रियों का कहना था कि हम पिछले आठ साल से मेट्रो लाइन के चल रहे काम को देख रहे थी। आख़िरकार आज इस मेट्रो से सफर शुरू किया। मेट्रो का सफर बहुत ही आनंददायी और सुखदकारी रहा। बता दें कि बीकेसी से बांद्रा स्टेशन या कुर्ला स्टेशन तक पहुंचना एक बड़ा सिरदर्द वाला काम है। क्योंकि यहां यात्रियों को ऑटो रिक्शा चालकों की दबंगई सहनी पड़ती है। इसके अलावा टैक्सियों और बेस्ट बसों की सीमित संख्या के कारण भी मुंबईकरों को परेशानी हो रही थी।

### * अंडरग्राउंड मेट्रो के पहले चरण से बीकेसी के कर्मचारियों को हुआ फायदा



अंडरग्राउंड मेट्रो-3 के पहले चरण का उद्घाटन 5 अक्टूबर को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इसके बाद सोमवार से यात्रियों के लिए मेट्रो शुरू हो गई। बीकेसी से आरे जीवीएलआर तक के पहले चरण की यात्रा सोमवार से जोर-शोर से शुरू हो गई है। मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एमएमआरसी) ने इस रूट पर कुल दस स्टेशन बनाए हैं। साथ ही, बीकेसी में कार्यालय कर्मचारियों के लिए पश्चिमी उपनगरों में जाने के लिए यह अंडरग्राउंड मेट्रो-3 बहुत फायदेमंद रहा है। बताया गया है कि पहले दिन रात 9 बजे तक अंडरग्राउंड मेट्रो से 15,713 यात्रियों ने यात्रा की। बीकेसी के कर्मचारी वर्तमान में इस भूमिगत मेट्रो के पहले खंड से लाभान्वित हो रहे हैं। सोमवार को पहले दिन यात्रियों ने पश्चिमी उपनगरों में अपने घरों तक पहुंचने के लिए भूमिगत मेट्रो का लाभ उठाया। इस रूट में बीकेसी से आरे जेवीएलआर के बीच दस स्टेशन हैं, जैसे बीकेसी, बांद्रा कॉलोनी, सांताक्रूज मेट्रो, एयरपोर्ट टर्मिनल-1, सहार रोड, एयरपोर्ट टर्मिनल-2, मरोल नाका, एमआईडीसी- अंधेरी, सिप्ज़, आरे जेवीएलआर। टिकट की न्यूनतम कीमत 10 रुपये और अधिकतम 50 रुपये है। पहले चरण में बीकेसी से आरे जेवीएलआर स्टेशन तक 9 मेट्रो ट्रेनें हैं और औसतन हर 6 मिनट में एक ट्रेन चलती है। सोमवार शाम 6 बजे तक 8532 और रात 9 बजे तक 15,713 यात्रियों ने इस मेट्रो से यात्रा की है।

### * जल्द ही उपलब्ध होगी मोबाइल कनेक्टिविटी

भूमिगत मेट्रो-3 के यात्रियों को जल्द ही मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी मिलेगी।

हालाँकि, फिलहाल मोबाइल नेटवर्क टिकट खिड़कियों और कॉनकोर्स के पास उपलब्ध रहेगा। वाईफाई सेवा से उन्हें टिकट खरीदने में आसानी होगी। क्योंकि अभी यह सेवा टिकट खिड़कियों और कॉनकोर्स के पास उपलब्ध है, लेकिन भविष्य में यात्री प्लेटफॉर्म और सबवे पर भी वाई-फाई का उपयोग कर सकेंगे। यात्री मोबाइल एप्लिकेशन, टिकट काउंटर, टिकट वेंडिंग मशीन और एमएमआरसी वेबसाइट से एकतरफा और वापसी टिकट खरीद सकते हैं।

एमएमआरसी जल्द ही सभी स्टेशनों और ट्रेनों के अंदर विभिन्न सेवा प्रदाताओं से निर्बाध 4जी और 5जी मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे मेट्रो-3 मोबाइल ऐप मेट्रोकनेक्ट3 डाउनलोड करें।

### * मेट्रो का टाइम टेबल

सोमवार से शनिवार तक- पहली ट्रेन सुबह 6.30 बजे रवाना होगी और आखिरी ट्रेन रात 10.30 बजे रवाना होगी।

रविवार- पहली मेट्रो सुबह 8.30 बजे रवाना होगी और आखिरी ट्रेन रात 10.30 बजे रवाना होगी।

## मुख्यमंत्री को मॉब लिचिंग के पीड़ितो को चेक सौंपने पर मुस्लिम मजलिस मुशाविरत ने शुक्रिया अदा किया

रांचीः मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मॉब लिचिंग के पीड़ितो तथा झारखंड उत्पाद सिपाही शारिरीक दक्षता परिक्षा के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के शिकार युवाओं के परिजनों को आर्थीक सहयता हेतु 4-4 लाख रूपये की राशि का चेक प्रदान किया। मौके पर झारखण्ड उत्पाद सिपाही शारिरीक दक्षता परिक्षा में जान गंवाने वाले 15 युवाओं के परिजन तथा मॉब लिचिंग के कारण जान गंवाने वाले 28 तथा घायल 1वायक्ति को अश्रितो के बीच कुल 1 करोड़ 82 लाख रूपये की राशि का वितरण किया गया। झारखण्ड मुस्लिम मजलिस-ए-मुशावरत के कन्वेनर खुर्शीद हसन रूमी और कांग्रेस नेता मंजूर अहमद अंसारी ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि चिर पतिक्षित माँग को पुरा किया है। झारखंड राज्य की जनता तहे दिल से मुख्यमंत्री का शुक्रिया अदा करती है। साथ ही कहा कि हेमंत सरकार संवेदनशील, जिम्मेवकारियों का निर्वाहन कर रही है। माँब लिंचिग की घटनाएं दुःखदायी और दर्दनाक है। राज्य सरकार पिडीत परिवारो को हर सभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री जिस तरह आपने यह कार्य किया है आप बधाई के पात्र है। तथा एक महत्वपूर्ण मांग उर्दू टिचरो की बहाली का है। समय कम है, अगर संभव हो तो इसे भी पुरा कर दिया जाय। आपको सत्ता में वापसी से फिर कोई नहीं रोक सकता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### दिल्ली और गोड्डा के मध्य एक नई ट्रेन का परिचालन

हाजीपुर, (ईएमएस)। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर प्रयागराज-डीडीयू-गया-कोडरमा-न्यू गिरिडीह-मधुपुर-जसीडीह-देवघर के रास्ते दिल्ली और गोड्डा के मध्य एक नई ट्रेन 14049/14050 गोड्डा- दिल्ली-गोड्डा एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का परिचालन किया जायेगा। इस नई ट्रेन में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय एवं तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02-02, तृतीय वातानुकूलित इकोनोमी श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे। इस नई ट्रेन का शुभारंभ दिनांक 09.10.2024 को दिल्ली से गाड़ी सं. 04050 दिल्ली-गोड्डा उद्घाटन स्पेशल के रूप में किया जायेगा । दिल्ली से यह उद्घाटन स्पेशल 15.00 बजे खुलकर अगले दिन 03.45 बजे डीडीयू, 06.55 बजे गया, 08.25 बजे कोडरमा सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 15.45 बजे गोड्डा पहुंचेगी। इस ट्रेन का नियमित परिचालन दिल्ली से 14.10.2024 से प्रत्येक सोमवार को तथा गोड्डा से 16.10.2024 से प्रत्येक बुधवार को किया जायेगा। गाड़ी सं. 14050 दिल्ली-गोड्डा एक्सप्रेस दिनांक 14.10.2024 से प्रत्येक सोमवार को दिल्ली से 15.00 बजे खुलकर 17.33 बजे टुण्डला, 20.10 बजे कानपुर, 22.45 बजे प्रयागराज रूकते हुए अगले दिन 03.45 बजे डीडीयू, 04.35 बजे भभुआ रोड, 05.18 बजे सासाराम, 05.40 बजे डेहरी ऑन सोन, 06.55 बजे गया, 08.25 बजे कोडरमा, 10.00 जमुआ, 10.35 बजे न्यू गिरीडीह, 12.15 बजे मधुपुर, 13.10 बजे जसीडीह, 13.38 बजे देवघर, 14.02 बजे ककनी एवं 14.33 बजे हंसडीहा रूकते हुए 15.45 बजे गोड्डा पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी सं. 14049 गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस दिनांक 16.10.2024 से प्रत्येक बुधवार को गोड्डा से 10.00 बजे खुलकर 10.48 बजे हंसडीहा, 11.02 बजे ककनी, 11.43 बजे देवघर, 12.00 बजे जसीडीह, 12.45 बजे मधुपुर, 15.06 बजे न्यू गिरीडीह, 15.38 बजे जमुआ, 17.22 बजे कोडरमा, 18.50 बजे गया, 19.48 बजे डेहरी ऑन सोन, 20.05 बजे सासाराम, 20.35 बजे भभुआ रोड, 21.30 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 00.50 बजे प्रयागराज, 03.15 बजे कानपुर, 06.00 बजे टुण्डला रूकते हुए 09.10 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इस बात की जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र द्वारा जारी विज्ञप्ति में दी गई है।

### सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या

पटना, (ईएमएस)। बिहार में लगातार हत्या की घटनाएं सामने आ रही है। बेखौफ बदमाशों द्वारा लगातार आपराधिक वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। हाल ही में पटना सिटी में सुबह के वक्त हत्या का मामला सामने आया था फिर कुछ दिन पहले ही मुंगेर में आरजेडी नेता को मॉर्निंग वॉक के दौरान ही बदमाशों ने गोली मारी थी। इसके अलावा अन्य जिलों में भी हत्या की घटनाएं सामने आ चुकी है और अब एक बार फिर पटना में सुबह के वक्त हत्या से सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार तड़के पटना में अज्ञात बदमाशों ने एक सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र के बजरंगपुरी इलाके की है। मृतक का नाम राजीव कुमार गुप्ता है और वे बजरंगपुरी इलाके के ही रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार हर दिन की तरह मंगलवार को भी सुबह करीब साढ़े चार बजे वे अपने घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। मॉर्निंग वॉक के दौरान ही अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि सुबह करीब पांच बजे जब राजीव गुप्ता मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। इसी दौरान दो अज्ञात लोग उनके साथ-साथ पैदल ही मॉर्निंग वॉक करने लगे। कुछ दूर चलने के बाद उन दोनों अज्ञात शख्स ने उनके सिर में एक गोली मारी जिसके बाद वह गिर गए। घटना के बाद बदमाश वहां से भाग निकले। इस बीच स्थानीय लोगों ने गुप्ता को नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अज्ञात लोगों ने राजीव गुप्ता का मर्डर किस कारण से किया इसके बारे में अभी पता नहीं चला है। उधर परिजनों ने भी अभी किसी पर आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लाखों की स्मैक के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

बिहटा (ईएमएस)। बिहार की राजधानी पटना और उसके आसपास के इलाकों में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए बिहटा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान अमनाबाद गांव के बांध के पास पुलिस ने एक बाइक सवार 2 युवकों को संदिग्ध हालत में देखा और तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से हजारों स्मैक की पुड़िया मिली जिनका वजन 250 ग्राम है। इस स्मैक की कीमत बाजार में करीब 6 लाख रुपए आंकी गई है।गिरफ्तार तस्करों की पहचान राहुल कुमार व मनीष कुमार पटना के रूप में हुई है। पुलिस ने तस्करों से बाइक भी जब्त कर ली है। दानापुर डीएसपी टू पंकज कुमार मिश्रा ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध नशा कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ की जा रही है व उनके आपराधिक इतिहास की जांच कर रहे हैं।

### रिटायर्ड सरकारी कर्मी की हत्या

पटना (ईएमएस)। बिहार में बदमाश बेखौफ हैं। ताजा मामला राजधानी पटना में 8 अक्तूबर की सुबह एक रिटायर्ड सरकारी कर्मी की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक यह घटना पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र के बजरंगपुरी इलाके की है। मृतक की पहचान राजीव कुमार गुप्ता के रूप में हुई है जो कि सरकारी नौकरी से हाल ही में सेवानिवृत्त हुए थे। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजीव कुमार घर से सुबह की सैर करने के लिए निकले थे। इसी दौरान 2 बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली उनके सिर में लगी। गोली लगने से वह जमीन पर गिर गए। फिर बदमाश फरार हो गए। आनन फानन में एनएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या के कारणों का पुलिस पता लगाने में जुट गई है।

### तेजस्वी के बंगले पर खर्च राशि की जांच की मांग

पटना (ईएमएस)। पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के हाल में खाली किए गए सरकारी बंगले से सामान गायब होने के आरोपों के बीच केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बंगले पर खर्च की गई राशि की जांच की मांग की है। बिहार के बेगूसराय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले गिरिराज सिंह ने कहा कि राजनीतिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए इस तरह का घटियापन उचित नहीं हैं। तेजस्वी यादव के बंगले पर कितनी रकम खर्च हुई इसकी जांच के लिए एक जांच समिति बनानी चाहिए और मामला दर्ज करना चाहिए।बता दें कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने तेजस्वी यादव के हाल में खाली किए बंगले से सामान चोरी होने का आरोप लगाया है। अब गिरिराज का बयान आया है। यह बंगला तेजस्वी को राज्य का उपमुख्यमंत्री रहने के दौरान आवंटित किया गया था। राष्ट्रीय जनता दल ने आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि राजग तेजस्वी और लालू प्रसाद को नौकरी के बदले जमीन घोटाले में दिल्ली की एक अदालत से जमानत मिलने पर हताश है।

### पुलिस पर वारंटी के परिजनों का हमला, कई घायल

समस्तीपुर (ईएमएस)। बिहार के समस्तीपुर में पुलिस पर वारंटी के परिजनों ने हमला कर दिया। इस हमले में 3 पुलिसकर्मियों समेत कई लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मुसरीघरारी थाना अध्यक्ष अपनी टीम के साथ हरपुर ऐलौथ के औद्योगिक क्षेत्र में अनुमंडल नायक दंडाधिकारी के आदेश पर वारंटी को जब गिरफ्तार कर वाहन में बैठाने की कोशिश कर रहे थे तो उसके बेटे, पत्नी व फैक्ट्री के कामगारों ने कांच की बोतल, ईंटों और डंडे लेकर पुलिस पर हमला कर दिया। लोगों ने वारंटी को पुलिस के कब्जे से छुड़ाने की कोशिश भी की।झड़प में 3 पुलिसकर्मी, सरकारी वाहन का चालक और एक अधिकारी घायल हुए हैं। सभी घायलों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। वहीं कामगारों का भी आरोप है कि पुलिस ने उन पर लाठी चलाई। इस दौरान गांव के भी कई लोग घायल हो गए। इनका भी इलाज चल रहा है। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने इस घटना को स्वीकार करते हुए कहा कि पुलिस टीम पर हमले के मामले में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और उचित कानूनी कार्रवाई भी करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी वारंटी के घर पर उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर शराब बरामद की थी। जिसके खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वारंटी के पुत्र ने घटना के संबंध में बयान दिया कि जब पुलिस उनके घर पर आई और उनके पिता को पकड़कर ले जाने लगी तो उन्होंने वजह पूछी।

# मेरे पिता के बाद प्रधानमंत्री मोदी ही मेरे आदर्शः चिराग

### चिराग ने एग्जिट पोल को दरकिनार कर कहा- हर किसी को अपनी मेहनत पर भरोसा होना चाहिए



पटना (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में सार्वजनिक जीवन में 23 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि उनके पिता, रामविलास पासवान के बाद, पीएम मोदी ही हैं जिन्हें वह राजनीति में अपना आदर्श मानते हैं। पटना में मीडिया से बात करते हुए चिराग ने कहा कि यह किसी से छिपा नहीं है कि मैं पीएम मोदी के प्रति कितना सम्मान और प्यार रखता हूं। जब आपके आदर्श का अनुभव नई ऊंचाइयों तक पहुंचता है, तो यह स्वाभाविक है कि आपको खुशी होती है। चिराग पासवान ने जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों के नतीजों को लेकर भी अपनी राय व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एनडीए और बीजेपी ने कड़ी मेहनत की है और उन्हें विश्वास है कि दोनों जगहों पर सरकार बनेगी। उन्होंने एग्जिट पोल और सर्वे रिपोर्ट को दरकिनार करते हुए कहा कि हर किसी को अपनी मेहनत पर भरोसा होना चाहिए। हम चुनावों में अपनी ताकत दिखाएंगे। जमीन के बदले नौकरी मामले में लालू प्रसाद को जमानत मिलने के बारे में चिराग पासवान ने कहा कि यह एक अच्छी बात है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी को न्याय प्रणाली पर भरोसा रखना चाहिए। अगर आप निर्दोष हैं तो आपको डरने की जरूरत नहीं है। यदि आपने कोई अपराध नहीं किया है, तो आपको चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के बारे में चिराग ने बताया कि उनकी पार्टी (लोजपा-रामविलास) पूरी तरह से तैयार है और 28 नवंबर को पटना के गांधी मैदान में एक बड़ी रैली का आयोजन करेगी। झारखंड विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी की भूमिका के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे गठबंधन सहयोगियों, विशेषकर बीजेपी के साथ चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की है। चिराग पासवान ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी ज्यादा सीटों की मांग नहीं करती है। उनका मुख्य उद्देश्य एनडीए को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि हमने जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में चुनाव नहीं लड़ा। लेकिन झारखंड में हम गठबंधन के साथ चुनाव लड़ना चाहते हैं। वहां पार्टी ने काफी मेहनत की है और हम अपना योगदान देना चाहते हैं। इस प्रकार चिराग पासवान ने पीएम मोदी की प्रशंसा के साथ-साथ आगामी चुनावों में अपनी पार्टी की रणनीति और एनडीए को मजबूत करने के अपने इरादे को स्पष्ट किया। उनका यह बयान आगामी चुनावों के लिए उनकी सक्रियता और पार्टी की दिशा को दर्शाता है।

### रजरप्पा की तर्ज पर बना मां छिन्नमस्तिका मंदिर

मुजफ्फरपुरः मुजफ्फरपुर जिले में स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर, झारखंड के रामगढ़ जिले में स्थित प्रसिद्ध रजरप्पा छिन्नमस्तिका मंदिर की तर्ज पर बना है। यह मंदिर न केवल आस्था का एक प्रमुख केंद्र है, बल्कि तंत्र और विज्ञान पद्धति पर आधारित एक अद्वितीय मंदिर भी है। साल भर यहां भक्तों का तांता लगा रहता है और विशेषकर नवरात्र के अवसर पर यहां श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है। मुजफ्फरपुर जिले के कांटी प्रखंड में स्थित इस शक्तिपीठ को राज्य का पहला और देश का दूसरा छिन्नमस्तिका मंदिर माना जाता है। जानकारी के मुताबिक, यह मंदिर 2003 में प्राण-प्रतिष्ठा के साथ स्थापित किया गया था, जिसके निर्माण की प्रेरणा महात्मा आनंद प्रियदर्शी को माता छिन्नमस्तिका से मिली। उनके दीर्घकालीन तप और साधना के बाद माता ने उन्हें यह मंदिर बनाने की प्रेरणा दी, ताकि उत्तर बिहार के लोग बिना झारखंड स्थित रजरप्पा गए भी मां के दर्शन कर सकें।


# निषाद समाज अपना भविष्य खुद तय करेगाः पूर्व मंत्री सहनी

### सहनी ने कहा, निषाद समाज 4 नहीं 40 विधायक बनाएगा




पटना (ईएमएस)। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख एवं बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने कहा कि होने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी ताकत से सरकार बनाएंगे और समाज में बराबरी का हक पाएंगे। सहनी ने कहा कि निषाद समाज अपना भविष्य खुद तय करेगा, चार नहीं 40 विधायक बनाएगा। सिर्फ झूठ बोलकर जनता को गुमराह करना यह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग ) सरकार का काम है। चुनाव आते ही यह केंद्र की सत्ता में बैठे बड़े ओहदे के लोग गरीबों को गुमराह करकर राज करते हैं। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और तानाशाही अपने चरम सीमा पर है। इनकी पार्टी में हत्या, दंगा करवाने वाले लोग भी सत्ता में बैठे हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) इन सबसे तो लोगों का भरोसा ही उठ गया है। आए दिन जो इनके खिलाफ आवाज उठाएगा, यह लोग झूठे केस में फंसाकर उनको जेल भेज रहे हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि आज जरूरत है कि अति पिछड़ा समाज के लोग एकजुट हों और अपने अधिकार और हक की लड़ाई को बुलंद करें। पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने कहा कि इस कार्य में हो सकता है कि व्यक्तिगत रूप से कुछ नुकसान उठाना पड़े, लेकिन अगर हमलोग अपने अधिकार को नहीं ले सके तो आने वाली पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि अगर हम लोगों ने अपनी पार्टी का विलय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में कर दिया होता तो आज भी मैं राज्य में नहीं केंद्र में मंत्री होता लेकिन यह अपने ही समाज को धोखा देने वाली बात होती। उन्होंने कहा आज वीआईपी जो भी है, वह अतिपिछड़ा समाज के लोगों के समर्थन के कारण है। सहनी ने कहा कि आज निषाद समाज की दुर्दशा का कारण सरकार में बैठे लोग हैं। वे निषाद समाज के लोगों के लिए कोई व्यवस्था नहीं, न रोजगार, न मछली बिक्री के लिए बाजार न कोई सरकारी मदद कर रहे हैं। इस बार निषाद का बेटा अपनी ताकत से सरकार बनाएगा और समाज में बराबरी का हक पाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम अतिपिछड़ा समाज के राजनैतिक भविष्य को तय करेगा।

# नवरात्रि के मौके पर अपनी 'महिला शक्ति' को दिखा रही बिहार पुलिस




पटना : बिहार पुलिस ने इस नवरात्रि के मौके पर एक खास सोशल मीडिया कैंपेन शुरू किया है, जिसका नाम है 'वो शक्ति है'। इस कैंपेन के जरिए पुलिस अपनी महिला कर्मियों की भूमिका को दुर्गा के नौ रूपों से जोड़कर प्रस्तुत कर रही है। बिहार पुलिस का यह प्रयास समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और उनकी सुरक्षा तैयारियों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

#### महिला पुलिसकर्मियों की बढ़ती भागीदारी

बिहार पुलिस में महिला कर्मियों की संख्या अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है। इसी को ध्यान में रखते हुए, पुलिस ने एटीएस, ट्रैफिक पुलिस, जीआरपी, एसटीएफ, एसडीआरएफ और ईआरएसएस जैसी इकाइयों में काम कर रही महिला कर्मियों को इस कैंपेन के तहत लोगों के सामने प्रस्तुत किया है। इन वीडियो के जरिए दिखाया जा रहा है कि किस तरह ये महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में कुशलता से काम कर रही हैं। चाहे वह आतंकी विरोधी अभियान हो, यातायात व्यवस्था हो या आपातकालीन सेवाएं प्रदान करना हो।

#### सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान

बिहार पुलिस ने हाल के दिनों में सोशल मीडिया को जागरूकता फैलाने का एक प्रमुख साधन बनाया है। ट्रैफिक नियमों, साइबर अपराधों और त्योहारों के दौरान सुरक्षा उपायों को लेकर जनता को सतर्क करने के लिए निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं। पुलिस मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेंटर के एसपी विशाल शर्मा ने एक वीडियो शेयर करते हुए महिला कर्मियों की बहादुरी को सराहा और उन्हें नारी शक्ति का प्रतीक बताया।

#### लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया

बिहार पुलिस द्वारा जारी किए गए इन वीडियो पर लोगों की तारीफें मिल रही हैं। खासकर नवरात्र के दौरान महिला पुलिसकर्मियों की शक्ति और सेवा को दिखाकर पुलिस ने एक सराहनीय पहल की है। लोगों का कहना है कि इस तरह की सकारात्मक कहानियों से समाज में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। अब तक दुर्गा के छह रूपों को दिखाया गया है और लोग बाकी वीडियो का भी इंतजार कर रहे हैं।

# युवक की हैदराबाद में मौत, शव बक्सर पहुंचते ही मचा कोहराम




बक्सर : बक्सर जिले के तिलक राय हाता ओपी क्षेत्र के बड़का राजपुर गांव के एक युवक की हैदराबाद में इलाज के दौरान मौत हो गई, जिसे लेकर परिवार ने हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के परिजनों का दावा है कि गांव के ही दो युवकों ने युवक के गुप्तांग में हाई प्रेशर एयर पाइप लगाकर उसकी हत्या की है। पुलिस ने मामले की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की सच्चाई का पता चलेगा।

#### परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

मृतक के पिता संतोष रावत ने आरोप लगाया कि उनके बेटे को गांव के ही दो युवक लक्ष्मण यादव और अंकित यादव काम के बहाने हैदराबाद ले गए थे। वहां किसी विवाद के बाद 25 सितंबर 2024 को फैक्टरी में काम करते समय आरोपियों ने उनके बेटे के गुप्तांग में हाई प्रेशर एयर पाइप लगा दिया, जिससे उसका पेट फट गया। फैक्टरी के अधिकारियों ने तुरंत उसे अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन पांच अक्तूबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

#### आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

मृतक के परिजनों की शिकायत पर तिलक राय हाता ओपी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों को सौंप दिया है। ओपी प्रभारी लाल बाबू सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की सही जानकारी सामने आ सकेगी। फिलहाल, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और घटना की गहराई से जांच कर रही है।

#### धमकियों का सामना कर रहे परिजन

मृतक के पिता संतोष रावत का कहना है कि आरोपियों के परिवार वाले उन्हें शिकायत दर्ज कराने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं। इस मामले में परिजनों की सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं जताई जा रही हैं।पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस हत्या के आरोपों की पुष्टि कर सकेगी और आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, यह घटना पूरे गांव में सनसनी फैला चुकी है और परिजन न्याय की उम्मीद में पुलिस की जांच पर निगाहें टिकाए हुए हैं।

### बुज़ुर्ग की हत्या

मधेपुरा : मधेपुरा जिले के भर्राही थाना क्षेत्र के यदावनगर में सोमवार की रात अपराधियों ने एक वृद्ध की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजनों को घटना की जानकारी सुबह में मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान यादवनगर वार्ड छह निवासी 75 वर्षीय रघुनी यादव के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि रघुनी यादव सोमवार की रात खाना खाकर दरवाजे पर बने मचान पर सो रहे थे। देर रात अज्ञात अपराधियों ने उनके सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। सुबह में जब उनकी बहु दरवाजा पर झाड़ू लगा रही थी तो मचान से खून टपकते हुए देखा। इसके बाद उन्होंने शोर मचाया। परिजन जब मचान पर सोए रघुनी यादव के ऊपर से कपड़ा को हटाया तो देखा कि उनके सिर में गोली लगी है। लोगों ने घटना की जानकारी भर्राही थाना को दी।

# सियार के हमले से कई ग्रामीण घायल, गुस्साए लोगों ने एक सियार को उतारा मौत के घाट



मुंगेर : मुंगेर जिले के असरगंज प्रखंड के कई गांवों में सियार के आतंक ने ग्रामीणों को परेशान कर रखा है। पिछले 24 घंटों के दौरान सियार ने छह से अधिक ग्रामीणों पर हमला किया, जिनमें बच्चे, महिलाएं और पुरुष शामिल हैं। बेराय, पंसाय और सजुआ गांवों के लोग सियार के इस हमले का शिकार हुए हैं। हालात इतने खराब हो गए कि ग्रामीणों को एक सियार को मार गिराना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, सियार के हमले की सबसे बड़ी घटना सजुआ गांव में घटी। जहां घास काटने गईं दो सगी बहनों को सियार ने निशाना बनाया। हालांकि गांववालों की सूझबूझ से दोनों बहनें सियार के हमले से बचाई जा सकीं, लेकिन वे घायल हो गईं। इसी प्रकार पंसाय गांव में भी सियार ने एक बच्चे और उसकी मां तथा बहन पर हमला कर दिया। सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असरगंज में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें इलाज के बाद घर भेज दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि सियार का एक झुंड इलाके में सक्रिय है और मौका मिलते ही अकेले लोगों पर हमला कर रहा है, चाहे वे घरों में हों या खेतों में काम कर रहे हों। इस हमले से परेशान ग्रामीणों ने आत्मरक्षा के लिए एक सियार को मार डाला। इसके बावजूद सियार का आतंक कम नहीं हुआ है और लोग अब भी दहशत में हैं।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असरगंज के चिकित्सक मानस श्री ने बताया कि सियार ने जिन ग्रामीणों पर हमला किया, उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। हालांकि प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को घर भेज दिया गया है। चिकित्सकों ने सियार के काटने के मामले में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है, ताकि संक्रमण से बचा जा सके।इस घटना से ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। सियार के लगातार हमलों से गांववाले डरे हुए हैं और उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए अतिरिक्त उपाय अपनाने पड़ रहे हैं। प्रशासन से इस समस्या के समाधान के लिए मदद की अपील भी की जा रही है।

### चिमनी भट्ठा के गड्ढे में डूबने से बुज़ुर्ग की मौत

सहरसा : सहरसा जिले के पस्तपार थानाक्षेत्र के ठाढी गांव में चिमनी भट्ठा के गड्ढे में डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। यह घटना सहरसा जिले के पस्तपार थानाक्षेत्र के ठाढ़ी गांव वार्ड-5 की है। वहीं, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। मृतक की पहचान पूरन पासवान (60) के रूप में हुई है। परिजनों का कहना है कि पूरन पासवान सोमवार की शाम भैंस चराने गए थे। मृतक के बेटे बिजेन्दर पासवान ने बताया कि मेरे पिताजी भैंस चराने चिमनी भट्ठा पर गए हुए थे। चिमनी भट्ठा के पास गड्ढा था, उसी में पैर फिसलने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से डूबने से उनकी मौत हो गई। मौत की खबर तब मिली जब भैंस वापस घर आई और मेरे पिताजी नहीं आए। उसके बाद हम लोग खोजने निकले। खोजबीन के दौरान देर रात चिमनी भट्ठा के बगल वाले गड्ढे से उनको निकाला गया। उसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। इधर, पस्तपार थानाध्यक्ष पंकज यादव ने बताया कि एक बुजुर्ग की पानी में डूबने से मौत की सूचना मिली है। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतक का भतीजा श्रवण कुमार पस्तपार थाने में चौकीदार है।

### यूट्यूबर की मौत की गुत्थी उलझी

बेगूसराय : बेगूसराय में एक यूट्यूब चैनल चलाने वाले युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना मुफस्सिल थानाक्षेत्र के सांख तरैया वार्ड-1 की है। मृतक युवक की पहचान सांख तरैया वार्ड-1 निवासी दिलीप चौधरी के बेटे सोनू कुमार के रूप में की गई है। इस घटना को मृतक के पिता दिलीप चौधरी ने बताया कि कोई उसे घर से बुला कर ले गया, उसके बाद वह घर वापस लौटा। उन्होंने बताया कि जब घर लौट के आया तो वह काफी बेचैन था। बेचैन होने के बाद वह चापाकल पर स्नान करने के लिए गया। वहीं चापाकल पर स्नान करने के दौरान ही उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वह काफी स्वस्थ था। लेकिन अचानक उसकी मौत कैसे हो गई, यह समझ में नहीं आ रहा है। परिजनों ने बताया कि सोनू संजू म्यूजिकल वर्ल्ड के नाम से यूट्यूब चैनल चलाता था। संजू म्यूजिकल वर्ल्ड यूट्यूब चैनल उस इलाके में काफी प्रसिद्ध था। फिलहाल यूट्यूबर की मौत के बाद इलाके में काफी चर्चा हो रही है। वहीं, घटना की सूचना पर मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फिर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई। मुफस्सिल थाना अध्यक्ष ने बताया कि यूट्यूब चैनल चलने वाले युवक की मौत हुई है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का खुलासा हो पाएगा।

### बीपीएससी 69वीं सीसीई भर्ती के साक्षात्कार का कार्यक्रम घोषित

पटना : बिहार लोक सेवा आयोग ने 69वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के साक्षात्कार का कार्यक्रम जारी कर दिया है। जो भी उम्मीदवार एकीकृत 69वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल हुए और योग्य घोषित किए गए थे, उन्हें अब साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा। योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट bpsc.bih.nic.in. पर जाकर साक्षात्कार कार्यक्रम देख सकते हैं। आयोग ने इंटरव्यू लेटर भी जारी कर दिए हैं। जारी नोटिस के अनुसार, योग्य उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार का आयोजन 15 अक्तूबर से 30 अक्तूबर, 2024 के बीच किया जाएगा। 69वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा, वित्तीय प्रशासनिक पदाधिकारी एवं समकक्ष मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा एवं पुलिस उपाधीक्षक (परिचालन) एवं पुलिस उपाधीक्षक (तकनीकी) मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा के अन्तर्गत सफल घोषित उम्मीदवारों को तय तिथियों पर साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा। बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए काम की खबर है। बीपीएसपी ने पीटी परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है। परीक्षा अब 17 नवंबर के जगह 13 दिसंबर से 14 दिसंबर के बीच संभावित है।

# विकास यात्रा: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 23 वर्षों की उपलब्धियों का जश्न

## "विकास सप्ताह उत्सव" के अंतर्गत गुजरात सरकार कर रही है "विकास यात्रा" का आयोजन

### राज्य के 23 प्रतिष्ठित स्थलों पर जाएगी यह "विकास यात्रा"



गांधीनगर (ईएमएस)| प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में 7 अक्टूबर को अपने जन सेवा काल के 23 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इन 23 वर्षों के उनके उल्लेखनीय सार्वजनिक जीवन के सम्मान में, गुजरात सरकार "विकास सप्ताह उत्सव" के अंतर्गत 7 से 15 अक्टूबर तक "विकास यात्रा" का आयोजन कर रही है। यह विकास यात्रा गुजरात के उन 23 प्रतिष्ठित स्थानों से होकर गुजरेगी, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी कर्मठता और अपने दृढ़ संकल्पों से विकास की दृष्टि में एक विशिष्ट पहचान दिलाई है। इन सभी 23 प्रतिष्ठित स्थलों में से प्रत्येक का गुजरात के पर्यटन, बुनियादी ढांचे, औद्योगिक विकास, धरोहर संरक्षण और शहरीकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस विकास यात्रा का उद्देश्य पीएम नरेन्द्र मोदी के विकासात्मक उपलब्धियों को प्रदर्शित करना और इन परियोजनाओं से गुजरात आर्थिक-सामाजिक परिवेश में आए सकारात्मक बदलाव को जनता तक पहुँचाना है। इन स्थलों में से कुछ मुख्य की बात करें तो इनमें विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, शहरी पनुरुत्थान के मॉडल के रूप में विख्यात अहमदाबाद रिवरफ्रंट, विश्व का सबसे बड़ा ऑफिस कॉम्प्लेक्स डायमंड बोर्स और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कन्वेन्शन सेन्टर के तौर पर अपनी प्रमुख पहचान बना चुका महात्मा मंदिर, जैसे आइकॉनिक साइट्स शामिल हैं। वहीं, इनमें कुछ विरासत स्थल भी शामिल हैं जिनमें मोढेरा सूर्य मंदिर, वडनगर मठ, और द्वारका सुदामा पुल प्रमुख हैं जिन्हें नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर पर्यटन और संस्कृति के प्रमुख केंद्रों में परिवर्तित किया है। इसके अलावा, भारत की फिनटेक कैपिटल बन चुकी GIFT सिटी और अहमदाबाद स्थित देश की प्रस्तावित पहली बुलेट ट्रेन के एक स्टेशन साबरमती रेलवे स्टेशन जैसी अति आधुनिक परियोजनाओं को भी इस विकास यात्रा के गंतव्यों में शामिल किया गया है। इसी तरह, यह विकास यात्रा कई अन्य महत्वपूर्ण स्थानों जैसे पावागढ़ जो 51 शक्तिपीठों में से एक है और जहाँ प्रधानमंत्री जी ने 500 साल बाद ध्वजारोहण किया था, 2011 में स्थापित उस समय में देश का सबसे पहला सोलर पार्क चारणका और 2001 में कच्छ में आए भयावह भूकंप की स्मृति में बनाया गया स्मृति वन स्मारक जिसे इसी साल जून महीने में प्रतिष्ठित प्रिक्स वर्सेल्स म्यूजियम, 2024 के लिए विश्व चयन में भी शामिल किया गया है, ये सभी शामिल हैं। इस तरह से यह विकास यात्रा आधुनिक विकास परियोजनाओं, तीर्थ स्थानों, और सांस्कृतिक-विरासत स्थलों से होकर गुजरेगी। ये सभी स्थान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता, राज्य में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों, और पिछले 23 साल में उनके विभिन्न प्रयासों से आए उल्लेखनीय उपलब्धियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये स्थान प्रधानमंत्री श्री मोदी की आधुनिकता और परंपरा के संयोजन की प्रतिबद्धता और सतत विकास को बढ़ावा देने के संकल्प को भी दर्शाते हैं। इस विकास यात्रा में प्रत्येक 23 स्थलों पर गाइडेड टूअर्स की व्यवस्था होगी और साथ ही, यहाँ सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ व प्रदर्शनियाँ आयोजित की जाएंगी।

इस आयोजन में राज्य और देश भर से नागरिकों, सरकारी अधिकारियों और पर्यटकों के भाग लेने की उम्मीद है। गुजरात सरकार द्वारा मनाया जा रहा विकास सप्ताह उत्सव, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और राष्ट्र-निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का उत्सव है, और इसके अंतर्गत हो रही विकास यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के 23 वर्षों की सार्वजनिक सेवा के दौरान प्राप्त उपलब्धियों को सम्मानित किया जा रहा है। यह यात्रा भारत के विकास के भविष्य की एक झलक प्रदान करेगी, साथ ही गुजरात के विकास व नवाचार मॉडल की सराहना करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### नहीं खुल रहा इंस्ट्राग्राम, 64 प्रतिशत यूज़र हो रहे परेशान

नई दिल्ली (ईएमएस)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्ट्राग्राम में फिर से आउटेज की खबरें आ रही हैं। देशभर के कई यूजर्स ने शिकायत कर कहा कि उन्हें इंस्ट्राग्राम पर एक्सेस करने में दिक्कत हो रही है। इसकी पुष्टि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर भी की गई है, जहां कई यूजर्स ने इसकी जानकारी दी है। यूजर्स को इंस्ट्राग्राम एप खोलते वक्त एरर मैसेज मिल रहे हैं। यह समस्या एंड्रॉइड और आईओस दोनों वर्जन पर देखी गई है। यहां तक कि इंस्ट्राग्राम की वेब वर्जन पर भी यही समस्या आ रही है। कई रिपोर्ट्स आई हैं। करीब 64 प्रतिशत यूजर्स ने लॉगिन संबंधित समस्याओं की जानकारी दी है, 25 प्रतिशत यूजर्स सर्वर कनेक्शन की समस्या बता रहे हैं, और बाकी एप से संबंधित शिकायतें हैं। अब तक मेटा ने आउटेज को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। साथ ही इस समस्या के पीछे के कारणों का भी खुलासा नहीं किया गया है।

### गांधीधाम के निकट से 120 करोड़ की कोकीन के 10 पैकेट लावारीस स्थिति में बरामद

अहमदाबाद (ईएमएस)| गुजरात में फिर एक बार नशीले पदार्थ के नशीले पैकेट बरामद हुए हैं| कच्छ के गांधीधाम के निकट तालाब के किनारे पर झाडियों में छिपाए गए कोकीन के 10 पैकेट बरामद हुए हैं| जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 120 करोड़ रुपए बताई जाती है| कच्छ पूर्व के एसपी सागर बागमर के मुताबिक पूर्व सूचना के आधार पर गांधीधाम बी डिवीजन पुलिस ने खारीरोहर सीमा स्थित तालाब के निकट बबूल की झाड़ियों के बीच से कोकीन के 10 पैकेट बरामद किए हैं| बरामद हुई 12 किलोग्राम कोकीन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत रु. 120 करोड़ होती है| घटना स्थलसे समुद्र की खाड़ी केवल डेढ़ किलोमीटर दूर है| आशंका है कि किसी तस्कर के जरिए कोकीन यहां तक लाई गई होगी| इससे पहले 4 जून 2024 को खारीरोहर से कंडला की ओर जानेवाले रोड पर बबूल की झाड़ियों के बीच से 13 किलो कोकीन के पैकेट लावारीस स्थिति में बरामद की गई थी| इसके अलावा 28 सितंबर 2023 को गांधीधाम पुलिस ने यहां से कुछ दूरी पर मीठीरोहर सीमा से 800 करोड़ रुपए कीमत की 80 किलो कोकीन बरामद की थी| इस प्रकार बीते एकसाल में एक पट्टी से 105 किलोग्राम जितनी कोकीन के लावारीस पैकेट बरामद किए जा चुके हैं| खास बात यह है कि बरामद किए गए पैकेट आखिर कौन फैंक गया, इसकी कोई जानकारी नहीं है| इन घटनाओं को लेकर गुजरात प्रदेश कांग्रेस प्रमुख और राज्यसभा सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने भाजपा सरकार पर सवाल उठाए हैं| शक्तिसिंह गोहिल ने अपने ट्वीटर पर लिखा "गुजरात के कच्छ जिले में 12 किलोग्राम कोकीन से भरे 10 पैकेट बरामद हुए हैं, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 120 करोड़ रुपए है| युवाओं को बर्बाद करने वाली कोकीन लगार गुजरात में बरामद हो रही है| क्या भाजपा सरकार को इसकी चिंता नहीं है? क्या इसका ही विकास करने की भाजपा ने शपथ ली है?"

### वैश्विक टैबलेट शिपमेंट में 15 फीसदी की वृद्धि

मुंबई (ईएमएस)। वैश्विक टैबलेट शिपमेंट में साल 2024 की दूसरी तिमाही में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि ऐतिहासिक रूप से यह अवधि धीमी रही है। नवीनतम सर्वे के अनुसार, 2024 की दूसरी तिमाही में बाजार में फिर से तेजी लौटी, क्योंकि एप्पल और सैमसंग ने नए उत्पाद लांच किए, जबकि पिछले वर्ष कोई नई रिलीज नहीं हुई थी। इसके अलावा, बाजार के अन्य खिलाड़ियों ने भी मजबूत प्रदर्शन किया है। बाजार जानकार ने कहा कि एप्पल और सैमसंग जैसे मार्केट लीडर्स की सामान्य मॉडल रिलीज शेड्यूल पर वापसी 2024 के लिए आशावादी दृष्टिकोण दिखाती है। जानकार ने कहा कि एप्पल और सैमसंग के अलावा, हुआवेई और शाओमी जैसे चीनी निर्माताओं ने भी टैबलेट बाजार में मॉडलों की विविधतापूर्ण रेंज पेश करके विकास की गति को बढ़ाया है, जिससे मांग में और वृद्धि हुई। इस वर्ष के शेष समय में विश्वव्यापी टैबलेट बाजार में शिपमेंट आशाजनक दिख रहा है, जिसमें नए एप्पल आईपैड और एप्पल आईपैड मिनी के साथ-साथ सैमसंग की प्रमुख एस सीरीज भी शामिल है। बाजार जानकार ने टैबलेट बाजार पर कहा, व्यापक आर्थिक स्थितियों में सुधार के कारण मांग स्वस्थ स्तर पर बनी हुई है, हमें उम्मीद है कि 2024 में उभरते बाजार क्षेत्रों से योगदान में वृद्धि होगी। हुआवेई ने लगातार मॉडल रिलीज के साथ शीर्ष तीन में अपनी स्थिति बनाए रखी। शाओमी ने अपने शिपमेंट्स को करीब दोगुना किया, जिसमें विशेष रूप से एपीएसी और एमईए क्षेत्रों में उभरते बाजारों में वृद्धि का योगदान रहा।

### प्यार और विश्वास के लिए लोगों का आभार, जीत पर विनेश

जुलाना (ईएमएस)। पूर्व ओलंपियन पहलवान से नेता बनीं विनेश फोगाट ने जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से 6000 से अधिक वोटों से जीत हासिल की। विशेष रूप से, पार्टी ने आखिरी बार यह सीट 2005 में जीती थी। फोगाट की जीत ऐतिहासिक है, क्योंकि कांग्रेस 19 साल बाद इस सीट पर कब्जा करने में कामयाब रही। जीत के बाद विनेश फोगाट ने कहा कि यह हर लड़की, हर महिला की लड़ाई है जो लड़ने का रास्ता चुनती है। ये जीत है हर संघर्ष की, सत्य की। इस देश ने मुझे जो प्यार और विश्वास दिया है, उसे मैं बरकरार रखूंगा। फोगाट जुलाना सीट पर पूर्व सेना कप्तान और भाजपा उम्मीदवार योगेश बैरागी के खिलाफ मैदान में हैं। अन्य प्रतिस्पर्धियों में जुलाना के निवर्तमान विधायक और जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के उम्मीदवार अमरजीत ढांडा और आम आदमी पार्टी (आप) की उम्मीदवार और पहलवान कविता दलाल शामिल हैं।

### मालीवाल का केजरीवाल पर तंज, अपने गृह राज्य में जमानतें नहीं बचा पा रहे?

नई दिल्ली (ईएमएस)। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना जारी है। रुझानों में भाजपा ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है और वह राज्य की 90 में से 47 सीट पर आगे है जबकि कांग्रेस 38 सीट पर आगे है। वहीं आम आदमी पार्टी को हरियाणा में निराशा मिली है। अब पूरे मामले को लेकर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आप पार्टी पर तंज कसा है। मालीवाल ने कहा कि सिर्फ कांग्रेस से बदला लेने के लिए हरियाणा में उतरे। मुझपे बीजेपी एजेंट होने के झूठे आरोप लगाए, खुद आज इंडिया गठबंधन से गद्दारी करके कांग्रेस की वोट काट रहे हैं! अरे सब छोड़ो, विनेश फोगाट तक को हराने के लिए प्रत्याशी उतारा। राज्यसभा सांसद स्वाती ने पूछा कि क्यों ऐसा हाल आ गया है कि अपने गृह राज्य में जमानतें नहीं बचा पा रहे?

### ईडी के सामने पेश हुए अजहरुद्दीन

हैदराबाद(ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन मंगलवार को हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले में अजहरुद्दीन से पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया। 61 वर्षीय पूर्व सांसद को पहले तीन अक्तूबर को कार्यालय में एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने नई तारीख मांगी और इसलिए उन्हें आठ अक्तूबर को बुलाया गया।

### केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा, अति आत्मविश्वास ना हो, चुनाव को हल्के में ना लें

नई दिल्ली (ईएमएस)। हरियाणा में बीजेपी लगातार तीसरी बार सत्ता में वापस आ रही है। विधानसभा चुनाव परिणाम में बीजेपी और मजबूत बनकर उभरी है। आम आदमी पार्टी ने भी हरियाणा चुनाव में हिस्सा लिया था। हालांकि, आप को एक भी सीट नहीं मिली। अब आम आदमी पार्टी के चीफ और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का पहला रिएक्शन सामने आया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा चुनाव का बड़ा सबक यह है कि चुनावों में अति आत्मविश्वास ना हो। केजरीवाल ने कहा कि चुनाव परिणामों का सबसे बड़ा सबक यह है कि चुनावों में कभी भी ओवर कॉन्फिडेंट नहीं होना चाहिए। केजरीवाल ने आप के पार्षदों को संबोधित कर कहा कि हरियाणा चुनाव परिणाम का सबसे बड़ा सबक यही है कि किसी को भी चुनाव में ओवर कॉन्फिडेंट नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी चुनाव को हल्के में नहीं लेना चाहिए. हर चुनाव और हर सीट मुश्किल होती है।

## हरियाणा में कांग्रेस को लगा झटका, महाराष्ट्र चुनाव पर क्या पड़ेगा असर?

### कांग्रेस को संगठन पर ध्यान देना होगा

मुंबई, (ईएमएस)। मंगलवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे आ गए हैं और बीजेपी को बहुमत मिल गया है। हालांकि, लोकसभा चुनाव के बाद आत्मविश्वास से भरी कांग्रेस हरियाणा में ज्यादा करिश्मा नहीं दिखा पाई। कांग्रेस गठबंधन को सिर्फ 37 सीटें मिली हैं, जबकि बीजेपी 48 सीटों मिली है। इसे कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है और अब कांग्रेस की रणनीति पर सवाल उठने लगे हैं। क्या हरियाणा में हार का असर आगामी महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों पर पड़ने की संभावना है। ऐसी चर्चा भी अब शुरू हो गई है। अब तो ये भी कहा जाने लगा है कि कांग्रेस पार्टी को पहले अपने संगठन पर ध्यान देना होगा। आपको बता दें कि राजनीतिक दृष्टि से उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र देश का सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। इसलिए देश की जनता इन राज्यों के चुनावों पर हमेशा ध्यान देती है। पिछले कुछ सालों में महाराष्ट्र के साथ-साथ झारखंड में भी कई राजनीतिक घटनाएं घटी हैं। इसका असर लोकसभा चुनाव में देखने को मिला। कांग्रेस, जो निष्क्रियता की स्थिति में चली गई थी उसे लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद पुनर्जीवन मिला। इसमें राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने अहम भूमिका निभाई। इसलिए कांग्रेस और इंडिया अलायंस को हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन हरियाणा में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। अब आने वाले समय में महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव होंगे। राहुल गांधी कई बार महाराष्ट्र का दौरा कर चुके हैं। कई सभाओं को संबोधित किया। बीजेपी भी किसी भी हालत में महाराष्ट्र को खोना नहीं चाहती है। इसलिए इस बार के चुनाव में महाराष्ट्र में बेहद कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। हरियाणा में बीजेपी की जीत से इंडिया अलायंस को महाराष्ट्र और झारखंड में कड़ी टक्कर मिलने की संभावना है।

### कांग्रेस को संगठन पर ध्यान देना होगा

बात करें महाराष्ट्र की तो कांग्रेस पार्टी को अपने संगठन पर ध्यान देना पड़ेगा। क्योंकि आपसी कलह के चलते पार्टी का यहां भारी नुकसान हुआ है। जिला से राज्य स्तर तक पार्टी में भारी गुटबाजी व्याप्त है। पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं या पदाधिकारियों की अनदेखी होती है और जो पार्टी के लिए काम नहीं करते उनकी पूछ रहती है और महत्वपूर्ण पद भी उन्हें दिए जाते हैं। राजनीति को करीब से जानने वाले कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी हरियाणा चुनाव से सबक लेने की जरूरत है। क्योंकि हरियाणा में भी पार्टी भारी गुटबाजी के भंवर में फंसी थी और शायद उसी का ये परिणाम रहा कि सत्ता आते आते हाथ से निकल गया।

अब ऐसा ही हाल कहीं महाराष्ट्र और झारखंड में ना हो जाए ? जहाँ तक महाराष्ट्र की बात है यहां ऐसे नेताओं को ऊँचे पदों पर बिठा रखा गया है जो पूरी तरह से निष्क्रिय हैं। इसलिए कांग्रेस पार्टी को अब ऐसे नेताओं को दरकिनार कर पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को आगे लाना पड़ेगा और संगठन को नए सिरे से मजबूत करना होगा तभी पार्टी सत्ता तक पहुंच सकती है।

## जम्मू-कश्मीर में रुझानों के बीच अब्दुल्ला का ऐलान, उमर बनेंगे सीएम

### लोगों के दिए जनादेश के साथ कोई "छेड़छाड़" नहीं होनी चाहिए

श्रीनगर,(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर में मतगणना जारी है लेकिन इसी बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने विधानसभा चुनाव परिणामों के रुझानों के बीच बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों ने अपना जनादेश दे दिया है, उन्होंने साबित कर दिया है कि उन्हें पांच अगस्त को लिया गया फैसला मंजूर नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के सीएम होंगे।

बता दें कि जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के सरकार बनाने की संभावना है। मंगलवार को चुनावी रुझानों में गठबंधन ने 90 में से 51 सीट पर बढ़त बना रखी है जबकि बीजेपी 28 सीट पर आगे है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और बीजेपी की झोली में अब तक दो-दो सीट आई है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जारी रुझानों के मुताबिक पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) केंद्र शासित प्रदेश में दो सीट पर, सज्जाद गनी लोन की पीपुल्स कॉन्फ्रेंस दो सीट पर जबकि निर्दलीय उम्मीदवार छह सीट पर बढ़त बनाए हुए हैं। रुझानों से पता चलता है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस 43 सीट पर आगे है जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस सात सीट पर आगे चल रही है। रुझानों में नेकां के उसके प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकलने पर पार्टी के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू कश्मीर में जनादेश के साथ कोई ''छेड़छाड़'' नहीं होनी चाहिए। अब्दुल्ला ने श्रीनगर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इसमें पारदर्शिता होनी चाहिए।

## हरियाणा जीत की धमक महाराष्ट्र पहुंची उद्धव सीएम चेहरा का समर्थन देने को तैयार

मुंबई। हरियाणा विधानसभा चुनाव का परिणाम आ चुका है। बीजेपी ने जोरदार ढ़ग से सत्ता में वापसी की है। भाजपा ने स्पष्ट बहुमत पाकर एग्जिट पोल और राजनीतिक पंडितों के सारे आंकड़ों और गणनाओं को फेल साबित किया है। अब महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने हैं। उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र देश को सबसे ज्यादा सांसद देने वाला राज्य है, इसके बाद यहां होने वाले विधानसभा चुनाव का महत्व काफी बढ़ जाता है। हरियाणा चुनाव परिणाम की धमक महाराष्ट्र पहुंच भी चुकी है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि वे कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए तय किए गए चेहरे का समर्थन करुंगा। यूबीटी नेता ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र को बचाने के लिए वह अपने सहयोगी दलों की ओर से तय किसी भी चेहरे का समर्थन करने को तैयार है। मुंबई में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी के घटक दलों की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए तय किए गए किसी भी दावेदार का मैं समर्थन करुंगा। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब उद्धव ने यह बात कही है। इसके पहले भी वे सीएम फेस को लेकर अपने मन की बात कह चुके हैं। दूसरी तरफ, पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार पहले भी इस पर अपना रुख स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर चर्चा होगी। विधानसभा चुनाव परिणाम में आने वाली सीटों के आधार पर यह तय होगा। ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र को बचाने के लिए वह कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित किसी भी चेहरे का समर्थन करुंगा। इस मौके पर उन्होंने महाराष्ट्र की शिंदे सरकार पर फेक नैरेटिव फैलाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने 'लड़की बहिन' स्कीम पर निशाना साधा। इस योजना के तहत योग्य महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने का प्रावधान किया गया है। उद्धव लगातार मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने की मांग कर रहे हैं। इसके पहले अगस्त में भी उन्होंने कहा था कि कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) को सीएम उम्मीदवार घोषित कर देना चाहिए।

## दिल्ली और गोड्डा के मध्य एक नई ट्रेन का परिचालन

हाजीपुर, (ईएमएस)। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर प्रयागराज-डीडीयू-गया-कोडरमा-न्यू गिरिडीह-मधुपुर-जसीडीह-देवघर के रास्ते दिल्ली और गोड्डा के मध्य एक नई ट्रेन 14049/14050 गोड्डा- दिल्ली-गोड्डा एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का परिचालन किया जायेगा। इस नई ट्रेन में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय एवं तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02-02, तृतीय वातानुकूलित इकोनोमी श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे। इस नई ट्रेन का शुभारंभ दिनांक 09.10.2024 को दिल्ली से गाड़ी सं. 04050 दिल्ली-गोड्डा उद्घाटन स्पेशल के रूप में किया जायेगा । दिल्ली से यह उद्घाटन स्पेशल 15.00 बजे खुलकर अगले दिन 03.45 बजे डीडीयू, 06.55 बजे गया, 08.25 बजे कोडरमा सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 15.45 बजे गोड्डा पहुंचेगी। इस ट्रेन का नियमित परिचालन दिल्ली से 14.10.2024 से प्रत्येक सोमवार को तथा गोड्डा से 16.10.2024 से प्रत्येक बुधवार को किया जायेगा। गाड़ी सं. 14050 दिल्ली-गोड्डा एक्सप्रेस दिनांक 14.10.2024 से प्रत्येक सोमवार को दिल्ली से 15.00 बजे खुलकर 17.33 बजे टुण्डला, 20.10 बजे कानपुर, 22.45 बजे प्रयागराज रूकते हुए अगले दिन 03.45 बजे डीडीयू, 04.35 बजे भभुआ रोड, 05.18 बजे सासाराम, 05.40 बजे डेहरी ऑन सोन, 06.55 बजे गया, 08.25 बजे कोडरमा, 10.00 जमुआ, 10.35 बजे न्यू गिरीडीह, 12.15 बजे मधुपुर, 13.10 बजे जसीडीह, 13.38 बजे देवघर, 14.02 बजे ककनी एवं 14.33 बजे हंसडीहा रूकते हुए 15.45 बजे गोड्डा पहुंचेगी।

## भारतीय रेल दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान चलाएगी 6556 स्पेलशल ट्रेनें

### पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए 2315 फेरों के साथ चलाएगी 100 से अधिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें



अहमदाबाद (ईएमएस)| भारतीय रेल इस वर्ष 1 अक्टूबर से 30 नवंबर, 2024 तक दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम यात्रा की सुविधा के लिए 6556 विशेष ट्रेनें चलाने के लिए तैयार है। त्योहारों के दौरान हर साल विशेष ट्रेनें चलाई जाती हैं और इस साल यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। इनमें से पश्चिम रेलवे 106 फेस्टिवल स्पे शल ट्रेनों के साथ 2315 फेरे चला रही है, जो अभी भी पूरे भारतीय रेल में सबसे अधिक है। उल्लेखनीय है कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के त्योहारों के दौरान देश भर में लाखों यात्री यात्रा करते हैं। उन्हें सुगम और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे ने इस साल फिर से ये स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी की है। अगले दो महीनों में ये स्पेशल ट्रेनें यात्रियों को उनके गंतव्य तक निर्बाध रूप से पहुँचाएंगी। पिछले साल भारतीय रेल ने कुल 4429 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाईं, जिससे लाखों यात्रियों को आरामदायक यात्रा का अनुभव मिला। हर साल बड़ी संख्या में लोग दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार आते हैं। ये त्योसहार उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि अपने परिवार से मिलने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान करते हैं। त्योहारी सीजन में यात्रियों की भारी भीड़ के कारण अधिकांश ट्रेनों में टिकट दो से तीन महीने पहले ही वेटिंग लिस्ट में चले जाते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए, भारतीय रेलवे इस साल एक बार फिर त्योहारी सीजन के दौरान विशेष ट्रेनें चला रहा है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस वर्ष पश्चिम रेलवे ने त्योहारी सीजन के दौरान बढ़ी हुई यात्रा मांग को पूरा करने के लिए अक्टूबर 2024 से दिसंबर 2024 तक कुल 2315 ट्रिप्स के साथ 106 विशेष ट्रेनें अधिसूचित की हैं। ये ट्रेनें उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तर भारत, पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर आदि गंतव्यों के लिए चलाई जा रही हैं। पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई से देश के विभिन्न भागों के लिए 14 जोड़ी विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। साथ ही, सूरत/उधना, वापी, वलसाड से यात्रियों की भारी मांग को पूरा करने के लिए 14 जोड़ी ओरिजिनेटिंग विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जबकि 21 जोड़ी ट्रेनें सूरत/उधना या भेस्तान से गुजर रही हैं। इसी प्रकार, गुजरात के अन्य स्टेशनों जैसे वापी, वलसाड, वडोदरा, अहमदाबाद, साबरमती, हापा, ओखा, राजकोट, भावनगर टर्मिनस आदि के साथ-साथ मध्य प्रदेश के इंदौर, डॉ. अंबेडकर नगर, उज्जैन से भी विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

## विनेश पर बृज भूषण का तंज मेरा नाम लेकर खुद जीत गई



नई दिल्ली (ईएमएस)। ओलंपिक खिलाड़ी एवं पहलवान विनेश फोगाट ने बतौर कांग्रेस उम्मीदवार अपना पहला चुनाव जीत लिया। विनेश की जीत पर बीजेपी के कददावर नेता बृज भूषण सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस उम्मीदवार विनेश की जीत पर पूर्व डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष और भाजपा नेता सिंह ने कहा कि हमारा नाम लेकर अगर वे (विनेश फोगाट) जीत गईं तब इसका मतलब हम महान आदमी हैं। कम से कम मेरे नाम में इतना दम है कि मेरा नाम लेकर उनकी नईया पार हो गई लेकिन कांग्रेस को डुबो दिया...राहुल बाबा का क्या होगा?

भाजपा नेता और पूर्व सांसद सिंह ने कहा कि हरियाणा की जनता को बधाई। किसान आंदोलन और पहलवानों के आंदोलन के नाम पर हरियाणा की जनता को भ्रमित करने का प्रयास हुआ। इसके बाद भी हरियाणा की जनता ने भाजपा की सरकार बनाई है... सभी लोग बधाई के पात्र हैं। वहीं जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विनेश फोगाट ने अपनी जीत पर कहा, ये हर उस लड़की और महिला की लड़ाई है जो संघर्ष के रास्ते को हमेशा चुनती है... इस देश ने मुझे जो प्यार दिया है उसे मैं हमेशा बनाकर रखूंगी... अभी इंतजार कीजिए क्योंकि अभी सभी सीटों पर नतीजे साफ नहीं हुए हैं... अभी कुछ साफ नहीं है लेकिन जब सर्टिफिकेट हाथ में आएगा तब कांग्रेस पार्टी की ही सरकार बनेगी... राजनीति में आने के बाद अब मैं यहीं रहूंगी। फोगाट ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के योगेश कुमार को हराया। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी। फोगाट ने कुमार को 6,015 मतों के अंतर से हराया।

बता दें कि विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया उन पहलवानों में शामिल थे जिन्होंने बृजभूषण शरण सिंह पर कई जूनियर महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोप लगाते हुए पिछले साल दिल्ली के जन्तर-मन्तर पर धरना दिया था.

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

### हरियाणा के आश्चर्यजनक विधानसभा चुनाव परिणामः चुनाव आयोग चर्चाओं में

जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर बवाल देखने को मिल रहा है। एग्जिट पोल के रुझान और शुरुआती मतगणना के रुझान के बाद जिस तरह से हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम का रुझान देखने को मिल रहा है। उसके बाद तरह-तरह की आशंकाएं और संदेह सामने आते चले गए। लोग समझ ही नहीं पाए, कि ईवीएम में यह कैसा चमत्कार हुआ है। जिसके कारण अप्रत्याशित चुनाव परिणाम का रुझान देखने को मिल रहा है। चुनाव आयोग का जो पोर्टल है, मतगणना केंद्रों मे सातवें चरण की मतगणना हो रही थी। चुनाव आयोग के पोर्टल में पहली और दूसरे चरण की मतगणना दिखाई जा रही थी। चुनाव आयोग का पोर्टल काफी विलंब से जानकारी दे रहा था। चुनाव आयोग का पोर्टल कई कई घंटे बाद अपग्रेड हो रहा था। चुनाव आयोग द्वारा मीडिया के लिए एडवाइजरी जारी की गई। वह अपनी ओर से मतगणना की जानकारी को नहीं दिखाएं। मीडिया हाउस को बोला गया कि केवल चुनाव आयोग के पोर्टल की जानकारी को ही प्रसारित करें। ऊसके कारण आशंका और बवाल देखने को मिलने लगा। कांग्रेस पार्टी अपनी शिकायतों का पुलिंदा लेकर चुनाव आयोग के पास शिकायत करने के लिए पहुंच गई। चुनाव आयोग उनकी शिकायत पर क्या कार्रवाई करेगा। यह सभी को मालूम है। कांग्रेस कितनी भोली है, जो सब कुछ जानते हुए भी चुनाव आयोग के पास अपनी शिकायत दर्ज कराने पहुंच गई। हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर जिस तरह के दावे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ने मतदान होने के पहले ही दावा कर दिया था, इस बार हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की तरह सभी को आश्चर्यचकित करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं अन्य भारतीय जनता पार्टी नेताओं ने मतदान के बाद और मतगणना के पहले इसी तरह के दावे किए थे। वह दावे अब चुनाव परिणाम में परिवर्तित होते हुए दिख रहे हैं। इस बार हरियाणा के चुनाव परिणाम सबको आश्चर्यचकित करेंगे। यदि यह दावा प्रधानमंत्री ने किया था,तो उसे सच साबित करके भी दिखाया है। हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम सभी को आश्चर्यचकित कर रहे हैं। जमीनी हकीकत को लेकर पिछले 15 दिनों में फील्ड पर आम जनता का जो रुझान देखने को मिल रहा था। उसको देखते हुए यह कहां जा रहा था कि यह चुनाव जनता लड़ रही है। हरियाणा की जनता जनता भारतीय जनता पार्टी को इस बार चुनाव हरा रही है। हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को इसका लाभ मिल रहा है। 50 से लेकर 65 सीटों तक कांग्रेस को मिलने का दावा मतदान के बाद एग्जिट पोल में भी देखने को मिला। मंगलवार को ज़ब मतगणना शुरू हुई। शुरूआती रुझान में एग्जिट पोल सही होते हुए दिखा। जैसे ही ईवीएम मशीन की गिनती शुरू हुई। उसके बाद हर चरण की गिनती के बाद भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में ईवीएम में आंधी की तरह वोट गिरते हुए दिखे। हरियाणा विधानसभा चुनाव के प्रचार में भाजपा नेताओं को गांव में घुसने नहीं दिया जा रहा था जगह-जगह पर उनका विरोध हो रहा था। लगभग यह माना जा रहा था कि इस बार हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम अप्रत्याशित होंगे। इस बार 18 20 सीटों पर बीजेपी हरियाणा में सिमट कर रह जाएगी। हरियाणा मैं जिस तरह के चुनाव परिणाम देखने को मिल रहे हैं। वह सचमुच सभी को आश्चर्यचकित कर रहे हैं। जो जीता वही सिकंदर की तर्ज पर हरियाणा में भाजपा की सरकार तीसरी बार बनना तय हो गई है। जम्मू कश्मीर में शायद भाजपा की सरकार नहीं बन पाए। लेकिन जम्मू कश्मीर में सारे अधिकार उपराज्यपाल के पास है। जम्मू कश्मीर में विपक्षी गठबंधन की यदि सरकार बनेगी। तो उसकी स्थिति भी दिल्ली सरकार की तरह ही होगी। वहां पर सरकार नहीं भी बनेगी,तो भी सरकार के सारे अधिकार उप राज्यपाल के पास हैं। कुछ ही महीनो में जम्मू कश्मीर में भाजपा को स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाने मे कोई दिक्कत नहीं होगी। बहरहाल चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तरह से विपक्षी दलों ने आरोप लगाए थे। चुनाव परिणाम आने के बाद से विपक्षी दलों ने चुप्पी साध रखी थी। उससे इतना तो स्पष्ट है,विपक्षी दलों को चुनाव आयोग के ऊपर विश्वास है। या विपक्षी दलों की हैसियत चुनाव आयोग से लड़ने की नहीं है। जब चिड़िया चुग गई खेत, तब चुनाव आयोग और ईवीएम मशीन पर कोई भी ढीकरा फोड़ने का कोई मतलब नहीं रह जाता है। लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद एडीआर की जो रिपोर्ट आई थी। उसमें लोकसभा की 79 सीटों में डाले गए मत, गिने गए मत, और बढे मतों के बीच में बहुत बड़ा अंतर एडीआर की रिपोर्ट ने बताया गया था। सोशल मीडिया पर कई दिनों तक इसकी चर्चा होती रही। चुनाव आयोग ने एडीआर की रिपोर्ट पर अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। सभी विपक्षी दलों ने उस समय मौन साध रखा था। हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम ने यह तय कर दिया है। तीसरी बार भी हरियाणा में भाजपा की सरकार बनना तय है। हरियाणा के नाराज पहलवान, किसान, और युवाओं ने तमाम नाराजी के बाद भी भाजपा के पक्ष में मतदान कर भाजपा के प्रति अपना भरोसा जताया है। यह चुनाव परिणाम से स्पष्ट हो गया है। हरियाणा के चुनाव परिणाम का असर महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव परिणाम भी भाजपा के पक्ष में होंगे। इसमें किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए। विपक्ष हमेशा की तरह विधवा विलाप करता रहेगा। चुनाव आयोग को जीत का सर्टिफिकेट देना है। एक बार सर्टिफिकेट मिल गया, सरकार बन गई। अब सही और गलत का फैसला अगले चुनाव तक भी नहीं होना है। ऐसी स्थिति में जो जीता, जैसे जीता, वही सिकंदर है।

### राहुल गाँधी की अमरीका में टिप्पणियांः सच या दुर्भावना

**राम पुनियानी**

अमरीका की अपनी हालिया यात्रा के दौरान राहुल गांधी (आरजी) ने लोगों के साथ कई बार बातचीत की। ऐसी ही एक बैठक के दौरान उन्होंने दर्शकों के बीच बैठे एक सिक्ख से उसका नाम पूछा। वे भारतीय राजनीति के दो ध्रुवों की चर्चा कर रहे थे और भारत में संकीर्ण कट्टरपंथी राजनीति के ज्यादा प्रबल और आक्रामक होने की ओर बात कह रहे थे। उन्होंने उन सज्जन की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि भारत में "संघर्ष इस मुद्दे पर है कि उन्हें सिक्ख होने के नाते, पगड़ी पहनने दी जाएगी या नहीं, या कड़ा पहनने की इजाजत होगी या नहीं। या वे एक सिक्ख के रूप में गुरूद्वारे जा पाएंगे या नहीं। लड़ाई इसी बात की है। और यह मुद्दा सिर्फ उन तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी धर्मों के लिए प्रासंगिक है।" यह स्पष्ट है कि सिक्खों का उदाहरण दिया जाना केवल एक संयोग था और उनका इशारा भारत में अल्पसंख्यकों को आतंकित करने की व्यापक प्रवृत्ति की ओर था। भाजपा के कुछ सिक्ख और अन्य नेताओं ने आरजी पर हमला किया और हमेशा की तरह उन पर राष्ट्रविरोधी, विभाजक होने सहित कई अन्य आरोप लगाए। इन आलोचनाओं में सांस्कृतिक अधिकारों और समाज के भिन्न-भिन्न तबकों के भिन्न आचार-व्यवहार के मुद्दे की जानबूझकर उपेक्षा की गई। इस अवसर का उपयोग भाजपा ने एक बार फिर आरजी पर हमला करने के लिए किया। वे पहले भी भाजपा के निशाने पर रह चुके हैं। आरजी ने एक ट्वीट कर अपने सपनों के भारत की अवधारणा को स्पष्ट किया "हमेशा की तरह भाजपा झूठ का सहारा ले रही है। वे मुझे चुप कराना चाहते हैं क्योंकि वे सच्चाई का सामना नहीं कर सकते। मैं हमेशा भारत को परिभाषित करने वाले मूल्यों के पक्ष में बोलता रहूंगा - अनेकता में एकता, समानता और आपसी प्रेम।" आरजी की भावनाओं से बेखबर केबिनेट मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित एक लेख में लिखा कि सिक्खों को सिर्फ 1980 के दशक के दौरान समस्याओं का सामना करना पड़ा। उनका इशार देश के कई हिस्सों, विशेषकर दिल्ली में हुए सिक्खों के नरसंहार की ओर था। उन्होंने आरजी के नजरिए को मोहम्मद अली जिन्ना जैसा बताया, जो देश का विभाजन करवाने पर तुले हुए थे। उन्होंने इस बारे में कुछ नहीं कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, जिनमें से बहुत से सिक्ख थे, की मांगों की कई महीनों तक पूरी तरह उपेक्षा की और उसके बाद ही किसान विरोधी कानूनों का वापिस लिया। उस दौरान हुए व्यापक विरोध में भाग लेने वाले सिक्खों को खालिस्तानी बताया गया था। जहां तक 1984 के नरसंहार का सवाल है, उसके दोषियों को कभी माफ नहीं किया जा सकता। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मनमोहन सिंह, जो एक दशक तक प्रधानमंत्री रहे, ने इसके लिए क्षमाचायना की थी और हमारी अपेक्षा है कि हिंसा के दोषियों के विरूद्ध शीघ्रातिशीघ्र उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# वनवासी क्षेत्रों में नवरात्रि

**हेमेन्द्र क्षीरसागर**



हिन्दू धर्म से वनवासी समाज को अलग परिभाषित करने के सभी विभाजनकारी षड्यंत्र तब धवस्त हो जाते हैं, जब इनकी मान्यताएँ, पर्व, रहन-शैली, विचार मेल खाते हैं। कुल देवी, बाघ देवी, ज्वाला देवी, गांव देवी और वन देवी की पूजा-अर्चना तथा गांवों, अंचलों में मंदिर, पट, मढिया इसके ज्वलंत उदाहरण है। शारदीय नवरात्रि ऐसा पर्व है, जो वनवासी क्षेत्रों में भी धूमधाम से मनाया जाता है, यह सिद्ध करता है कि हम हिन्दू हैं, भले ही हमारे निवास स्थान, रहन-सहन अलग-अलग हैं। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा के रूप में मनाया जाता है। नौ दिनों तक मनाई जाने वाली इस पूजा में माँ दुर्गा के सभी नौ रूपों की पूजा होती है। वनवासी क्षेत्रों की नवरात्रि पूजा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से तनिक भिन्न है। इनके नामों व पूजा पद्धति में विविधता है। वनवासी देवी माँ से अच्छी फसल, वर्षा व प्रकृति संरक्षण की याचना करते हैं। भील समाज में नवणी पूजा, गोंड समाज में खेरो माता, देवी माई की पूजा, कोरकू समाज में देव-दशहरा के रुप में देवी माँ की पूजा होती है। भील समाज में नवणी पर्व नवणी में भील अपनी कुलदेवी व दुर्गा-भवानी का पूजन करते हैं। यह त्यौहार अश्विन (कुआर) माह में शुक्ल पक्ष की पड़वा से प्रारम्भ होता है। पूरे वर्षभर में हुई गलतियों के लिये सभी देवी-देवताओं से क्षमा याचना करते हैं।

नवणी से पहले स्वच्छता की दृष्टि से घरों की गोबर व मिट्टी से लिपाई होती है। व्रती सागौन की पाटली (पटिया) सुतवार (बढ़ई) से बनवाकर उस पर चाँद व सूर्य उकेरवाता है। घर या आंगन में चौका पुराया जाता है। पाटली में शुद्ध धागा नौ बार लपेटा जाता है, उसी चौके पर पाटली की स्थापना कर पूजा की जाती है। जिस सागौन से पाटली काटी गयी होती है, उसे भी कच्चा सूत व नारियल भेंट किया जाता है। बाँस की छोटी-छोटी पाँच या सात टोकरियों में मिट्टी डालकर गेहूँ बोया जाता है, इसे बाड़ी, जवारा या माता कहते हैं। यह जवारा नवमी तिथि को संध्या की बेला में नदी में विसर्जित होता है। श्रद्धालु खप्पर, गीत गाते नदी तट पर जवारा लेकर जाते हैं। जिसे श्रद्धा स्वरूप एक दूसरे को देते हैं।

गोंड ही नहीं, कोरकू जनजाति में भी कई दशहरे मनाये जाते हैं, जिसमें से एक दशहरा कुंआर की नवरात्रि है। गोंड समाज के लोग गाड़वा के सामने ककड़ी को बकरे का प्रतीक मानकर काटते हैं। अपने ईष्ट से याचना करते हैं कि वर्षभर हमें कुल्हाड़ी, हंसिया चलाना पड़ता है, उसमें कोई हानि न हो। गोंड समाज में खेरो माता की पूजा होती है। गोंड समाज में खेरो माता को गाँव की मुख्य देवी का दर्जा प्राप्त है। कोरकू समाज में कुंआर माह में देव-दशहरा मनाया जाता है। इस पूरे पर्व में मुठवा देव, हनुमान, पनघट देव, बाघ देव, नागदेव, खेड़ा देव आदि की पूजा होती है। कोरकू लोग अपने देवी-देवताओं के चबूतरे पर गाते-बजाते हैं, जिसे धाम कहते हैं। कोरकू समाज में भी इस पर्व पर बलि देने की मान्यता है। इस पर्व से संबंधित कुछ निषेध भी हैं - दशहरे के पहले खलिहान नहीं लीपा जा सकता, अशुभ माना जाता है। दशहरा पर अस्त्र-शस्त्र पूजन के साथ प्रकृति के वाहक इस समुदाय में नीलकंठ दर्शन और सोने अर्थात शमी के पत्ते का अर्पण शुभकारी है।

त्यौहार सम्पन्न होने तक सागौन के पत्तों की पोटिया भी नहीं बनाए जा सकते बाँस काटना भी वर्जित है। सागौन के पत्तों की तह करके बंडल बनाने को पोटिया कहते हैं, ये पोटिया घर की छपरी आदि बनाने के लिए वाटर प्रूफ का काम करते हैं। मुठवा देव की पूजा से पहले हनुमान की पूजा करते हैं। हनुमान को लंगोट और नारियल चढ़ाया जाता है। हनुमान की पूजा सबसे पहले करने की मान्यता के पीछे इनका तर्क है कि हनुमान रगटवा सामान अर्थात खून आदि स्वीकार नहीं करते। जबकि मुठवा देव को शराब व चूजा भेंट किया जाता है। मुठवा देव की पूजा के बाद पनघट देव, बाघ देव, नागदेव, खेड़ा देव की पूजा होती है। पूजा के बाद सागौन या खाखरा के पत्तों में भोजन कराया जाता है। भोजन से निवृत्त होने के बाद सभी सागौन के छह-छह पत्ते तोड़ते हैं। इन छह पत्तों से पोटिया बनाते हैं। इस नियम को पूरा करने के बाद लोग सागौन के पत्ते तोड़ सकते हैं। ये परम्पाराएं आज भी पुरातन भाव से चलायमान है।

सनातन-हिन्दू धर्म का जनजातीय समाज एक अभिन्न अंग अपने विकासकाल से ही रहा है, यह अलग बात है कि सभ्यताओं के विकास एवं लगातार आक्रमणों के कारण जनजातीय समाज के स्थान परिवर्तन एवं परम्पराओं, संस्कृति, विवाह, रीतिरिवाज, पूजा पध्दति, बोली एवं कार्यशैली में भले ही आंशिक अन्तर दिखता हो। किन्तु वर्तमान परिप्रेक्ष में सनातन हिन्दू समाज की जनजातीय एवं गैर जनजातीय इकाइयों का मूल तत्व एवं केन्द्र हिन्दुत्व की धुरी ही है।

# मध्य पूर्व में होता समुद्र-मंथन

**तनवीर जाफ़री**

पूरा विश्व गोया इस समय बारूद के ढेर पर बैठा हुआ है। सामने से तो यही नज़र आ रहा है कि एक तरफ़ कल तक सोवियत संघ के रूप में साथ रहने वाले दो देश रूस व यूक्रेन युद्धरत हैं तो दूसरी तरफ़ इस्राईल बनाम ईरान-हमास -लेबनान व हूती के बीच युद्ध चल रहा है। परन्तु दरअसल इन दोनों ही ख़ूनी संघर्षों के पीछे उसी अमेरिका की मुख्य भूमिका है जो दुनिया में सबसे अधिक अमन पसंदी, शांति, मानवाधिकार, लोकतंत्र और आतंकवाद को कुचलने जैसी बातें करता है। परन्तु जहाँ अमेरिका को अपने राजनैतिक हित साधने होते हैं वहां उसके यह सभी आदर्श धरे के धरे रह जाते हैं। इस समय अमेरिकी शह और उसी के भरोसे पर जहां यूक्रेन, रूस जैसी महाशक्ति से टकरा कर स्वयं को तबाह कर बैठा है वहीँ इस्राईल भी अमेरिका की ही सरपरस्ती में ख़ूनी खेल खेलने में लगा हुआ है। पश्चिमी देशों की शह पर ही वह इस्राईल जिसने कभी रहम की भीख मांगकर अरब की सरज़मीं पर अपने अस्तित्व को बचाया था। वह इस्राईल जिसे लेकर पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने यह निर्णय दिया है कि फ़िलिस्तीनी क़ब्ज़े वाले क्षेत्रों में इस्राईल की उपस्थिति "ग़ैर क़ानूनी " है। जिसके बारे में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने कहा है कि इस्राइल ने पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम में क़ब्ज़ा करने, स्थायी नियंत्रण लगाने और बस्तियां बनाने की नीतियों को लागू करके, वहां क़ब्ज़ा करने वाली शक्ति के रूप में अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने यह भी कहा है कि इस तरह की हरकतें "क़ब्ज़े वाले फ़िलिस्तीनी क्षेत्र में इस्राईल की मौजूदगी को ग़ैर क़ानूनी " बनाती हैं। इस क्षेत्र में इस्राईल की निरंतर मौजूदगी "अवैध" है और इसे "जितनी जल्दी हो सके" समाप्त किया जाना चाहिए। वही अवैध राष्ट्र आज उन्हीं अरब क्षेत्र के लोगों की जान का न केवल दुश्मन बना हुआ है बल्कि अमेरिकी शह और अपनी सैन्य शक्ति के बल पर इसी धरती पर ग्रेटर इस्राईल के गठन का सपना भी संजोये बैठा है।

इन हालात को पैदा करने के लिये अमेरिका ने दशकों से एक बड़ी साज़िश रची है। अमेरिका व इस्राईल ने शिया-सुन्नी विवाद का फ़ायदा उठाकर अरब देशों के सामने ईरान का हौव्वा खड़ा करने का एक सफल चक्रव्यूह रचा। अरब देशों के सामने ईरान को विलेन के रूप में पेश किया और अमेरिकी संरक्षण में उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया। इसके बदले में अमेरिका सऊदी अरब सहित मध्य पूर्व के और भी कई तेल उत्पादक देशों से ईरान से सुरक्षा के नाम पर अपनी मर्ज़ी की क़ीमत पर तथा मनचाही मात्रा में तेल दोहन किया करता है। इतना ही नहीं बल्कि अमेरिका के इन पिछलग्गू अरब देशों को अपने अपने देश में लोकतंत्र का गला घोंटने,किसी भी तरह का दमन चक्र चलाने,मानवाधिकारों का हनन करने अपनी बादशाहत चलाने व तानाशाही की भी खुली छूट है। मध्य पूर्व के अनेक देश ऐसे भी हैं जिनकी पूरी अर्थव्यवस्था अमेरिका के हाथों गोया गिरवी रखी हुई।

अब इस क्षेत्र में कोई बड़ी ताक़त सर न उठा सके अपने इसी षड्यंत्र के तहत अमेरिका ने पहले तो इराक़ को तबाह किया फिर ईरान को आतंकी देश और शैतान की धुरी तथा इसे समूचे अरब जगत के लिये ख़तरा बताना शुरू कर दिया। पूरी दुनिया के विभिन्न देशों में आतंक की इबारत लिखने व करोड़ों बेगुनाहों की मौत का ज़िम्मेदार अमेरिका ही अब ख़ुद यह तय करता है कि कौन सा देश आतंकी है, कहाँ की सेना आतंकी है, और कहाँ का शासक आतंकवाद का संरक्षक है। तेल ख़रीदने, हथियार बेचने और वर्चस्व के इसी घिनौने खेल में इस समय इस्राईल, अमेरिका का मोहरा बनकर ग़ाज़ा से लेकर लेबनान तक क़हर बरसा रहा है। क्या अस्पताल क्या स्कूल क्या रिहायशी इलाक़े तो क्या शरणार्थी कैम्प, बाज़ार, बच्चे, बूढ़े महिलायें कोई भी कहीं भी अमेरिकी शह पर होने वाली इस्राईली सैन्य कार्रवाई ख़ासकर हवाई बमबारी से सुरक्षित नहीं है।

इसके बावजूद ईरान ने अपने जनरल क़ासिम सुलेमानी हमास प्रमुख इस्माईल हनिया व हिज़्बुल्ला सुप्रीमो हसन नसरुल्लाह की हत्या के बाद पिछले दिनों इस्राईल पर रॉकेट की बौछार कर यह जता दिया कि ईरान की पृष्ठभूमि व इनकी नस्ल वह नहीं जो सांसारिक शक्तियों के आगे घुटने झुका दे।

# हरियाणा-जम्मू-कश्मीरः परिणाम अप्रत्याशित नहीं....?

**ओमप्रकाश मेहता**

देश के दो प्रधान धर्मों हिन्दू व मुस्लिम के बाहुलय मतदाताओं वाले राज्यों की विधानसभा चुनावों के परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इन राज्यों के मतदाता धर्म आधारित तो बिल्कुल भी नही है। जम्मू-कश्मीर में जहां भाजपा को नेशनल कांफ्रेस से करीब आधी सीटें मिली, वहीं हिन्दू मतदाताओं के बाहुल्य वाले हरियाणा में कांग्रेस का काफी अवमूल्यन हुआ है, वैसे इस राज्य में कांग्रेस की जड़े गहरी है, किंतु इस बार मतदाताओं की सोच में समयानुसार परिवर्तन आया है, जिसका परिणाम यहां भाजपा का परचम लहराना है।

यद्यपि राजनीतिक पण्डितों की जम्मू-कश्मीर को लेकर यह सोच या आशंका अवश्य है कि वहां से नेशनल कांफ्रेस का जीतना भारत के लिए खतरनाक इसलिए है, क्योंकि नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूख अब्दुल्ला व उनके बेटे उमर अब्दुल्ला की निजी सोच पाकिस्तान के काफी निकट है, वे समय-समय पर पाकिस्तान की पैरवी करते रहते है, इसलिए यह भारत की एकता के लिए खतरनाक हो सकता है, किंतु चूंकि जम्मू हिन्दू प्रधान और कश्मीर मुस्लिम प्रधान क्षेत्र है, इसलिए जम्मू और कश्मीर के राजनेताओं और मतदाताओं की सोच अलग हो सकती है, किंतु इस मसले को भारत सरकार को समय रहते गंभीरता से लेना चाहिए, वर्ना धरती का स्वर्ग हमारे हाथों से खिसक सकता है, इसी विभाजनकारी खोज के कारण भाजपा का कश्मीर में कोई अस्तित्व नही रह गया है, जबकि जम्मू में भाजपा का स्थान काफी अहम् है, इसलिए यदि यह कहा जाए कि जम्मू-कश्मीर की राजनीति धर्म आधारित है तो वह कतई गलत नही होगा। फिर इस राजनीतिक बिन्दु पर हमने अभी से गंभीर रूप से ध्यान नही दिया तो फिर हम पाक अधीकृत कश्मीर को हमारे पाले में लाने के बारे में भी सोच नही कर पाएगें। इस तरह कुल मिलाकर हमारे मस्तक पर विराजित इन दोनों महत्वपूर्ण क्षेत्रों जम्मू एवं कश्मीर के भविष्य पर गंभीर चिंतन जरूरी है और इस चिंतन की शुरूआत इन विधानसभा चुनाव परिणामों के साथ ही शुरू करना चाहिए। करीब एक दशक के बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए है और जनता ने भाजपा-कांग्रेस दोनों को ही सीधे-सीधे नकारते हुए नेशनल कांफ्रेंस के हाथों में राज्य की बागडोर सौंप दी है और लगे हाथ फारूख अब्दुल्ला ने अपने बेटे उमर अब्दुल्ला का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित भी कर दिया। यहां इस राजनीतिक माहौल में कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद को भी भुलाया नही जा सकता, जिनकी वजह से अतीत में जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस का परचम लहराया करता था, किंतु अब वे कांग्रेस से नाराज होकर अपने स्वयं द्वारा गठित नए राजनीतिक दल के सर्वेसर्वा है, यद्यपि उनकी अपनी पार्टी का राज्य में फिलहाल कोई विशेष अस्तित्व नही है, किंतु वे एक जाने-पहचाने राष्ट्रीय नेता अवश्य है। उनकी अपनी इन चुनावों में क्या भूमिका रही? यह अभी तक स्पष्ट नही हो पाया है किंतु उनकी मुख्य पहचान जम्मू-कश्मीर से ही हैं।

अब राजनीतिक पंडितों का इन चुनाव परिणामों को लेकर मुख्य चिंतन यह है कि इन दोनों राज्यों हरियाणा व जम्मू-कश्मीर के परिणामों का इस वर्ष के अंत तक होने वाले दो राज्यों व अगले वर्ष के प्रारंभ में दिल्ली तथा उसके साथ होने वाले राज्यों के विधानसभा चुनावों पर क्या होगा? भाजपा व कांग्रेस दोनों ही दलों के वरिष्ठ नेता इसी चिंतन में व्यस्त है। आज की एक और परिपाटी बन गई है वह यह कि जब चुनाव आते है तो वहां राजनीति केंद्रित हो जाती है और परिणामों के असर जैसे कई भविष्यवादी मुद्दों पर चिंतन करती है और फिर 'कुर्सी' मिल जाने के बाद सब कुछ भुला देती है। यह सोच देश के राजनीतिक भविष्य के लिए कितनी सही है, इस पर निष्पक्ष चिंतन जरूरी है और इन चुनाव परिणामों के भावी असर पर सोच-विचार भी निष्पक्षता की परिधि में जरूरी है।

# दुनिया में टूट-फूट का नया दौर

**राकेश अचल**

| आइना टूटे या दिल ,पहाड़ टूटे या पेड़ सब अशुभ ही माना जाता है। इसीलिए एक हफ्ते से लगातार टूट रहे शेयर बाजार को भी हम अशुभ ही मानकर चल रहे है । शेयर बाजार का टूटना निवेशकों के लिए शुभ है और न कारोबारियों के लिए। सरकार के लिए तो टूटना बिलकुल शुभ नहीं है। शेयर बाजार के टूटने का सीधा-सीधा मतलब निकाला जाता है की कहीं न कहीं हमारी सरकार टूट रही है। शेयर बाजार के टूटने से 3
दिन में ही 22 लाख करोड़ का चूना लग गया निवेशकों को।

हिंदुस्तान हो या पकिस्तान । दुनिया का कोई भी हिस्सा हो इस टूटन से अछूता नहीं है । बीमारी से आम आदमी का जिस्म टूटता। नेताओं की वादा-खिलाफी से मतदाता का दिल टूटता है । दिल नेता ही नहीं ,प्रेमी-प्रेमिका भी एक-दूसरे का गाहे-बगाहे तोड़ते ही रहते हैं। वर्षा ऋतु में पहाड़ टूटते है। नदियों के तटबंध टूटते हैं। इसे कहर टूटना कहा जाता है। घर में किसी तस्वीर का फ्रेम हो,या कप-बसी टूटती है तो माँ इसे अशुभ मानती थी। मै तो उन लोगों में से हूँ जो टूट-फुट को शुभ या अशुभ नहीं बल्कि एक नैसर्गिक क्रिया मानते हैं।

आपको याद है की 1947 में जब भारत टूटा था और पाकिस्तान बना था ,तब असंख्य लोगों के दिल टूट गए थे । इस टूटन को हमारी सरकार और देश की ही नहीं दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी आज भी महसूस करती रहती है। इस टूटन के लिए महात्मा गाँधी को कोसने वालों की कमी नहीं है। आखिर टूटने का दोष किसी पर तो मढ़ा जाना है। इसके लिए महात्मा गाँधी से अच्छा कोई दूसरा नाम हो ही नहीं सकता। 1971 में पाकिस्तान को भी टूटना पड़ा, इसके लिए महात्मा गाँधी नहीं बल्कि श्रीमती इंदिरा गाँधी को जिम्मेदार ठहराया गया।भारत ही नहीं दुनिया में तमाम देश टूटे हैं। कोरिया टूटा,जर्मनी टूटा रूस टूटा, चीन टूटा। टूटने वालों की एक लम्बी फेहरिस्त है। भारत में अतीत में हुई टूट-फूट से नाखुश लोगों ने अयोध्या में एक निर्जीव मकबरे को तोड़कर ही अपना गुस्सा ही नहीं निकाला बल्कि शहीदों में अपना नाम लिखवा लिया। इस इमारत के टूटने से भी करोड़ों के दिल टूटे थे लेकिन किसी ने इस टूटन की आवाज को सुना नहीं।

पिछले दस साल में देश में जितने राजनीतिक दल और गठबंधन टूटे उतने पहले कभी नहीं टूटे । राजनीतिक दलों में कांग्रेस न जाने कितनी बार टूटी । समाजवादी दल तो टूटने के लिए ही बना है। सत्तारूढ़ भाजपा भी बीच-बीच में टूटी रहती है लेकिन जल्द ही सम्हल भी जाती है । भाजपा ने तो जिस क्षेत्रीय दल को अपना बगलगीर बनाया उसे किसी न किसी मोड़पर टूटना ही पडा । हाल ही में एनसीपी और शिवसेना टूट कर दो खंड हो चुकी है। गठबंधन तो टूटने के लिए ही बनते है। जैसे भांवर पड़ने के बाद मौर को नदी में विसर्जित कर दिया जाता है उसी तरह गठबंधनों को सरकार बनने के बाद तोड़ दिया जाता है।

सिनेमा वाले तो न जाने कितनों का दिल तोड़ते रहते है। सिनेमा में हीरो-हीरोइनें आपस में ही अपने दिलों की तोड़फोड़ नहीं करते बल्कि अपने चाहने वालों का दिल भी तोड़ देते हैं। दिल तोड़ने की पुरानी परिपाटी है ।

आप इसे सनातन भी कह सकते हैं। हमारे यहां त्रेता में राम ने परशुराम को प्रिय शिव का धनुष तोड़ दिया था । उन्हें इसके पुरस्कार में सीता मिल गयीं थीं ,किन्तु सबके भाग्य में तोड़-फोड़ करने पर इनाम -इकराम नहीं होता। दिलीप कुमार का दिल मधुबाला ने तोड़ा था तो अमिताभ बच्चन का दिल रेखा ने तोड़ दिया था। दिल तोड़ना हमारी फ़िल्मी दुनिया का एक रोग है। इसका दुनिया में कहीं ,कोई इलाज है नहीं। देश -दुनिया में जब भी चुनाव होते हैं और उनके नतीजे आते हैं तो न जाने कितने दिलों को तोड़ देते है। किसी का सपना टूटता है ,तो किसी का अपना टूट जाता है। टूटने के बाद जोड़ना आसान नहीं है । जुड़ भी जाये तो टूटन के निशान हमेशा टूटने की याद दिलाते रहते हैं। इसलिए कोशिश की जाना चाहिए की कहीं,कोई टूट-फुट हो ही नहीं। बच्चों का दिल उनके खिलौनों में बसता है । कोई खिलौना टूटता है तो बच्चों का नाजुक दिल टूट जाता है।हमारे यहां तो गया जाता है -दिल का खिलौना है टूटगया, कोई लुटेरा आ के लूट गयाया - खिलौना जानकर तुम तो मेरा दिल तोड़ जाते हों टूटते तो रिश्त भी हैं ,भले ही वे खून के रिश्ते क्यों न हों ? आप टूटने से किसी भी चीज को बचा सकते हैं ,लेकिन इसका एकमात्र उपाय है सावधानी। सावधानी हटी और दुर्घटना घटी।

टूटना इत्तफाक भी है और साजिश भी । मिसाल के तौर पर इस बार मुल्क में एक के बाद एक दर्जनों पुल टूट गये । ये पुल भ्ष्टाचार ने तोड़े। महंगाई बढ़ती है तो आम आदमी की कमर टूटी है लेकिन महंगाई बढ़ाने के लिए जिम्मेदार सरकार टूटी कमर पर अच्छे दिनों कीमराहम लगा देती है। आम आदमी कुछ देर के लिए कमर टूटने का दर्द भूल जाता है लेकिन जैसे ही दोबारा कसक होती है आम आदमी कमर तोड़ने वालों की कमर तोड़ देती है ,अपने वोट से। हमारा जिस्म तो टूटने के लिए ही बना है । बुखार से पूरा जिस्म टूटता है । लेकिन पुलिस आपकी पसलियां भी तोड़ सकती है और दांत भी। टूटने का कोई मुआवजा नहीं मिलता। ज्यादा से ज्यादा आप गाना गा सकते हैं - दिल का खिलौना है टूट गया । दरअसल टूटना या तोड़ना एक ललित कला है। सबको नहीं आती और जिसे आती है वो किसी को सिखाता नहीं है । लोग अपने आप ही सब कुछ सीखते है। टूटने वाली चीजों की फेहरिश्त बहुत लम्बी हो सकती है। आप इसे अपनी मर्जी से घटा -बढ़ा सकते हैं।

अब जैसे मैंने टूटने वाली फेहरिश्त में करार को शामिल नहीं किया था । करार होते ही टूटने के लिए है। करार दो व्यक्तियों के बीच हो सकते हैं ,दो दलों के बीच हो सकते हैं, दो या दो से ज्यादा मुल्कों के बीच हो सकते हैं,बल्कि होते आये हैं और टूटते भी आये हैं।कीर्तिमान भी टूटते हैं और आदमी का घमंड भी।शादियां भी टूटीं हैं और जीवन की डोर भी यानि जोड़तोड़ का ये सिलसिला अनंत है। इसके ऊपर कोई पूर्ण विराम नहीं लगाया जा सकता। लगाया भी नहीं जाना चाहिये । आज आप जब ये टूट-फुट गाथा पढ़ रहे होंगे तब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की जनता न जाने कितने नेताओं का दिल तोड़ चुकी होगी।

बाहर हाल - शीशा हो या दिल हो ,टूट जाता है इसलिए जितना मुमकिन है टूटने वाली चीजों को सम्हालकर रखिये ।

## संक्षिप्त ख़बरें

### खूंटाबांध तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की हुई मौत, कड़ी मशक्कत के बाद शव को निकाल गया बाहर

दुमका :शहर के खूंटाबांध तालाब में एक व्यक्ति की डूबने की सूचना नगर थाना पुलिस को मिली. जहां सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और दलबल के साथ खूंटाबांध तालाब पहुंची, जहां स्थानीय लोगों की भीड़ लगी हुई थी. वहीं तालाब में नहाने के दौरान जितेंद्र साह उर्फ जीतू साह नामक युवक को डूबते हुए लोगों ने देखा था. साथ ही तालाब के तट पर मृतक का कपड़ा भी रखा हुआ था.बता दे कि नगर थाना की पुलिस द्वारा पहले बांस मंगा कर तालाब में डाला गया. इस दौरान शव पानी की सतह पर आ गया, उसके बाद उसे खींचकर बाहर निकाला गया. लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फूलोझानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया. मृतक हारना कुंडी रोड काली मंडा का रहने वाला था.

### उपायुक्त ने किया सामाजिक कुरीति निवारण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना

दुमकाःसमाहरणालय परिसर से उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने सामाजिक कुरीति निवारण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने बताया यह जागरूकता वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्र में भ्रमण कर बाल विवाह ,डायन प्रथा सहित सभी सामाजिक कुरीतियां के प्रति लोगों को जागरूक करेगी। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत जागरूकता के उद्देश्य से जिले के विभिन्न क्षेत्र में नुकड़-नाटक, गीत-नाट्य के माध्यम से लोगों को बाल-विवाह मुक्त समाज बनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।कहा कि सामाजिक कुरीति ,बाल-विवाह समाज के लिए एक अभिशाप है इसे मिटाने के लिए जन सहभागिता की आवश्यकता है। बाल-विवाह अगर होता रहेगा तो स्वस्थ्य भारत की कामना नहीं की जा सकती है।बच्चें कुपोषित पैदा होंगे और उनमें विभिन्न प्रकार की बीमारियां होंगी। जिससे परिवार एवं समाज के विकास पर असर पड़ेगा।इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पादधिकारी भी उपस्थित थे।

### विधान से समाधान के तहत डालसा द्वारा महिलाओं के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




दुमकाः नालसा, नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के परस्पर सहयोग के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका संजय कुमार चन्द्धरियावी के कुशल नेतृत्व में आज मंगलवार को जामा प्रखंड के सभागार में "विधान से समाधान" स्लोगन के साथ महिलाओं के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राधिकार के सचिव उत्तम सागर राणा ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए इस जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया कि महिलाओं को विभिन्न कानून के तहत प्रदान किए गए बुनियादी कानूनी अधिकारों और उपायों के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है, जिससे उन्हें वास्तविक जीवन में चुनौतियों का सामना करने के लिए उपयुक्त बनाया जा सके। शिकायतों के निवारण के लिए उपलब्ध विभिन्न चैनलों जैसे एन. सी. डब्ल्यू., नालसा के राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 15100, पुलिस, कार्यपालिका, न्यायपालिका और गैर सरकारी संगठनों से संपर्क कर समाधान किया जा सकता है। आगे उन्होंने बताया कि प्रखंड स्तर पर महिलाओं के बीच कानूनी साक्षरता भी सुनिश्चित करना है ताकि वे अन्याय को पहचान सके। कानूनी जागरूकता कार्यक्रम में डालसा द्वारा दो रिसोर्स पर्सन, मनोज कुमार घोष, मध्यस्थत तथा मिलु रजक, अधिवक्ता को नामित किया गया। दोनों रिसोर्स पर्सन द्वारा बताया गया कि जागरूकता कार्यक्रम में जागरूकता हेतु अपनाई जाने वाली सैद्धांतिक कार्य प्रणाली के अलावा इसे और प्रभावी बनाने के लिए मामले का अध्ययन, बहस, पारस्परिक सत्र के साथ-साथ वीडियो फिल्मों के द्वारा भी जागरूकता महत्वपूर्ण है। उपस्थित महिलाओं को फैक्ट्री अधिनियम 1948 के तहत महिलाओं के लिए "समान काम के लिए समान वेतन" महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे एसिड अटैक, बलात्कार, अपहरण, किसी भी प्रकार का यौन हमला, मानव तस्करी, दहेज उत्पीड़न इत्यादि मामलों में महिलाओं की शिकायत के समाधान में राष्ट्रीय महिला आयोग तथा नालसा के कार्य एवं भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। कार्यक्रम के अंत में जागरूकता हेतु उपस्थित महिलाओं के बीच कानूनी पुस्तक एवं पंपलेट का भी वितरण किया गया।

# उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन को लेकर डीएमओ की कार्रवाई







दुमकाःअवैध खनन परिवहन एवं भंडारण को लेकर डीएमओ आनंद कुमार पूरी तरह से सख्त हैं। उन्होंने अपने पद स्थापना के साथ जिले में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर सख्त कदम उठाए और अवैध कारोबारियों को चेतावनी भी दी थी कि अवैध कारोबारी सुधर जाए अन्यथा उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के निर्देश पर अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने को लेकर मंगलवार को दुमका जिले के शिकारी पाड़ा में छापेमारी की एवं वहा अवैध रूप से संचालित हो रहे दो क्रशर को पकड़ा एवं उसे अविलंब सील कर दिया।जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि शिकारी पाड़ा मैं अवैध रूप से क्रशर संचालित किया जा रहा है। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्होंने खान निरीक्षक गौरव कुमार सिंह एवं ब्रह्देव यादव के साथ शिकारी पड़ा पहुंचे जहां पर दो क्रशर में छापेमारी की। क्रशर की जांच की गई तो नियम अनुसार क्रशर का संचालन नहीं किया जा रहा था एवं काफी अनियमितता पाई गई। जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए डीएमओ आनंद कुमार के द्वारा क्रशर को सील कर दिया गया।

#### इनके क्रशर हुए सील

केजीएन स्टोन, संचालक फरजुल आलम शेख, पिता-जक्कर शेख, पिनर गडिया, शिकारीपाड़ा।कादरिया स्टोन प्रोजेक्ट, संचालक, इजराउद्दीन, पिता-अरफत अली, ग्राम दीघीपार, रामपुरहाट।जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने स्पष्ट कहा है कि जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण किसी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध कारोबारियों पर नजर है। अवैध कारोबार करने वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है एवं उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएमओ आनंद कुमार ने जिले में सभी क्रशर संचालकों को अपने कागजात दुरुस्त करने एवं नियम के तहत ही क्रेशर संचालक करने की बात कही है।

### भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल की सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

राजनांदगांव (ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा निर्धारित सभी मंडलों की बैठकों का दौर संपन्न हुआ इसी कड़ी मे भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल की बैठक कार्यालय में रखी की गई थी मंडल की बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, सदस्यता संयोजक सावन वर्मा, बैठक के लिए विशेष रूप से मार्गदर्शन हेतु प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मंडल प्रभारी रवि सिन्हा ,मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी एवं मंडल के सभी पदाधिकारी गण उपस्थित रहे इस अवसर पर पार्षद विजय राय के द्वारा एवं अन्य बूथ संयोजको के द्वारा सदस्यता बुक जमा करवाई गई , विशेष रूप से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया तथा निर्देशित किया गया की अधिक से अधिक संख्या मे प्रत्येक घरों मे व्यक्तिगत सम्पर्क के माध्यम से सदस्य बनाए और पार्टी की विचारधारा से जोड़े जिसमें विश्व के सबसे बड़े सबसे पुराने लोकतंत्र की पावन भूमि पर सबसे बड़े राजनीतिक दल का सदस्य होने का गौरव प्राप्त होता है

# डॉ अमरेन्द्र यादव ने सीडब्ल्यूसी चैयरपर्सन पद से दिया इस्तीफा




दुमका। झारखंड में विधानसभा चुनाव की आहट के साथ दुमका जिला का एकमात्र सामान्य सीट जरमुंडी में लगातार चुनावी तापमान बढ़ती जा रही है। महागठबंधन के सीटिंग सीट पर कांग्रेस में प्रत्याशी चयन को लेकर घमासान मचा हुआ है। इसी बीच बाल कल्याण समिति के चैयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव ने अपने दूसरे कार्यकाल में समय से पूर्व अपने पद से इस्तीफा देते हुए चुनावी मैदान में भाग्य अजमाने के लिए महागठबंधन के राजद प्रत्याशी के रूप में अपनी मजबूत दावेदारी पेश किया है।राष्ट्रीय जनता दल के झारखंड प्रदेश कार्यालय रांची में मंगलवार को आयोजित सदस्यता अभियान की शुभारंभ के मौके पर झारखंड के प्रदेश प्रभारी सह पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव एवं राजद संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री सुरेश पासवान के समक्ष महागठबंधन के तहत प्रत्याशी बनाने के लिए डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव ने अपना दावा पेश कर दिया है। मोके पर प्रदेश प्रभारी ने अपने हाथों से सदस्यता ग्रहण कराया। प्रदेश प्रधान महासचिव सह पूर्व विधायक गोड्डा को भी सम्बोधित करते हुए राजद के प्रदेश महासचिव सह देवघर जिला प्रभारी डॉ अमरेन्द्र यादव ने कहा कि जरमुंडी से वर्तमान में सीटिंग प्रत्याशी का दल के अंदर की काफी विरोध हो रहा है। जनता के बीच भी उनकी पकड़ ढ़ीली पड़ गई है। क्षेत्र में लगातार उनका विरोध हो रहा है। गठबंधन से प्रत्याशी बनाये जाने पर भी उनकी जीत में हजारों रोड़े है। ऐसी परिस्थिति में जरमुंडी विधानसभा सीट गठबंधन के हाथ से निकल जाने की प्रबल संभावना है। उन्होंने आगे कहा है कि जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र में राजद का मजबूत जनाधार है। यह क्षेत्र पिछड़ा वर्ग बहुल है। इसकी जानकारी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को भी है। पिछले विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव के द्वारा जरमुंडी में शानदार चुनावी सभा करने से ही गठबंधन के प्रत्याशी की जीत हुई थी। जरमुंडी में लालू यादव का हजारों समर्थक है जो लगातार राजद के प्रत्याशी देने की मांग कर रही है। मौके पर दुमका राजद जिलाध्यक्ष प्रमोद पंडित सहित पूरे प्रदेश के राजद के पदाधिकारी मौजूद थे।

### फूलो-झानो मुर्मू एन एच एम अनुबंध कर्मचारी संघ अपने 10 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को भेजा मांग पत्र



दुमका : स्वास्थ्य विभाग अन्तरर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत अनुबंध कर्मियों ने फूलो-झानो मुर्मू एन एच एम अनुबंध कर्मचारी संघ के बैनर तले उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को 10 सूत्री मांग पत्र भेजा गया. अनुबंध कर्मियों का कहना है कि विगत 17 वर्षो से अनुबंध कर्मी सेवा दे रहे है । वर्त्तमान में जिस तरह से मंगाई बढ़ी है,उस आधार पर हम सभी का मानदेय कभी नहीं बढ़ा,जिस कारण हम सभी को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है । इतना अल्पवेतन में घर परिवार चलाना भी मुश्किल हो रहा है।स्वास्थ्य विभाग आकस्मिक/आवश्यक सेवा होने के कारण सभी अनुबंध कर्मी पूजा त्यौहारो में भी जनता के सेवा में लगे रहते है.उसके बाद भी मानदेय कम है.मांग पत्र में अनुबंध कर्मियों ने पुलिस विभाग के तर्ज पर वर्ष में 13 महीना का मानदेय का भी मांग किया है.एक ही काम के लिय स्थायी कर्मी को अधिक वेतन और उसी काम के लिय अनुबंध/आउट शोर्सस को कम मानदेय दिया जाता है.इसलिय कर्मियों ने समान काम का समान वेतन/मानदेय का भी मांग रखा है. कर्मियों ने मांग पत्र में यह भी लिखा है कि पूर्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समान काम का समान वेतन/मानदेय व अन्य का वादा किया था जिसका लाभ स्वास्थ्य विभाग अन्तरर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत अनुबंध कर्मियों को नही मिला है. देर शाम को संघ के सदस्यों ने दुमका विधायक सह पूर्व मंत्री बसंत सोरेन को भी मिलकर मांग पत्र दिया. इसपर विधायक जी ने सकारात्मक आश्वासन दिया।इसके साथ साथ संघ ने विधायक से 3 महीने का बकाया मानदेय के लिये भी गुहार लगाया* आज सूत्रों से पता चल रहा है कि फण्ड सभी ब्लॉक को भेज दिया गया है।इस मौके में मोनिका मरांडी, स्नेहलता बास्की, सुसाना सोरेन, एलि बागे, अग्नेश हेम्ब्रम, एनी श्वेता टुडु, रोजमेरी सोरेन, पुष्पा सोरेंग, संतोशीला किस्कु, सोनिया कुमारी, नेली रोजमेरी मरांडी, सुशीला कुमारी, नीलम सोरेन, सुपल्लवी सोरेन, रोजलिन हांसदा, रीता कुमारी, स्वपना मुर्मू, रीता सोरेन, सुलेखा टुडु, स्तुति स्टेला मुर्मू, मेरी असुनता मुर्मू, सुनीति बास्की, मीना मरांडी, सावित्री हांसदा आदि उपस्थित थे।

### सकल पंच राठौर समाज का करवा चौथ व्रत उद्यापन 20 अक्टूबर को

इन्दौर (ईएमएस)। सकल पंच राठौर समाज महिला मंडल एवं युवती संगठन की संयुक्त मेजबानी में राठौर समाज की महिलाओं के लिए करवा चौथ व्रत का उद्यापन रविवार 20 अक्टूबर को समाजवादी इंदिर नगर स्थित राठौर विद्या निकतेन पर शाम 7 बजे से आयोजित किया गया है। इस दौरान रंगारंग संगीतमय कार्यक्रम के अलावा एक साथ सैकड़ों महिलाओं द्वारा चांद देखने और पति देव के हाथों व्रत खोलने का विशेष प्रबंध किया गया है।
सकल पंच राठौर समाज महिला मंडल अध्यक्ष बृजबाला राठौर, संयोजक भावना गेहलोत, वंदना राठौर ने बताया कि उजमन में शामिल होने वाली महिलाओं को 40 भोजन पास व 14 गिफ्ट भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम की संरक्षक श्रीमती मंजूश्री बोड़ाने, अनीता राठौर एवं अर्चना राठौर के निर्देशन में करवा चौथ से संबंधित सभी व्यवस्थाएं की जा रही है। वहीं महिला मंडल द्वारा समाज की महिलाओं का करवा चौथ व्रत उद्यापन का पंजीयन भी किया जा रहा है। इच्छुक महिलाएं अपना पंजीयन पहले आएं, पहले पाएं के आधार पर महिला मंडल संयोजक एवं अध्यक्ष से संपर्क कर करवा सकती हैं। कार्यक्रम में समाज के अनेक प्रमुख समाजसेवी बंधु भी अतिथि के रूप में शामिल होंगे। व्रत उद्यापन में हेमा राठौर, वैशाली राठौर, रिता राठौर का भी विशेष सहयोग मिल रहा है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, धनबाद**

प्रेस विज्ञप्ति
( गुमशुदा का सूचना)



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुमशुदा श्रध्दा कुमारी, उम्र–19 वर्ष, पे0–संतोश कुमार भुईयाँ, सा0–तेतुलमुडी 6/10 न्यू साईडिंग सिजुआ, थाना–जोगता, जिला–धनबाद जो दिनांक–23.09.24 को सुबह समय करीब 9:00 बजे बिना बताये घर से कहीं चली गई है जो अभी तक वापस नहीं आयी है। हुलिया–रंग–गोरी, चेहरा–लम्बा, ऊँचाई– 04फीट 06 इंच, पहनावा–काला ट्राउजर, काला टी शर्ट, भाषा–हिन्दी।

इस संबंध में जोगता थाना सनहा सं0–15/2024, दि0–24.09.2024 अंकित कर खोजबीन की जा रही है। अतः आप सभी से अनुरोध है कि उक्त गुमशुदा के बारे में कोई जानकारी प्राप्त हो, तो कृपया निम्नांकित नंबर पर सूचित करने की कृपा की जाय।

0326–2220802 (वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, धनबाद)
094317–06404 (अनु0पु0पदा0 बाघमारा, धनबाद)
94317–06396 (थाना प्रभारी, जोगता, धनबाद)

वरीय पुलिस अधीक्षक,
धनबाद

PR 338465(Police)24-25*D

**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गिरिडीह**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
**(अतिअल्पकालिन द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना)**

ई–निविदा प्रसंग सं० :–RCD/GIRIDIH/952/2024-25 दिनांक :– 07.10.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | तिसरी–थानसिंहडीह–कौआकोल पथ के कि0मी0 1, 2, 3, 5, 6, 7, 8, 28, 29 एवं 30वें में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2024–25 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू0 54,99,642.00 (चौवन लाख निनान्वे हजार छः सौ बयालीस रूपये) मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 02 (दो) माह |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 14.10.2024 12:00 बजे दिन तक |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 08.10.2024 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता , पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गिरिडीह। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 06532 – 227054 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651 – 2401010 |

नोट :– प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in

ह०/–
कार्यपालक अभियंता,
PR 338347 Road(24-25)#D पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गिरिडीह

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–खुली निविदा सूचना**

ई–खुली निविदा संख्या:– एसजी–664–4–ई–धनबाद–2024–25

मुहरबंद निविदाएं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य निष्पादन हेतु आमंत्रित किया जाता है। **(i) कार्य का नाम एवं स्थान और कार्य पूर्ण करने की अवधि:** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल के बरकाकाना ज०–कुमंडी (KMND) और बरवाडीह (BRWD)- गड़वा रोड के बीच स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली का प्रावधान। खण्ड (धनबाद मंडल)। चौबिस (24) महीना। **(ii) अनुमानित लागत:** रूपये 2,30,42,76,974.52 (मात्र दो सौ तीस करोड़ ब्यालिस लाख छिहत्तर हजार नौ सौ चौहतर और बावन पैसे मात्र)। **(iii) अग्रधन जो जमा करना है:** अग्रधन राशि रूपये 1,00,00,000/– (मात्र एक करोड़ रूपये मात्र)। **(iv) निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय खोलने की तिथि एवं समय:** 04/11/2024 अपराह्न 12.00 तक एवं 04/11/2024 अपराह्न 12.30 बजे। **(v) वेव साईट विवरण एवं कार्यालय का पता (निविदा से संबंधित अतिरिक्त जानकारी या अतिरिक्त दस्तावेजों के लिए:** वेव साईट www.ireps.gov.in, कार्यालय का पता (1) कार्यालय–उप–मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/द्वितीय तला, डी आर एम कार्यालय/ पूर्व मध्य रेल, धनबाद, झारखण्ड– 826001 (2) कार्यालय –प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता/पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर, तृतीय तला, जी एम (एस० एण्ड टी०), प्रमुख प्रबन्धक कार्यालय न्यू बिलडिंग पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर, बिहार–844102

**उप–मुख्य मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य), पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/01276/डीएचएन/एसएण्डटी/टी/24–25/40

# दूषित पर्यावरण ने हमारे स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित किया है : सुलेमान

### पर्यावरण संरक्षण विषय पर बैठक सम्पन्न

दुमकाःगोटा भारोत सिदो कान्हू हूल बैसी दुमका एवं बीर बाहा युवा क्लब बेदिया के संयुक्त तत्वाधान में जरमुंडी प्रखण्ड अन्तर्गत चमराबहियार पंचायत के डोमनाडीह टोला में पर्यावरण संरक्षण विषय को लेकर एक बैठक सम्पन्न किया गया। बैठक की संचालन करते हुए बैसी के पूर्व सचिव सुलेमान मरांडी ने बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को वर्तमान समय में वैश्विक संकट बिगड़ते पर्यावरण से हमारे समाज में हो रहे आर्थिक एवं शारीरिक नुकसान की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि दूषित पर्यावरण ने हमारे स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित किया है जो एक गंभीर चिंता का विषय है साथ ही उपस्थित सबों से इस विषम परिस्थिति का सामना करने के लिए मिलकर एक साथ आगे आने का अनुरोध किया एवं ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की सलाह दिया गया । साथ ही वर्तमान समय में विलुप्त होते पारंपरिक फसल मड़वा ,गुंदली, जानहें, ज्वार, बाजरा की खेती को बढ़ावा देने के लिए एवं साथ साथ खेतों में जैविक खाद का इस्तमाल करने के लिए भी अनुरोध किया गया।पर्यावरण संरक्षण की इस प्रयास में एक छोटी सी पहल सभी उपस्थित ग्रामीणों को एक एक फलदार वृक्ष वितरण किया गया। सामुदायिक नेता रामबाबू बास्की ने वर्तमान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जिसमे मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना, सर्वजन पैंशन योजना, आबुआक आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजन, झारखण्ड मिलेट मिशन की विस्तृत जानकारी देते हुए उपस्थित ग्रामिणों को योजनाओं का भरपूर लाभ लेने हेतु अनुरोध किया । बैठक में बड़का बास्की (मांझी हाड़ाम), कार्तिक हेम्ब्रम (पाराणिक) मंटू हांसदा (कुडम नायकी), सोनोती मरांडी (जलसहिया ),नेपाल बास्की, सुंदरमुनी हांसदा, बहामुनी हांसदा,सुहागिनी मुर्मू उपस्थित थे।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, धनबाद**

इश्तिहार का प्रकाशन
सरकार
बनाम

(1) विकास कुमार पाण्डेय, उम्र–33वर्ष, पे0–पदुमदेव पाण्डेय, सा0–ए ब्लॉक क्वार्टर नं0–ए/334 भूली, थाना–बैंकमोड़(भूली ओ0 पी0), जिला–धनबाद (2) मो0 शहबाज खान, उम्र–33वर्श, पे0–मो0 मुस्लिम खान, (3) मो0 मुस्लिम खान, उम्र–59वर्श, पे0–स्व0 अलाउद्दीन खान, दोनो सा0–दरी मोहल्ला पुराना बाजार , थाना–बैंकमोड़, जिला–धनबाद।

न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, धनबाद।

लोयाबाद थाना काण्ड सं0–32/2023, दिनांक–28.09.23,धारा–406/420/120 (बी),385/387/34 भा0द0वि0।

आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आपके विरूद्ध माननीय न्यायालय धनबाद से इश्तिहार जारी किया गया है।

अतः आपको इस प्रकाशन के जरिए आग्रह किया जाता है कि माननीय न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। इसे ताकिद समझें।

0326–2220802 (वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, धनबाद)
094317–06404 (अनु0पु0पदा0 बाघमारा, धनबाद)
94317–06397 (थाना प्रभारी, लोयाबाद, धनबाद)

वरीय पुलिस अधीक्षक,
धनबाद।

PR.NO.338463 Police(24-25):D

**अधीक्षक का कार्यालय, शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद।**

पत्रांक :– 1403/SNMMCH दिनांक :– 07.10.2024

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद में वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26(दो वर्षों) के लिए द्वितियवार (3rd Call) मानक स्तर के निर्माताओं अथवा उनके अधिकृत एवं अनुभवी वितरक से **Haemophilia & Thalassemia Medicine** के आपूर्ति हेतु 2–बोली व्यवस्था (2-bid system) के अन्तर्गत निम्नांकित शर्तो के अधीन ONLINE निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि–22.10.2024 को संध्या 5.00 बजे तक होगी।

ह0/–
अधीक्षक
शहीद निर्मल महतो चिकित्सा
महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद।

PR 338276 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)

### अपराधों पर नज़र रखने के लिए पुलिस ने बनाए व्हाट्सअप ग्रुप

इन्दौर (ईएमएस)। महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर नज़र रखने के उद्देश्य से पुलिस ने ब्रीट स्तर पर व्हाट्सअप ग्रुप बनाने का सिलसिला आरम्भ किया है जिसे भविष्य में स्कूल स्तर तक ले जाया जाएगा। पीड़ित बेख़ौफ़ होकर अपने साथ या आसपास होने वाली घटनाओं की जानकारी पुलिस थाने तक पहुंचा सकेंगे जिसमे उनकी पहचान भी गुप्त रहेगी।यह जानकारी म.प्र. पुलिस द्वारा संचालित अभियान "मैं हूँ अभिमन्यु" पर केंद्रित परिचर्चा में एडिशनल डीसीपी, महिला अपराध प्रियंका डूडवे ने दी। स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सुश्री डूडवे ने बताया कि आपराधिक कृत्यों एवं घटनाओं पर नज़र रखने के लिए विभिन्न थानों के अंतर्गत सृजन अभियान के माध्यम से व्हाट्सअप ग्रुप बनाए गए हैं जिसमें एक पुलिसकर्मी को भी जोड़ा गया है। इस ग्रुप की मेंबर बच्चियां अपने विरुद्ध हो रही छोटी-मोटी घटनाएं या अन्य जानकारी शेयर कर सकती हैं। अब इस तरह के ग्रुप स्कूल स्तर पर भी बनाने तथा पेरेंट-टीचर्स मीटिंग में भी इस अभियान की जानकारी देने पर विचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन दिनों शॉर्ट टेम्पर्ड होने की वजह से घर छोड़ने, शादी तोड़ने जैसी घटनाएं बढ़ी हैं जिसके लिए कम उम्र से ही बच्चों को सही समझाइश देना आवश्यक है। उन्होंने मोबाईल की लत को इंगित करते हुए इसे सायबर क्राइम की दिशा में बढ़ने वाला कदम बताया।एडिशनल डीसीपी, मुख्यालय डॉ. सीमा अलावा ने कहा कि अपराधों के लिए महिलाओं एवं युवतियों को जिम्मेदार ठहराया जाता है जबकि वक़्त की जरूरत है कि हम अपने बच्चों को भी समझाएं। अब नए कानून में सख्ती कर दी गई है। नाबालिक बच्चियों को साथ ले जाना भर भी गंभीर अपराध की श्रेणी में आ गया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### एससीओ बैठक में आने वाले सभी सदस्यों का पाकिस्तान स्वागत करेगाः बलूच

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि वह इस महीने पाकिस्तान जाने वाले हैं और उनकी यह यात्रा एससीओ बैठक को लेकर हो रही है। जयशंकर ने साफ कहा कि वह बहुपक्षीय वार्ता में हिस्सा लेने जा रही ना कि भारत-पाकिस्तान संबंधों पर बात करने। वह एससीओ का एक जिम्मेदार सदस्य होने के नाते पाकिस्तान जा रह हैं। अब इसको लेकर पाकिस्तान ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि आधिकारिक तौर पर अधिसूचना मिल गई है और वह एससीओ बैठक में सभी भाग लेने वाले सदस्यों का स्वागत करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय बैठकों के बारे में आपके प्रश्न के संबंध में, मैं आपको 5 अक्टूबर को भारतीय विदेश मंत्री द्वारा की गई टिप्पणियों का संदर्भ देना चाहूंगी, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी यात्रा एक बहुपक्षीय कार्यक्रम के लिए है, न कि पाकिस्तान-भारत संबंधों पर चर्चा करने के लिए।बता दें पुलवामा आतंकी हमले के जवाब के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में तनाव आ गया था। जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को वापस लेने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने की घोषणा के बाद संबंध और खराब हो गए। धारा 370 को निरस्त करने के बाद पाकिस्तान ने भारत के साथ राजनयिक संबंधों को कमतर कर दिया। भारत यह कहता रहा है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य संबंध चाहता है, लेकिन इस तरह के संबंधों के लिए आतंक और शत्रुता से मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी इस्लामाबाद की है।

### हमास के हमले में गाजा में कई इजराइली सैनिकों की मौत!

गाजा,(ईएमएस)। हमास की सैन्य शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने उत्तरी गाजा में एक हमले में कई इजराइली सैनिकों को मारने और घायल करने का दवा किया है।मीडिया रिपोर्ट में अल-क़सम ब्रिगेड के एक प्रेस बयान में कहा कि उसके सदस्यों ने एंटी-कार्मिक बम के जरिए से 10 इजराइली सैनिकों के एक समूह को सफलतापूर्वक निशाना बनाया, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में काफी सैनिक हताहत हुए और कई घायल हुए हैं। बयान में यह भी कहा गया कि ब्रिगेड ने एक हेलीकॉप्टर को उतरते देखा, लेकिन घटना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

### गाजा में इजराइल के खिलाफ लंबी लड़ने को हम पूरी तरह तैयारः हमास

गाजा,(ईएमएस)। इजराइली दावों के बीच हमास ने ऐलान किया कि वह गाजा पट्टी में इजराइल के खिलाफ लंबी लड़ने को पूरी तरह तैयार है। मीडिया रिपोर्ट में फिलिस्तीनी ग्रुप की मिलिट्री विंग अल-कस्साम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू उबैदा ने एक वीडियो जारी कर कहा कि हम इजराइल के खिलाफ एक लंबे और दर्दनाक युद्ध को जारी रखेंगे। उबैदा ने यह बात सोमवार को 7 अक्टूबर इजराइली हमले की वर्षगांठ के अवसर पर कही। बता दें पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर हमला किया था जिसमें करीब 1200 लोग मारे गए थे और 250 से ज्यादा को हमास ने बंधक बना लिया था। माना जा रहा है 100 से ज्यादा बंधक अभी भी हमास के कब्जे में हैं।
रिपोर्ट के मुताबिक उबैदा ने दावा किया कि इस लड़ाई में सभी मोर्चों पर और पूरे गाजा में हमने इजराइली के सैकड़ों सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया है, इजराइली वाहनों को नष्ट किया और अपनी रणनीति को परिष्कृत किया है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष आपराधिक दुश्मन यानी इजराइल के खिलाफ है। बंधकों के संबंध में उबैदा ने कहा कि पहले दिन से ही हमने अपने बंदियों की सुरक्षा तय कर रखी है, लेकिन नेतन्याहू की महत्वाकांक्षाओं ने उन्हें एक साल तक वापस लौटने से रोक रखा है। उबैदा ने चेतावनी दी कि बंधकों का भाग्य अब इजराइली सरकार के फैसलों पर निर्भर है। अगर इजराइली सेना आगे बढ़ती है तो उनकी स्थिति और खराब हो सकती है।गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इजराइली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या 41,909 हो गई है। गाजा में इजराइल का मिलिट्री ऑपरेशन अब भी जारी है। इस बीच इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनकी सरकार काम को पूरा करेगी और गाजा से शेष बंधकों को मुक्त कराएगी। उन्होंने कहा कि हम युद्ध तब समाप्त करेंगे जब हम अपने सभी लक्ष्य पूरे कर लेंगे। इनमें हमास के दुष्ट शासन को उखाड़ फेंकना, सभी बंधकों की वापसी, गाजा से इजराइल के लिए किसी भी खतरे को नाकाम करना, दक्षिण और उत्तर में हमारे निवासियों को सुरक्षित रूप से उनके घरों में वापसी शामिल है। नेतन्याहू ने हमले की पहली बरसी पर शोक सभा में यह बात कही।

### अर्जेंटीना में डेंगू के मामले 576,000 के पार

ब्यूनस आयर्स (ईएमएस)। अर्जेंटीना में अब तक डेंगू के मामले 576,000 के पार पहुंच गए है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में राष्ट्रीय महामारी विज्ञान बुलेटिन में अनुमान लगाया गया है कि 2024 के पहले 39 हफ्तों में देश भर में डेंगू के कुल 576,728 मामले सामने आए हैं। पिछले कुछ सप्ताहों में अर्जेंटीना ने गर्मी से पहले रोकथाम अभियान चलाया है, क्योंकि गर्म और बारिश के मौसम की स्थिति के कारण यह बीमारी तेजी से बढ़ती है। अभियान में 48 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में रहने वाले 15 से 39 वर्ष की आयु के लोगों को टीके लगाना शामिल है। यह टीका अभियान 19 सितंबर को शुरू हुआ।वहीं अर्जेंटीना के उत्तरी भाग में स्थित दो प्रांत चाको और फॉर्मोसा में बीमारी के ज्यादा मरीज सामने आए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 14वें एपिडेमियोलॉजिकल वीक के बाद से डेंगू के मामलों में निरंतर गिरावट आई है। लेकिन वहीं अर्जेंटीना के उत्तरी क्षेत्रों में अभी भी मामले सामने आ रहे हैं। इसी के चलते संघीय सरकार और प्रांतों ने डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण के लिए 2024-2025 के लिए रणनीतिक योजना शुरू की गई है। जो प्रत्येक जिले की जरूरतों के अनुकूल काम करेगी।

### जयशंकर एससीओ बैठक में लेंगे भाग पाकिस्तान से संबंधों पर नहीं करेंगे बात

करांची,(ईएमएस)। भारत ने पाकिस्तान के निमंत्रण का सम्मान करते हुए कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर पाकिस्तान जाएंगे। एससीओ कॉन्फ्रेंस में भारत शिरकत करेगा। लेकिन पाक मीडिया को ये बात हजम ही नहीं हो रही है। पाकिस्तानी टीवी चैनल में बैठे एक्सपर्ट्स उन्हें समझा रहे हैं और दूसरी तरफ पाकिस्तानी आवाम शहबाज सरकार को कोस रही है। जयशंकर ने कहा कि मैं इस महीने पाकिस्तान जाने वाला हूं और ये मेरी यात्रा एससीओ मीटिंग के मद्देनजर होगी। एस जयशंकर ने साफ कर दिया कि मैं बहुपक्षीय वार्ता में हिस्सा लूंगा। भारत और पाकिस्तान के संबंधों पर बात करने नहीं जा रहा हूं। मैं एससीओ का एक जिम्मेदार सदस्य होने के नाते वहां जा रहा हूं। कुल मिलाकर कहें कि पाकिस्तान ने एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर की आगामी इस्लामाबाद यात्रा के दौरान द्विपक्षीय मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत से इनकार कर दिया।भारत ने घोषणा की कि जयशंकर इस्लामाबाद में एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान में एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। जयशंकर ने अपनी पाकिस्तान यात्रा के दौरान द्विपक्षीय वार्ता की संभावनाओं से इनकार किया है। जयशंकर की यात्रा और भारत-पाकिस्तान संबंधों के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को इस यात्रा के संबंध में आधिकारिक सूचना मिल गई है और वह सभी सदस्यों का स्वागत करने के लिए तैयार है।

### बड़ा सवालः ईरान में भूकंप था या परमाणु परीक्षण

तेहरान(ईएमएस)। ईरान एक ऐसा देश है जहां भूकंप आते रहते हैं, लेकिन 5 अक्टूबर को देश में आए भूकंप ने यह चर्चा शुरू कर दी है कि क्या ईरान ने परमाणु परीक्षण किया है? भूकंप के समय और स्थान ने लोगों को ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जोड़ने पर मजबूर कर दिया और यह सवाल उठाया कि क्या इस्लामी देश अपने परमाणु हथियार बनाने के करीब है। हालांकि, परमाणु क्षमताओं का परीक्षण करने का मतलब यह नहीं है कि कोई देश हफ्तों के भीतर एक एक्टिव परमाणु हथियार हासिल कर लेगा।तेहरान युनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ जियोफिजिक्स ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर 4.4 तीव्रता का भूकंप अरदान काउंटी, सेमनान प्रांत में सुबह 10:45 बजे दर्ज किया गया। यह भूकंप 12 किमी की गहराई पर आया। हालांकि, इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि या खंडन नहीं हुआ है। कुछ एक्स हैंडल्स ने सोशल मीडिया पर ग्राफ शेयर किए हैं, जो दिखाते हैं कि भूकंपीय एक्टिविटी कैसे परमाणु परीक्षणों से जुड़े भूकंप से मेल खाती है। इनमें से किसी भी दावे को किसी एक्सपर्ट ने कन्फर्म नहीं किया है। भूकंप का समय, जो एक प्राकृतिक घटना है, ऐसा है कि इसने इन अटकलों को जन्म दिया है।

# खुमैनी की राह पर चल रहे खामनेई, इजराइल के खिलाफ सबको कर रहे एकजुट

### मोसाद की घुसपैठ ने ईरान की आंतरिक कमजोरियों को किया उजागर



तेलअवीव,(ईएमएस)। क्या इज़राइल और ईरान के बीच युद्ध छिड़ने वाला है? इसको लेकर दोनों देश ही नहीं पूरी दुनिया चिंतित हैं। पिछले दो दशकों में इज़राइल और ईरान के बीच सियासी सरगर्मियां तेज और फिर ठंडी होती रही हैं लेकिन इस साल की शुरुआत तक ऐसा नहीं था। ईरान के सर्वोच्च नेताअयातुल्ला अली खामेनेई ने हाल ही देश के नाम पर अपने संबोधन की शुरुआत लोगों से एकजुट रहने की अपील के साथ की। उन्होंने कहा कि आप लोग अल्लाह के बताए रास्ते से नहीं हटे। मुसलमान एकजुट होकर रहना होगा। हमें प्यार मोहब्बत से रहना होगा। उनका उपदेश ईरानियों को उनके पूर्ववर्ती और इस्लामिक गणराज्य के संस्थापक, अयातुल्ला रूहुल्लाह मुसावी खुमैनी की याद दिला सकता है, जो हमेशा दुनिया के मुसलमानों से इज़राइल को खत्म करने के लिए एकजुट होने का आग्रह करते थे।बता दें ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस के तहत सीरिया के दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजराइली हवाई हमले के कुछ महीने बाद ईरान ने 13-14 अप्रैल, 2024 की रात को इजराइली ठिकानों पर 300 बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और आत्मघाती ड्रोनों से हमला कर दिया था। हमले का उद्देश्य कम से कम नुकसान पहुंचाना था। तेहरान ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-2 के रूप में उन हमलों को दोहराने में कुछ हद तक कामयाब हो गई।ईरान में भी कई वरिष्ठ सरकारी पदों पर मोसाद के एजेंट होने की बात सामने आ रही है। इजराइली जासूसी प्रयासों को विफल करने के लिए प्रमुख ईरानी खुफिया इकाई का प्रमुख एक इजराइली एजेंट था। डिवीजन के 20 अन्य खुफिया संचालक इजराइली एजेंसी मोसाद के एजेंट पाए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मोसाद के एजेंट तेहरान के एक गोदाम में घुस गए और छह घंटे के ऑपरेशन में तिजोरियां तोड़कर 100,000 से ज्यादा वर्गीकृत कागजात ले गए।
मोसाद की घुसपैठ ने न केवल ईरान की आंतरिक कमजोरियों को उजागर कर दिया है, बल्कि लेबनान में उसके प्रॉक्सी नेटवर्क की कमजोरियों को भी उजागर किया है।हिज्बुल्लाह एक शिया इस्लामी संगठन है, जिसे 1980 के दशक में लेबनान में शुरू किया गया था। यह संगठन मुख्य रूप से इस्राइल के खिलाफ संघर्ष के लिए बना था। धीरे-धीरे यह एक सशक्त राजनीतिक और सैन्य संगठन बन गया। इस संगठन को ईरान का समर्थन है। हालांकि इस्राइल समेत कई देश इसे एक आतंकी संगठन के तौर पर देखते हैं।

### इजराइल खामनेई के घर और रिव्ल्यूशनरी गार्ड मुख्यालय पर कर सकता है हमला


तेल अवीव,(ईएमएस)। इजराइल और हमास के बीच की जंग ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामनेई के घर और ईरानी रिव्ल्यूशनरी गार्ड के मुख्यालय को अपने निशाने पर लिया है। ऐसे में माना जा रहा है कि क्या इजराइल की इन जगहों पर बम गिराने की योजना है और अगर ऐसा है तो इसका नतीजा क्या होगा? इजराइल और ईरान के बीच का तनाव अब और भी ज्यादा खतरनाक रूप ले रहा है। इजराइल और ईरान के बीच गुप्त हमले और साइबर युद्ध जैसी गतिविधियां नजर आ रही है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर इजराइल हमेशा से चितिंत रहा है। अब इजराइल ईरान के प्रमुख ठिकानों पर हमले की बात कर रहा है। ये संघर्ष एक बड़े युद्ध में तब्दील हो सकता है।ईरान के विदेश मंत्री ने दमिश्क में कहा कि हम गाजा और लेबनान में संघर्ष विराम करने का प्रयास कर रहे हैं।

## संघर्ष के बीच भारत का फैसला, लेबनान को भेजेंगे मदद, अमेरिका-इजराइल हैरान



बेरुत,(ईएमएस)। भारत ने इजराइल और ईरान के बीच संतुलन बनाकर दुनिया में ये साबित कर दिया कि वह अपने सभी दोस्तों के साथ खड़ा है। इस बार भारत ने लेबनान को मेडिकल सहायता देने का फैसला किया है। ये कदम अपने आप में बड़ी कूटनीतिक है। मध्य पूर्व में टकराव इजराइल और उसके पड़ोसी देशों के बीच बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। इजराइल और लेबनान के हिजबुल्लाह के बीच के संघर्ष ने एक बड़ा रूप ले लिया है। इसके साथ इजराइल, ईरान के खिलाफ भी लंबे समय से लड़ाई जारी रखे हुए है। लेकिन इन सब के बीच भारत ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है। भारत ने न तो किसी पक्ष का समर्थन किया और न ही किसी से दुश्मनी मोल ली। हाल की घटनाओं के चलते कई पश्चिमी और यूरोपी देश इजराइल से दूरी बना रहे हैं। जी7 के सात देशों में केवल अमेरिका ही इजराइल का खुलकर समर्थन कर रहा और हथियार भी सप्लाई कर रहा है।कई देशों ने इजराइल के खिलाफ सख्त रूख अपनाते हुए हथियारों की सप्लाई रोक दी है। अभी हाल ही में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इजराइल को हथियारों की सप्लाई रोकने की बात कह दी थी। अब भारत ने भी अपनी कूटनीति का परिचय देते हुए इजराइल और ईरान दोनों के साथ अपने संबंधों को बनाए रखा है। इजराइल के हमलो में लेबनान के कई आम नागरिक घायल हुए हैं। इस स्थिति को देखते हुए भारत ने लेबनान के लिए मेडिकल किट और अन्य उपकरण भेजना का फैसला लिया है। ये फैसला उसकी फ्रेंडशिप फर्स्ट नीति को दिखाता है जहां वह अपने दोस्त देशों की मदद करने से कभी पीछे नहीं हटता है। लेबनान में भारत के इस कदम की तारीफ की है।लेबनान के राजदूत ने भारत का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि ये मदद न केवल एक मानवतावादी कदम है बल्कि ये भारत अपने दोस्तों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहता है। बता दें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनई ने कहा है कि भारत में मुसलमानो का उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने एक्स पर यह बात कही और दुनियाभर के मुसलमानों के बीच एकजुटता की जरूरत बताई लेकिन इसके बावजूद भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में सधा हुआ बयान दिया।

## अपने राजकीय मेहमान भगौड़े जाकिर नाइक को गाली दे रहे पाकिस्तानी



इस्लामाबाद (ईएमएस)। भारत से भगौड़े साबित किए जा चुके इस्लामिक स्कॉलर जाकिर नाइक इनदिनों पाकिस्तान में है। भगौड़ा पाकिस्तान में राजकीय मेहमान के तौर पर कार्यक्रम करने के लिए पहुंचा है। यहां उसका स्वागत हुआ। लेकिन नाइक ने पाकिस्तानियों के सामने उनके ही एयरलाइंस की आलोचना कर दी। हालांकि भव्य स्वागत के बाद भी पाकिस्तानी जाकिर नाइक को गाली दे रहे है।बता दें कि नाइक पाकिस्तान सरकार के बुलावे पर मेहमान बनकर गया है। हैरान करने वाली बात यह है कि सरकारी मेहमान होने के बाद भी एयरलाइंस ने उसके सामानों के पैसे वसूले हैं। इसकी आलोचना खुद जाकिर नाइक ने की है। लेकिन इस बात के लिए पाकिस्तानी नाइक को गाली नहीं बक रहे हैं। बल्कि उसके पुराने बयानों को लेकर जाकिर नाइक को लोग गाली सुना रहे हैं।साद कैसर नाम के एक यूजर ने पोस्ट में नाइक को सुनाते हुए लिखा है। उन्होंने लिखा या तो किसी शादीशुदा आदमी से शादी कर लो या फिर बाज़ारू औरत बन जाओ। नाइक लगातार आपत्तिजनक बयान दे रहा है। इस किसने बुलाया? कृपया अगली बार इसतरह के अनपढ़ लोगों को न बुलाएं!'एक और यूजर ने भी जाकिर नाइक को सुनाया है। उन्होंने लिखा 'अगर कोई लड़की (12) 112 साल के मुस्लिम आदमी से शादी करती है, तब वह जन्नत जाती है और हम कोई विरोध नहीं करते। यह इस्लाम है। पाक राज्य अतिथि। 'नैतिकता और विज्ञान के बजाय, पाकिस्तानियों ने 'उनका मार्गदर्शन' करने के लिए बाल-प्रेमियों को चुना। आप परिणाम से क्यों हैरान हैं? हफसा नाम की एक यूजर ने भी जाकिर नाइक को गाली सुनाई है। उन्होंने लिखा 'भारत में इस भगौड़े को बर्दाशत करने की हिम्मत थी, उसके घृणित भाषणों को कई सालों तक बर्दाश्त किया, जब तक कि उसे प्रतिबंधित नहीं कर दिया गया। यह सवाल ही नहीं उठना चाहिए कि भारत ने उसके प्रवेश पर प्रतिबंध क्यों लगाया।

## पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को दी नसीहत कहा, हमें ज्ञान ना दे, अपने घर में झांकें



इस्लामाबाद(ईएमएस)। दुनिया में इस वक्त चौतरफा अशांति फैली हुई है। इसी बीच पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनातनी की खबरें भी डराने लगी हैं। पाकिस्तान और तालिबान के बीच काफी समय से तनातनी चल रही है। इसकी एक बड़ी वजह आतंकियों को पनाह देने का मुद्दा रहा है। पाकिस्तान की ओर से तालिबान पर आरोप लगाए जाते रहे हैं कि अफगानिस्तान की जमीन पर आतंकियों को शरण मिल रही है। वहीं तालिबान सरकार की ओर से पाक पर ही कई गंभीर आरोप लगाए जाते रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने तालिबान सरकार के इस्लामाबाद में तनावपूर्ण स्थिति पर आए बयान को खारिज करते हुए कहा कि अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार (एआईजी) हमें सीख देने के बजाय अपनी घरेलू समस्याओं को ठीक करने पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करे। रिपोर्ट के मुताबिक, अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थकों के इस्लामाबाद की ओर मार्च करने के बाद हुई अशांति पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि पाकिस्तान में सरकार और विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच तनाव पैदा हो रहा है, जिसका पूरे क्षेत्र पर नकारात्मक असर हो सकता है।पाकिस्तान विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने सोमवार को अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की ओर से आए बयान को तुच्छ कहते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि तालिबान की ओर से पाकिस्तान के घरेलू मामलों में ये गैरजरूरी और निंदनीय हस्तक्षेप है। बलूच ने कहा, एक लोकतांत्रिक देश को व्याख्यान देने के बजाय एआईजी को अपनी घरेलू समस्याओं को ठीक करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।
वह समावेशिता को प्राथमिकता दें और अपने अधिकारों में कटौती करने के बजाय महिलाओं और लड़कियों के लिए शिक्षा के अधिकार सहित अपने स्वयं के लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं के प्रति उत्तरदायी रहें। मुमतान बलूच ने कहा कि एआईजी को पड़ोसी देशों में शांति के लिए गंभीर खतरा पैदा करने वाले आतंकी समूहों को जगह ना देकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को दी गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान क्षेत्र में शांति, बातचीत और सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान उम्मीद करता है कि अफगानिस्तान समेत सभी देश जिम्मेदार अंतरराष्ट्रीय आचरण के मानदंडों का पालन करेंगे।

### इजरायल-हमास की जंग में पिस रहे फिलिस्तीनी

गाजा(ईएमएस)। इजरायल और हमास के अंतहीन नजर आने वाले इस युद्ध में सबसे ज्यादा नुकसान फिलिस्तीन की आम जनता का हो रहा है। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि हमास और इजरायल की जंग में उनका क्या कुसूर है? उन्हें किस बात की सजा दी जा रही है।जबलिया से जारी एक फुटेज में दिखाया गया कि लड़के साइकिल चला रहे थे और दुकानदार कम सामान वाले बाजार के स्टॉल संभाल रहे थे। क्षेत्र में छोटे बच्चों की आवाजें गूंज रही थीं, जबकि महिलाएं थकी हुईं धूल भरी पगडंडी पर चल रही थीं। इजरायली सेना ने लोगों को गाजा के उत्तर से खान यूनिस के अल-मवासी में इजरायल की तरफ से तय किए हिस्से में जाने के लिए कहा।लेकिन निवासियों का कहना है कि वे अन्य स्थानों पर शरण की तलाश में घिरे हुए इलाके से भागने की कोशिश करने से हिचकिचा रहे हैं क्योंकि इजरायली सेना की तरफ हमास के आतंकवादियों को निशाना बनाते हुए उन हिस्सों पर भी कई इजरायली हमले हुए हैं, जिसे उन्होंने 'सेफ जोन' घोषित कर रखा था। एक शख्स ने बताया, मुझे नहीं पता कि कहां जाना है, हमने क्या किया? हमारे पास बच्चे हैं, महिलाएं हैं, बुजुर्ग हैं। हम सब कहां जाएं? हमें क्या करना चाहिए? क्या हमें खुद को मार लेना चाहिए?उन्होंने कहा, मैं मर जाऊंगा लेकिन दक्षिण की तरफ नहीं जाऊंगा। इजरायल के बमबारी से 20 अन्य रिश्तेदारों की रक्षा करने की कोशिश कर रहे शख्स ने कहा, हम प्रतिरोध कर रहे हैं और उत्तर नहीं छोड़ेंगे, भले ही मैं यहां मर जाऊं। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, ताजा हमलों से गाजा में मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या अब 42,000 के करीब पहुंच गई है। मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि इनमें से कितने आम नागरिक और आतंकवादी हैं, लेकिन मृतकों में कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

### हमास लगातार ने देता रहा हमलों का जवाब पर,इजरायल के हमले से दुनिया हिल गई

गाजा(ईएमएस)। पिछले एक साल से इजरायली सेना एक साथ कई देशों से जंग लड़ रही है। बीते एक साल में इजरायल पर हुए हमलों के आंकड़ों पर नजर डालें तो गाजा से हमास ने 13200, लेबनान से हिजबुल्लाह ने 12400, ईरान से 400, यमन से हूती ने 180 और सीरिया से 60 लॉन्च दागे गए। इराक की तरफ से भी दर्जनों लॉन्च इजरायल पर दागे गए। इसमें बैलिस्टिक मिसाइल, सर्फेस टू सर्फेस मिसाइल, रॉकेट और यूएवी शामिल रहे।इजरायल के इतिहास में एक साल पहले 7 अक्टूबर 2023 को उसके ऊपर सबसे बड़ा हमला हुआ। इसमें हजारों इजरायली नागरिकों की मौत हो गई। इस हमले में इजरायल के गुरूर को तोड़ दिया था। लेकिन उसके बाद इजरायल ने जिस तरह से जवाब दिया उससे पूरी दुनिया हिल गई। अब भी इजरायली सेना का अटैक लगातार जारी है।आईडीएफ ने गाजा और दक्षिणी लेबनान में ग्राउंड ऑपरेशन को अंजाम दे रही है।

# इजरायल ने हिज्बुल्लाह ठिकानों पर 100 लड़ाकू विमानों से बरसाए बम

### लेबनानी नागरिकों को अवली नदी ओर समुद्र तट पर ना जाने की दी चेतावनी



तेल अवीव,(ईएमएस)। इजरायल ने हिज्बुल्लाह के हमलों का जवाब अपने 100 लड़ाकू विमानों के साथ लेबनान में 120 साइटों को निशाना बनाकर दिया। ये विमान करीब 1 घंटे तक बम बरसाते रहे। आईडीएफ प्रवक्ता ने लेबनानी नागरिकों को अगली सूचना तक अवली नदी से दक्षिण की ओर समुद्र तट पर या नावों पर रहने से बचने की चेतावनी दी है।आईडीएफ ने सोमवार को यह ऐलान किया कि उसने उत्तरी इजराइल में एक नया क्लोज्ड मिलिट्री जोन घोषित किया है। लेबनान में इजराइली ग्राउंड ऑपरेशन शुरू होने के बाद से यह चौथा क्लोज्ड मिलिट्री जोन है, जो मेडिटेरेनियन सी से पूर्व की ओर फैला है। आईडीएफ ने एक बयान में कहा कि हमारे विमानों ने हिज्बुल्लाह की कई यूनिट्स को टारगेट किया है, जिनमें सदर्न फ्रंट की रीजनल यूनिट्स, रादवान फोर्सेज, मिसाइल और रॉकेट फोर्स और इंटेलिजेंस यूनिट शामिल थे।आईडीएफ के मुताबिक यह हवाई हमला हिज्बुल्लाह के कमांड एंड कंट्रोल और फायरिंग क्षमताओं को नष्ट्र करने के लिए था साथ ही इजराइली ग्राउंड ऑपरेशन में शामिल सैनिकों को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के उद्देश्य से ये हवाई हमले किए गए। इजराइल में 7 अक्टूबर के हमले की बरसी पर शोक सभाएं चल रही थीं और दूसरी ओर उसकी सेना कई मोर्चों पर युद्ध लड़ रही थी। इजरायल ने लेबनान में अपने ग्राउंड ऑपरेशन का विस्तार किया और आईडीएफ की थर्ड डिवीजन भी युद्ध में शामिल हो गई।बता दें कि गाजा में इजराइली हमलों में 42 हजार के करीब आम नागरिक की मौत हो चुकी है जिसका पूरी दुनिया में विरोध हो रहा है। इजरायल समय-समय पर यह कहता रहा है कि उसने गाजा में हमास को हरा दिया है। इजरायली सैन्य अभियानों में आई तेजी के बावजूद हिज्बुल्लाह ने सोमवार को पूरे दिन 130 से ज्यादा रॉकेट दागे। इनमें से ज्यादातर रॉकेट हाइफा को टारगेट करके दागे गए थे, जो इजराइल का तीसरा सबसे बड़ा शहर है। यमन से हूती द्वारा दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को इजराइली एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही मार गिराया। इजरायली सेना ने कहा कि लेबनान से हिज्बुल्लाह द्वारा दागे गए रॉकेट्स को आयरन डोम ने इंटरसेप्ट करके नष्ट कर दिया, जबकि कुल खाली इलाकों में गिरे।युद्ध के और भीषण होने की आशंका जताई जा रही है क्योंकि इजराइल ने पिछले हफ्ते ईरान द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए मिसाइल हमले का बदला लेने का वादा किया है। इजराइल किसी भी समय ईरान पर हमला कर सकता है। वहीं, तेहरान ने दोहराया है कि वह अपनी धरती पर किसी भी इजराइली हमले का जवाब देगा। इस बढ़ते संघर्ष में अमेरिका के भी शामिल होने की संभावना है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### उत्तर प्रदेश की तापसी का सपना है ओलंपिक पदक जीतना

सहारनपुर (ईएमएस)। हाल ही में हुई 58वीं यूपी स्टेट एनुअल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता सहारनपुर की तापसी अब नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेगी। तापसी को लक्ष्य निरंतर आगे बढ़ते हुए ओलंपिक खेलों में पदक जीतना है। जूनियर एथलेटिक्स में स्वर्ण जीतने के बाद अब तापसी का चयन नेशनल के लिए हुआ है। ऐसे में वह शीघ्र ही नेशनल खेलने के लिए बिहार रवान होगी। तापसी ने अब तक स्टेट और नेशनल लेवल पर कई पदक जीते हैं।

### रोहित 2027 एकदिवसीय विश्वकप जरूर खेलेंगे : कोच दिनेश लाड

नई दिल्ली (ईएमएस)। रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड ने कहा है कि रोहित भले ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लें पर वह 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में जरूर खेलेंगे। रोहित ने जिस प्रकार टी20 विश्वकप जीतने के बाद इस प्रारुप से संन्यास लिया था। उसको देखते हुए लोगों का मानना था कि वह आने वाले समय में एकदिवसीय से भी संन्यास ले सकते हैं। इसका कारण उनका उनकी बढ़ती उम्र को बताया जा रहा है। कोच का कहना है कि रोहित भले ही टेस्ट क्रिकेट से जल्दी संन्यास ले लें पर वह 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में जरूर खेलेंगे।दिनेश लाड अभी मुंबई अंडर-19 टीम के कोच हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या रोहित शर्मा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के बाद एकदिवसीय और टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास ले लेंगे तो उन्होंने कहा कि ये बताना कठिन है। जैसे-जैसे उनकी उम्र बढ़ रही है, उसे देखते हुए वह टेस्ट से संन्यास ले भी सकते हैं पर मैं यह दावे से कह सकता हूं कि वह 2027 का एकदिवसीय विश्व कप जरुर खेलेंगे।'

### फीफा ने इटली के डिफेंडर मार्को कर्टो पर दस मैचों के लिए प्रतिबंध लगाया

मार्बेला (ईएमएस)। विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) ने नस्लीय दुर्व्यवहार के लिए के लिए इटली के डिफेंडर मार्को कर्टो पर जुर्माना लगाया है। मार्को को वॉल्व्स के फॉरवर्ड ह्वांग ही-चान के साथ नस्लीय दुर्व्यवहार के लिए 10 मैचों के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। कर्टो अभी कोमो से सीरी बी क्लब सेसेना की ओर से खेल रहे हैं। उनपर जुलाई में मार्बेला में एक मैत्री मैच के दौरान ह्वांग के साथ बदसलूकी का दोषी पाया गया था। ह्वांग ने मैच के दूसरे हाफ के दौरान कहा कि उनके साथ बदसलूकी हुई है।फीफा ने अपने एक बयान में कहा, खिलाड़ी मार्को कर्टो को भेदभावपूर्ण व्यवहार के लिए दोषी पाये जाने के बाद 10 मैचों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इनमें से आधे मैचों में खेलने पर दो साल के लिए वह निलंबित रहेंगे। इसा दौरान इस खिलाड़ी को सामुदायिक सेवाएं प्रदान करने और फीफा द्वारा अनुमोदित संगठन के साथ प्रशिक्षण और शिक्षा प्राप्त करने को कहा गया है।25 वर्षीय कर्टो वॉल्व्स के खिलाफ दोस्ताना मैच के एक सप्ताह बाद एक सीजन के लिए लोन पर सीरी बी की टीम सेसेना में शामिल हुए थे। फीफा के फैसले पर वॉल्व्स के फुटबॉल संचालन और प्रशासन के निदेशक मैट वाइल्ड ने खुशी जतायी है। साथ ही कहा कि निलंबन स्पष्ट संदेश देता है कि फुटबॉल या समाज में नस्लवाद और भेदभावपूर्ण व्यवहार की कोई जगह नहीं है।

### हारिस करेंगे एसीसी इमर्जिंग टी20 विश्वकप क्रिकेट में पाक टीम की कप्तानी

कराची (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद हारिस को इसी माह होने वाले एसीसी इमर्जिंग टी20 कप क्रिकेट के लिए कप्तान बनाया है। पीसीबी ने अपनी टीम में चैंपियंस कप और घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शामिल किया है। पाक टीम 16 अक्टूबर को ओमान रवाना होगी। इससे पहले वह 11 से 15 अक्टूबर तक कराची के हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में अभ्यास करेगी। इस टीम में आक्रामक बल्लेबाज अब्दुल समद को भी पहली बार जगह मिली है। इस टीम में हैदर अली के साथ चार ऐसे खिलाड़ी भी हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अच्छा अनुभव है। इमर्जिंग विश्वकप में आठ टीमें भाग लेंगी। इसमें चार-चार टीमों को दो समूहों में बांटा गया है। गत चैंपियन पाकिस्तान ए टीम ग्रुप बी में भारत ए, ओमान और यूएई के साथ हैं जबकि ग्रुप ए में अफगानिस्तान ए, बांग्लादेश ए, हांगकांग और श्रीलंका ए की टीमें शामिल हैं। इस टूर्नामेंट के सभी मैच मस्कट में खेले जाएंगे। पाक ए टीम का भारत के खिलाफ पहला मुकाबला 19 अक्टूबर को शुरु होगा। इसमें हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें 25 अक्टूबर को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। इस टूर्नामेंट का फाइनल 27 अक्टूबर को खेला जायेगा।पाकिस्तान ए टीम : मोहम्मद हारिस (कप्तान), अब्दुल समद, अहमद दानियाल, अराफात मिन्हास, हैदर अली, हसीबुल्लाह, मेहरान मुमताज, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद इमरान जूनियर, ओमर बिन यूसुफ, कासिम अकरम, शाहनवाज दहानी, सुफियान मोकिम, यासिर खान और जमान खान।

### कांस्य विजेता निशाने स्वप्निल को कम इनामी राशि मिलने से पिता निराश

मुंबई (ईएमएस)। पेरिस ओलंपिक निशानेबाजी में कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले के पिता ने कहा है कि उनके बेटे को इनाम में 5 करोड़ रुपये के साथ ही एक घर भी मिलना चाहिये। कोल्हापुर के स्वप्निल कुसाले ने पेरिस ओलंपिक में 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन शूटिंग में तीसरा स्थान हासिल किया था स्वप्निल के पिता ने कहा कि उनके बेटे को 5 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि और पुणे के बालेवाड़ी में छत्रपति शिवाजी महाराज खेल परिसर के पास एक फ्लैट दिया जाना चाहिये। उन्होंने कहा, 'हरियाणा सरकार अपने हर ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी को 5 करोड़ रुपए का इनाम देती है। यही कदम महाराष्ट्र सरकार को भी उठाना चाहिये। उन्होंने कहा कि स्वप्निल राज्य के दूसरें ओलंपिक पदक विजेता है। इससे पहले 1952 में पहलवान केडी जाधव ने ओलंपिक पदक जीता था।हरियाणा सरकार ने ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले हर खिलाड़ी को 6 करोड़ रुपए दिये हैं। इसी तरह रजत विजेता को 4 करोड़ और कांस्य पदक विजेता को 2.5 करोड़ रुपए दिये हैं। वहीं महाराष्ट्र सरकार स्वर्ण पर पांच करोड़, रजत पर तीन करोड़ और कांस्य पर दो करोड रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान करती है। निशानेबाज के पिता ने कहा कि कि उनके बेटे को पुरस्कार में बालेवाड़ी खेल परिसर के पास एक फ्लैट मिलना चाहिए जिससे वह आसानी से अभ्यास के लिए पहुंच सके।'

### विराट, धवन सहित ये क्रिकेटर हैं शाकाहारी




नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट के कई स्टार क्रिकेटर शाकाहारी हैं। इनमें विराट कोहली से लेकर शिखर धवन , युजवेंद्र चहल और हार्दिक पंड्या व आर अश्विन के नाम हैं। ये क्रिकेटर एक समय मांसाहारी थी पर अपनी फिटनेस को बेहतर करने इन्होंने शाकाहार अपना लिया। पहले बात करें टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली की। विराट विश्व क्रिकेट में सबसे फिट खिलाड़ियों में से एक हैं। विराट की फिटनेस का राज उनका शाकाहारी होना है। विराट बादाम का दूध पीते हैं इसके अलावा दाल, पालक, किनोवा, हरी सब्जियां और डोसा खाते हैं। विराट कोहली फिटनेस के प्रति काफी जूनुनी हैं। इसके अलावा वह जिम में भी जमकर अभ्यास करते हैं। वह कभी भी शुगर और ग्लूटेन फूड्स को डाइट में शामिल नहीं करते हैं।वहीं हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले धवन भी शाकाहारी हैं। इसके अलावा टीम के अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने भी शाकाहार अपनाया हुआ है। चहल ने भी फिटनेस के लिए शाकाहार अपनाया है। चहल अभी भारतीय टीम से बाहर होने के कारण इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। वहीं टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी शाकाहारी। पंड्या ने भी अपनी फिटनेस बनाये रखने के लिए ही शाकाहार अपनाया है। पंड्या अभी बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज खेल रहे हैं। पहले टी20 में उन्होंने भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में शतक लगाने वाले आर अश्विन भी शाकाहारी हैं। अश्विन के अलावा अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा भी शाकाहारी हैं।

# भारतीय टीम दूसरे टी20 में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी

#### शाम 7 बजे से होगा मुकाबला




नई दिल्ली (ईएमएस)। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दूसरे टी20 मैच को जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी। भारतीय टीम ने ग्वालियर में हुआ पहला टी20 आसानी से जीत लिया था। अब मेजबान टीम का लक्ष्य अपनी जीत के सिलसिले को बनाये रखना रहेगा। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम बांग्लादेश भी अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी पर उसके लिए भारतीय टीम से पार पाना आसान नहीं होगा। भारतीय टीम अब तक गेंदबाजी और बल्लेबाजी में उसे कहीं आगे रही है।प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिए जाने के बाद भी भारतीय टीम ग्वालियर में पहले मैच में अंत तक हावी रही। इससे भारतीय टीम की मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ का पता चलता है। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर टीम में अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे।सैमसन आमतौर पर मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हैं पर पहले मैच में उन्होंने पारी की शुरुआत की थी। वह 19 गेंद पर 29 रन ही बनाकर आउट हो गये थे। वहीं कप्तान सूर्यकुमार का कहना है कि सैमसन सीरीज में आगे भी पारी की शुरुआत करेंगे। वहीं सैमसन के साथ पारी की शुरुआत करने वाले अभिषेक शर्मा पिछले मैच में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए थे। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल को आराम दिए जाने के कारण सैमसन और अभिषेक को खेलने का अवसर मिला है जिसका ये दोनो ही पूरा लाभ उठाना चाहेंगे। भारतीय टीम में किसी तरह के बदलाव की संभावना नहीं है। अपना पहला मैच खेल रहे तेज गेंदबाज मयंक यादव और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी ने ग्वालियर में शानदार प्रदर्शन किया था और ऐसे में वह टीम में बने रहेंगे। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने तेज गेंदबाजी की कमान संभाली थी जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने तीन साल के बाद शानदार वापसी की थी। इसके अलावा ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर भी अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे।वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश की बात करें तो उसे जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पहले मैच में उसके बल्लेबाज विफल रहे थे। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने भी मैच के बाद स्वीकार किया था कि उनके बल्लेबाज रन नहीं बना पाये पर कहा कि इस मैच में उसकी टीम वापसी के सभी प्रयास करेगी।

#### दोनो ही टीमों के संभावित खिलाड़ी :

**भारत** : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), नितीश रेड्डी/तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, मयंक यादव

**बांग्लादेश** : नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान),तंजीद हसन, लिटन दास (विकेटकीपर), तौहीद हृदोय, महमुदुल्लाह, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम

### भारत-पाकिस्तान अब हॉन्गकॉन्ग सिक्स-ए साइड क्रिकेट टूर्नामेंट में आमने-सामने होंगी

मुम्बई (ईएमएस)। भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें अगले माह होने वाले हॉन्गकॉन्ग सिक्स-ए-साइड टूर्नामेंट में एक बार फिर आमने-सामने होंगी। इसी को लेकर प्रशंसकों में उत्साह है। इसका कारण ये है कि भारत और पाकिस्तान की टीम केवल आईसीसी टूर्नामेंटों में ही टकराती हैं क्योंकि इनके बीच द्विपक्षीय मुकाबले नहीं होते हैं। इस सिक्स-ए-साइड टूर्नामेंट टूर्नामेंट में भारतीय टीम 2012 के बाद पहली बार उतरेगी।यह टूर्नामेंट पहली बार 1992 में आयोजित किया गया था इसके बाद ये बंद हो गया। साल 2017 के बाद इसकी वापसी हुई है। इस बार यह टूर्नामेंट एक से तीन नवंबर के बीच खेला जाएगा, जिसमें भारत की टीमें भी भाग लेंगी। हॉन्गकॉन्ग सिक्स-ए-साइड टूर्नामेंट में एक टीम में 6 खिलाड़ी ही होते हैं। इनमें एक विकेटकीपर होता है। ये मैच 5-5 ओवर के रहते हैं। विकेटकीपर के अलावा हर खिलाड़ी एक-एक ओवर गेंदबाजी करता है। भारतीय टीम ने ये टूर्नामेंट साल 2005 में जीता था। वहीं साल 1996 में भारतीय टीम उपविजेता रही थी। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका ने ये टूर्नामेंट 5-5 बार और पाकिस्तान ने 4 बार जीत है।

## मिस्ट्री स्पिनर के तौर पर जाने जाते हैं वरुण



नई दिल्ली (ईएमएस)। मिस्ट्री स्पिनर के नाम से लोकप्रिय वरुण चक्रवर्ती ने भारतीय टीम में शानदार वापसी की है। वरुण ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 मैच में 31 रन देकर 3 विकेट लिए और बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। वरुण की लेग स्पिन गेंदबाजी के सामने बांग्लादेश के बल्लेबाज बेबस नजर आये। वरुण ने पहले साल 2021 में स्कॉटलैंड के खिलाफ एक मैच विश्वकप में खेला था। वरुण खेल के साथ ही पढ़ाई में भी आगे रहे। वह आर्किटेक्ट हैं पर क्रिकेट के जुनून के कारण उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी। उन्होंने चेन्नई के एक कॉलेज से आर्किटेक्चर में डिग्री हासिल की और बतौर फ्रीलांस आर्किटेक्ट नौकरी करने लगे थे पर उनका मन क्रिकेट से दूर नहीं रह पाया और सब कुछ छोड़कर वह खेल में उतर गये।वरुण ने तीन तक टीम में वापसी के लिए खास संघर्ष किया। उन्होंने घरेलू क्रिकेट के साथ ही आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर अपनी दावेदारी पेश की। वरुण ने 13 साल की उम्र में क्रिकेट में खेलना शुरू किया था। 17 साल की उम्र तक वरुण विकेटकीपर के तौर पर खेलते रहे।शुरुआत में वह टेनिस गेंद से क्रिकेट खेलते थे। उसके बाद उन्होंने तेज गेंदबाजी शुरु की पर चोटिल होने के कारण वह फिर वह स्पिन गेंदबाजी करने लगे। वरुण को रहस्यमयी स्पिनर इसलिए कहा जाता है क्योंकि उनकी सभी छह गेंदें अलग अलग तरह की होती हैं। वह लेग ब्रेक, ऑफ ब्रेक, गूगली, कैरम बॉल, फ्लिपर, यॉर्कर और स्पिन भी करते हैं। वरुण ने अब तक 7 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 5 विकेट लिए हैं। वह घरेलू क्रिकेट में तमिलानाडु की ओर से खेलते हैं। इस स्पिनर ने साल 2018 में तमिलनाडु की ओर से रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया था। इसके बाद वह आईपीएल में उन्होंने किंग्स इलेवन और कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से खेला था।

## आईसीसी ने आचारसंहिता उल्लंघन के लिए अरुंधति को फटकार लगायी




दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी को कड़ी फटकार लगायी है। अरुंधति पर पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी20 विश्वकप में आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगा था। तेज गेंदबाज अरुंधति ने पाकिस्तान की निदा डार को आउट करने के बाद आक्रामकता दिखाने पर हुए निदा को पेवेलियन जाने का इशारा किया था। आईसीसी ने इससे आचार संहिता के खिलाफ बताया। अरुंधति ने पाक के खिलाफ मुकाबले में तीन विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आईसीसी के एक बयान के मुताबिक, '' अरुंधति को खिलाड़ियों और सहयोगी सदस्यों के लिए आईसीसी आचार संहिता तोड़ने का दोषी पाया गया है। यह किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान 'ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों' का उपयोग करने को लेकर है जिस अपमानजनक मानकर अउट होने वाला बल्लेबाज भड़क सकता है। ''अरुंधति को एक नकारात्मक अंक भी मिला है। यह 24 महीने के दौर में उनका पहला अपराध है।'' अरुंधति पर आरोप मैदानी अंपायर एलोइस शेरिडन और लॉरेन एजेनबैग के साथ तीसरे अंपायर जैकलीन विलियम्स और चौथे अंपायर क्लेयर पोलोसाक ने लगाया थे। लेवल एक के उल्लंघनों में न्यूनतम जुर्माना आधिकारिक फटकार के अलावा मैच फीस की 50 फीसदी रकम और एक या दो नकारात्मक अंक शामिल हैं।

# सिंधु , लक्ष्य आर्कटिक ओपन में जीत से शुरुआत करना चाहेंगे



वंता (ईएमएस)। भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन अब आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत से वापसी करना चाहेंगे। सिंधू और सेन पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में असफल रहे थे। अब इन दोनो का ही लक्ष्य अपनी गलतियों से सबक लेते हुए अपने खेल कौशल को और निखारना रहेगा। सिंधु इस टूर्नामेंट में अनूप श्रीधर और कोरियाई कोच ली स्यून इल के मार्गदर्शन में उतरेगी। हाल ही में सिंधु ने इन दोनो को अपने कोचिंग दल में जोड़ा है।वहीं लक्ष्य का ध्यान पिछले कुछ समय से अपनी फिटनेस को बेहतर बनाने पर रहा है। उन्होंने इस दौरान अपना अधिकतर समय ऑस्ट्रिया के रेड बुल एरेना में बिताया। आर्कटिक ओपन में सिंधु का पहला मुकाबला कनाडा की मिशेल ली से जबकि लक्ष्य का सामना डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा। सिंधु को दूसरे दौर में जापानी खिलाड़ी टोमाको मियाज़ाकी से खेलना होगा।लक्ष्य इससे पहले साल 2023 में इंडिया ओपन में रासमस से हार गये थे। अब वह किसी प्रकार ये मैच जीतकर हिसाब बराबर करना चाहेंगे। अगर वह इस मैच को जीते तो उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के सातवीं वरीयता प्राप्त टीएन चेन से हो सकता है। वहीं चोट के कारण चार महीने तक बाहर रहने वाले के श्रीकांत भी आर्कटिक ओपन में उतरेंगे। वहीं क्वालीफायर में भारत के श्रीकांत का मुकाबला जॉर्ज से होगा, जबकि सतीश फ्रांस के अरनॉड मर्कले से खेलेंगे। वहीं महिला एकल में सिंधू के अलावा फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप भी उतरेंगी।

## मुम्बई के 15 वीं बार ईरानी कप जीतने पर एमसीए ने दिया एक करोड़ रुपये का इनाम




मुम्बई (ईएमएस)। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में मुम्बई ने शेष भारत को हराकर 15 वीं बार ईरानी कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीता है। मुंबई के लिए ये जीत इसलिए भी अहम है क्योंकि ये उसे 27 साल के लंबे इंतजार के बाद मिली है। इसी खुशी में मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने उसे एक करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया है। रहाणे ने अपनी टीम की जीत का श्रेय टीम के मिलजुलकर किये प्रयासों को दिया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अपने अनुसार खेलने को कहा गया था जिससे वह आत्मविश्वास' से भरे हुए थे।मुंबई ने पिछले हफ्ते लखनऊ में पहली पारी की बढ़त के आधार पर शेष भारत को पीछे कर 27 साल के बाद ये टूर्नामेंट जीता है। एमसीए ने बीसीसीआई के 50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के अलावा, एक सम्मान समारोह के दौरान अतिरिक्त एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की। वहीं इस समारोह में रहाणे ने कहा, 'सफलता का कोई रहस्य नहीं है। यह खेल किसी एक खिलाड़ी का नहीं है, इसमें 11 खिलाड़ी खेल रहे हैं और चार-पांच बाहर बैठे हैं। सभी खिलाड़ी समान रूप से अहम हैं। 'एक कप्तान के रूप में खिलाड़ियों को अजादी देना जरुरी है क्योंकि प्रत्येक खिलाड़ी अपनी क्षमता में मैच विजेता है। हर खिलाड़ी की एक जिम्मेदारी होती है।'

### दक्षिण अफ्रीका की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें हारी

दुबई (ईएमएस)। दक्षिण अफ्रीका की पुरुष और महिला टीमों को एक बार फिर हार का सामना करना पड़ा है। पुरुष टीम को जहां दुबई में हुए एकदिवसीय मुकाबले में नई टीम आयरलैंड ने 69 रनों से हरा दिया। वहीं महिला टीम को शारजाह में हुए टी20 विश्वकप में इंग्लैंड ने हरा दिया। पुरुष टीम की बात करें तो जेसन स्मिथ ने 93 गेंद पर 91 रन की पारी खेली पर वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये। वहीं महिला टीम को टी20 विश्वकप में इंग्लैंड ने सात विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम से मिले लक्ष्य को इंग्लैंड ने 19.2 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर ही 125 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस प्रकार महिला टी20 विश्वकप में इंग्लैंड ने ग्रुप बी में दूसरी जीत दर्ज करते हुए 4 अंक हासिल किये।आयरलैंड की पुरुष टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 284 रन बनाए। वहीं इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 46.1 ओवर में 215 रन ही बना पायी। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने आयरलैंड के खिलाफ 285 रन का पीछा करते हुए ।

# टी20 महिला विश्वकप : श्रीलंका के खिलाफ बड़े अंतर से जीत दर्ज करने उतरेगी भारतीय टीम




दुबई (ईएमएस)। पाकिस्तान के खिलाफ जीत से उत्साहित भारतीय महिला क्रिकेट टीम बुधवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टी20 विश्वकप के ग्रुप ए के अपने तीसरे मैच को बड़े अंतर से जीतना चाहेगी। भारतीय टीम का रन रेट अब तक अन्य टीमों से कम है जिससे वह इसे बढ़ाने पूरी ताकत लगा देगी।भारतीय टीम बल्लेबाजों के कमजोर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैच में उम्मीद के अनुसार सफल नहीं रही। उसे अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रनों से हार का सामना करना पड़ा जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 106 रन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसे 18.5 ओवर खेलने पड़े। ऐसे में टीम को उम्मीद रहेगी कि शेफाली वर्मा और उप कप्तान स्मृति मंधाना इस मैच में अधिक से अधिक रन बनायें।शैफाली ने जहां पहले दो मैच में दो और 32 रन बनाए वही मंधाना 12 और सात रन ही बना सकी। इससे मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ गया। वहीं अभी तक दो मैच में 15 और 29 रन बनाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर भी गर्दन में दर्द के कारण बाहर हैं। ऐसे में श्रीलंका के खिलाफ उनका खेलना तय नहीं है।हरमनप्रीत पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजी करते समय चोटिल हो गई थी और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा था। ऐसे में अब जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और रिचा घोष को बल्लेबाजी की जिम्मेदारी निभानी होगी। वहीं गेंदबाजों का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है। मध्यम गति की गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में 19 रन देकर तीन विकेट हासिल लिए थे पर । अन्य तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर को भी इस मैच में अच्छी गेंदबाजी करनी होगी। वहीं भारतीय टीम स्पिनर दीप्ति शर्मा पर बहुत अधिक निर्भर है पर वह टूर्नामेंट में अभी तक उम्मीद के अनुसार नहीं खेल पायी हैं। वहीं युवा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और लेग स्पिनर आशा शोभना ने भी अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में भारतीय टीम को जीत के लिए हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।वहीं श्रीलंका की टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीती है। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में बड़ी जीत दर्ज कर वापसी करना रहेगा। एशिया कप फाइनल में उसने भारतीय टीम को हराया था और वह एक बार फिर उसे दोहराना चाहेगी।

#### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं:

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल , सजना सजीवन

**श्रीलंकाः** चमारी अटापट्टू (कप्तान), विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, हासिनी परेरा, अनुष्का संजीवनी (विकेटकीपर), नीलाक्षिका सिल्वा, कविशा दिलहारी, अमा कंचना, इनोशी प्रियदर्शनी, शशिनी गिम्हानी, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, सचिनी निसानसाला, उदेशिका प्रबोधनी , इनोका राणावीरा।

# संक्षिप्त खबरें

## ईडी के सामने पेश हुए अजहरुद्दीन

हैदराबाद(ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन मंगलवार को हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले में अजहरुद्दीन से पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया। 61 वर्षीय पूर्व सांसद को पहले तीन अक्तूबर को कार्यालय में एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने नई तारीख मांगी और इसलिए उन्हें आठ अक्तूबर को बुलाया गया। यह जांच हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) में कथित वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित है, जिसमें ईडी ने पिछले साल नवंबर में तलाशी ली थी।

## भोपाल में एमडी ड्रग बनाने का रा मटेरियल जब्त

भोपाल(ईएमएस)। भोपाल में 5 अक्टूबर को पकड़ी गई सिंथेटिक ड्रग फैक्ट्री से जुड़ी एक दुकान का मंगलवार को ताला तोड़ा गया। एसीपी मिसरोद के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में दुकान में केमिकल के भरे हुए ड्रम में कई संदिग्ध वस्तुएं पाई गई। दुकान में केमिकल स्टोर कर रखा था। इस केमिकल का ही उपयोग एमडी ड्रग बनाने में किया जाता है। बाजार में इस रा मटेरियल की कीमत अधिकतम 30 लाख रुपए है। माल तैयार होने पर उसकी कीमत 200 से 300 करोड़ होती है। एनसीबी की रेड के दौरान गिरफ्तार आरोपी अमित चतुर्वेदी ने यह दुकान रापड़िया निवासी विष्णु पाटीदार से किराए पर ली थी। जो शुभम वेयर हाउस के सामने गणेश मार्केट रापड़िया चौराहे पर स्थित है। यहां अमित देर रात कुछ सामान गाड़ी से बगरोदा फैक्ट्री में ले जाया करता था। इधर, एनसीबी की टीम गिरफ्तार दोनों आरोपियों को बागरोदा स्थित फैक्ट्री में लेकर पहुंची।

## ग्वालियर में हुई ट्रेन पलटाने की साजिश, ट्रेक पर रखी लोहे की छड़े

ग्वालियर(ईएमएस)। कानपुर, खंडवा सहित अन्य जगहों पर ट्रेनों को पलटाने के प्रयास के कई मामले सामने आए हैं। लेकिन इस बार यह प्रयास ग्वालियर में भी किया गया है। ग्वालियर में रेलवे ट्रेक पर लोहे की छड़े रख दी गईं। लेकिन समय रहते माल गाड़ी को रोक दिया गया। इससे घटना नहीं हुई। आरपीएफ व जीआरपी ने जांच शुरू की है और अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटनाक्रम के मुताबिक ग्वालियर बिरलानगर स्टेशन के पास गुड्स ट्रैक पर देर रात लोहे की छड़ें रखीं मिलीं। इसी ट्रैक पर 12 किलोमीटर की स्पीड से मालगाड़ी आ रही थी। लेकिन मालगाड़ी को समय रहते रोक दिया गया। इससे दुर्घटना होने से बच गई। घटना के बाद ग्वालियर जीआरपी और आरपीएफ ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उनका पता लगाया जा रहा है।

## आरजी कर कॉलेज के 50 सीनियर डॉक्टर्स का इस्तीफा

कोलकाता (ईएमएस)। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को सामूहिक इस्तीफे दिए गए। 50 सीनियर डॉक्टर्स ने आमरण अनशन कर रहे जूनियर डॉक्टर्स के समर्थन में रिजाइन किया है। सूत्रों के हवाले से बताया कि मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में कई डिपार्टमेंट और उनके हेड्स की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में इस्तीफा देने का फैसला लिया गया। एक सीनियर मेंबर ने कहा कि जूनियर डॉक्टर्स एक मकसद के लिए आमरण अनशन कर रहे हैं। हम उनके साथ मजबूती से खड़े हैं और यह संदेश देने के लिए हमने इस्तीफे दिए हैं। छह जूनियर डॉक्टरों के आमरण अनशन का आज चौथा दिन है। उन्होंने कहा कि हम किसी बाहरी दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं। जूनियर डॉक्टर 5 अक्टूबर की शाम से आमरण अनशन पर बैठे हैं। वे हेल्थ सेक्रेटरी एनएस निगम को हटाने समेत 9 मांगों पर अड़े हैं। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों को समर्थन देने का ऐलान किया है। बुधवार को देश भर में डॉक्टर्स भूख हड़ताल करेंगे। बंगाल सरकार ने कहा है कि सरकार अपने सभी वादे पूरी कर रही है। ममता सरकार ने डॉक्टरों से अनशन खत्म करने की अपील की है।

## पुलिस स्टेशन के अंदर वीडियो रिकॉर्ड करना जासूसी नहीं : हाईकोर्ट

अहमदनगर,(ईएमएस)। बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने अपने फैसले में कहा कि पुलिस स्टेशन के अंदर वीडियो रिकॉर्ड करना आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम की धारा 3 के तहत नहीं आता है। यह फैसला तब आया जब जस्टिस विभा कंकनवाड़ी और एसजी चपलगांवकर की पीठ ने मुंबई पुलिस कांस्टेबल संतोष अथारे के खिलाफ दायर अधिनियम के तहत आरोपों को खारिज कर दिया। बता दें अहमदनगर जिले के पाथर्डी पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में अथारे और उनके भाई सुभाष शामिल थे। पुलिस ने आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम लागू किया था, लेकिन कोर्ट ने कहा कि अधिनियम की धारा 2(8) निषिद्ध स्थानों को परिभाषित करती है और पुलिस स्टेशन उस परिभाषा में नहीं आता है। कोर्ट ने यह कहा कि जासूसी के लिए दंड से संबंधित धारा 3 पुलिस स्टेशन के अंदर की गई कार्रवाइयों पर लागू नहीं होती है। हाईकोर्ट ने एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी और 506 सहित अन्य आरोपों को रद्द करने से इनकार कर दिया। यह मामला तब उठा जब सुभाष अथारे ने शिकायत में कहा कि 21 अप्रैल, 2022 को तीन लोगों ने उनके घर में अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया था, जब उनकी मां के अलावा कोई भी मौजूद नहीं था। सुभाष ने सवाल किया था कि जब अतिक्रमणकारियों ने कथित तौर पर उनकी मां पर हमला किया था तो केवल गैर-संज्ञेय मामला क्यों दर्ज किया गया। अथारे बंधुओं ने दावा किया कि उच्च अधिकारियों से उनकी शिकायत के बाद स्थानीय पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

## कोलकाता में सात जूनियर डॉक्टरों का आमरण अनशन जारी

कोलकाता (ईएमएस)। कोलकाता के एस्प्लेनेड में सात जूनियर डॉक्टरों का आमरण अनशन जारी रहा। बुधवार को डॉक्टरों के अनशन का चौथा दिन है। मंगलवार को महापंचमी के कारण, सीनियर और जूनियर दोनों डॉक्टरों ने पूरे दिन विभिन्न विरोध कार्यक्रमों का आयोजन किया है। 7 जूनियर डॉक्टर का एस्प्लेनेड में आमरण अनशन जारी हैं, वहीं पूरे राज्य में जूनियर डॉक्टरों ने सुबह 9 बजे से 12 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल की। बात दें कि वरिष्ठ डॉक्टरों और नर्सिंग तथा स्वास्थ्य कर्मियों के प्रतिनिधियों भी सांकेतिक विरोध में जूनियर डॉक्टरों के साथ शामिल हुए। जूनियर डॉक्टरों ने आम लोगों से 12 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल करने के साथ एकजुटता की अभिव्यक्ति के रूप में मेगा रैली में शामिल होने की अपील की। पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट (डब्ल्यूबीजेडीएफ) ने कहा, हम समाज के सभी वर्गों से मिले व्यापक समर्थन के कारण ही अपने विरोध को इस हद तक आगे ले जाने में सफल हुए हैं। इसकारण हम लोगों से अनुरोध कर रहे हैं कि विरोध प्रदर्शन में हमारे साथ शामिल हों। शुरुआत में छह जूनियर डॉक्टर (तीन महिला और तीन पुरुष) ने भूख हड़ताल शुरू की। रविवार शाम उनका सातवां साथी भी उनके साथ शामिल हो गया।

## पत्नी के चरित्र पर शक, पति ने की हत्या

मथुरा। मथुरा की थाना राया पुलिस ने 3 अक्टूबर को नहर में मिली अज्ञात महिला के शव मामले खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया। चौंकाने वाली बात यह है कि हत्यारा कोई और नहीं बल्कि मृतका का पति ही निकला। अवैध संबंधों के शक में पति ने ही महिला की हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया था। बता दें कि राया क्षेत्र की नहर में 3 अक्टूबर को अज्ञात महिला का शव मिला था। जिसकी शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से आसपास के इलाकों में जानकारी हासिल की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस के हाथ हत्यारे के गिरेबान तक जा पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि 3 अक्तूबर को अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। बाद में मृतका की पहचान साधना पत्नी नरेश सिंह निवासी इगलास के रूप में हुई। मृतका के परिजनों ने पति पर हत्या करने की आशंका जाहिर कर मुकदमा दर्ज करा दिया।

# 100 ईवी बसें चलेंगी, नोएडा एयरपोर्ट से दिल्ली जाना होगा आसान

## बसों के लिए रुट तय करने के लिए इसी सप्ताह होगी बैठक




ग्रेटर नोएडा, (ईएमएस)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी के लिए यमुना प्राधिकरण सौ ईवी बसें चलाएगा। यह बसे निजी संचालकों की मदद से चलाई जाएगी। मंडलायुक्त मेरठ मंडल सेल्वा कुमारी जे. ने बसों के संचालन को मंजूरी दे दी है। प्राधिकरण अधिकारी इसी सप्ताह एआरटीओ के साथ बैठक कर बसों का मार्ग तय किया जाएगा। 15 नवंबर से बसों का संचालन शुरू हो जाएगा। पचास बसें एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी के लिए और पचास का संचालन यमुना प्राधिकरण के सेक्टरों की कनेक्टिविटी के लिए किया जाएगा। यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होने पर 250 बसें और चलाई जाएंगी। यात्रियों की एयरपोर्ट तक आवाजाही का चुनौतीपूर्ण है। इसके समाधान के लिए सौ ईवी बसों के संचालन की योजना तैयार की गई है। यमुना प्राधिकरण के इस प्रस्ताव को मंडलायुक्त की मंजूरी मिल चुकी है। बसों के लिए मार्ग निर्धारण के लिए इसी सप्ताह बैठक होगी। एयरपोर्ट कनेक्टिविटी के लिए संचालित होने वाली बसों को आइजीआइ एयरपोर्ट दिल्ली, दिल्ली के प्रमुख स्थानों के अलावा गाजियाबाद, नोएडा व ग्रेटर नोएडा के लिए चलाएगा जाएगा। इससे यात्री एयरपोर्ट तक आसानी से आ जा सकेंगे। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी का कहना है कि मार्ग निर्धारण में शुरुआत में डेढ़ सौ किमी तक का दायरा तय किया जाएगा। भविष्य में इसका दिल्ली समेत यूपी, हरियाणा, राजस्थान व उत्तराखंड के 26 जिलों का विस्तार किया जाएगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट इन 26 जिलों में मिलने वाले यात्रियों की संख्या के आधार पर ही बनाई गई थी।

एयरपोर्ट व यीडा के सेक्टरों की कनेक्टिविटी के लिए बसों का संचालन निजी संचालकों की मदद से होगा। बसों की संचालन लागत और यात्रियों से होने वाली आमदनी घटती है तो इसकी भरपाई यमुना प्राधिकरण करेगा। यीडा क्षेत्र में अभी सार्वजनिक परिवहन की सुविधा नहीं है। पचास ईवी बसों के संचालन से यीडा क्षेत्र के सेक्टरों की कनेक्टिविटी भी होगी। सेक्टर 22 डी में आवंटियों ने रहना शुरू कर दिया है।

इसके अतिरिक्त सेक्टर 18 में आवंटियों ने निर्माण कराए हैं। सेक्टर 22 ई में संस्थाओं के परिसर का निर्माण हो रहा है।

आगामी सत्र से इनमें शैक्षणिक गतिविधि संचालित होंगी। बस संचालन से यीडा सेक्टरों में आना जाना की सुविधा हो जाएगी। यमुना प्राधिकरण परिवहन विभाग के जरिए से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से परीचौक व रबूपुरा से परीचौक के बीच छह बसों का संचालन किया जा रहा है। इसे पिछले साल शुरू किया गया था। बस संचालन में होने वाले घाटे की भरपाई यमुना प्राधिकरण की ओर से की जा रही है।

# मामूली विवाद पर अकोला में हिंसा पथराव व आगजनी, क्षेत्र में तनाव



अकोला,(ईएमएस)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। इस बीच महाराष्ट्र के अकोला में दो गुटों के बीच तनाव पैदा हो गया है। जानकारी के मुताबिक इस तनाव के चलते कई जगहों पर आगजनी और पथराव के साथ भारी भीड़ सड़कों पर उतर आई है। घटना के बाद तुरंत मौके पर पुलिस बल पहुंच गया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर कर स्थिति को नियंत्रण में किया है। घटना सोमवार शाम हुई जब एक ऑटोरिक्शा मोटरसाइकिल से टकरा गया, जिससे दोनों में विवाद हो गया। विवाद के बाद तनाव इतना बढ़ कि दो समूहों के सदस्यों ने एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया और तीन दोपहिया वाहनों और एक ऑटोरिक्शा को आग के हवाले कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विवाद के दौरान कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस को मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। अधिकारियों ने भीड़ को तितर-बितर करने लाठीचार्ज भी किया। पुलिस ने बताया कि सोमवार को महाराष्ट्र के अकोला में दो समूहों के बीच झड़प हुई, जिसमें पथराव हुआ और कई वाहनों में आग लगा दी गई। अकोला पुलिस के मुताबिक शहर के हरिहर पेठ इलाके में एक ऑटोरिक्शा और एक मोटरसाइकिल के बीच टक्कर के बाद यह विवाद शुरू हुआ। घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि विवाद के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस बीच, शांति बनाए रखने और हिंसा को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को भी तैनात किया गया है। हरिहर पेट इलाके में गाडगे महाराज की प्रतिमा है, उसी इलाके में ये पथराव और आगजनी हुई। शुरुआती जानकारी है कि फीस को लेकर दो गुटों में तनाव पैदा हो गया है और पुलिस और सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं। सुरक्षाकर्मियों की टीमों द्वारा भीड़ को तितर-बितर किया गया। इस बीच अकोला के हरिहर पेठ इलाके में पथराव और आगजनी अकोला पुलिस की विफलता है।

## जानबूझकर आंकड़ों को धीरे किया जा रहा अपडेट, नतीजों में पारदर्शिता को खतरा

चंडीगढ़,(ईएमएस)। हरियाणा विधानसभा चुनाव की मतगणना चल रही है। शुरुआती रुझान में कांग्रेस को बढ़त मिली थी लेकिन बाद में बाजी पलट गई और बीजेपी आगे निकल गई। इसे लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश और पार्टी नेताओं का कहना है कि चुनाव आयोग जानबूझकर आंकड़ों को धीरे-धीरे अपडेट कर रहा है, जिससे नतीजों में पारदर्शिता को खतरा पैदा हो गया है। जयराम ने कहा कि चुनाव आयोग की वेबसाइट पर चुनावी रुझानों को जानबूझकर धीमी गति से अपडेट किया जा रहा है। इससे यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि बीजेपी प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। वहीं कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि टीवी चैनल अपने आंकड़े नहीं बल्कि चुनाव आयोग के आंकड़े दिखा रहे हैं और चुनाव आयोग के आंकड़े 4 या 5वें राउंड के हैं जबकि हमारे कंट्रोल रूम से 11-12 राउंड के आंकड़े आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि 4 राउंड के बाद विनेश फोगाट को पीछे दिखाया गया लेकिन 9 राउंड के बाद वह 5200 वोटों से आगे दिखाई गई।


### कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जामताड़ा

**e-Tender No: 04/CS cum CMO/JAMTARA/2024-25**

**Dated- 07-10-2024**

**ई–निविदा सूचना**

e-TENDER FOR OUTSOURCING OF AGENCY FOR COMPLETE SANITATION AND HOUSE KEEPING WITH COLLECTION, SEGREGATION, STORAGE AND SAFE TRANSPORTATION OF MUNICIPAL WASTE & SEGREGATION OF BIOMEDICAL WASTE AT **CS CUM CMO OFFICE PREMISES , SADAR HOSPITAL PREMISES, WAREHOUSE PREMISES, BLOOD BANK PREMISES AND ALL BLOCKS INCLUDING CHC'S, PHC'S OF DISTRICT- JAMTARA**के लिए (ई–निविदा) दिनांक 11.11.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| Important Dates for Tender | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of Uploading of Tender Document | 09.10.2024 (The intending bidder may visit website: www.jharkhandtednders.gov.in) |
| 2 | Pre bid meeting for discussion on various technical issues regarding terms & conditions for providing society services | On 14.10.2024 at 03:00 PM at CS Office, Jamtara All the intending bidders must attend the pre-bid discussion meeting for clarification of their queries & requirements of Jamtara Surgency. No claims will be considered after pre-bid meeting and finalization of model tender documents. |
| 3 | Date of start for submission of e-tender | 16.10.2024 from 11:00 AM |
| 4 | Last date of submission of e-tender | On 08.11.2024 till 05:00 PM |
| 5 | Opening of technical bid | On 11.11.2024 at 12:30 PM. All the bidders must have to confirm the submission through Online Payment Gate way. For criteria of EMD Details refer point no.2.2 of BIDDING DOCUMENT, CLARIFICATIONS AND AMENDMENT. |
| 6 | अग्रधन एवं निविदा फीस की राशि जो Civil Surgeon Cum C.M.O. Jamtara के नाम से देय होगा। | EMD For Outsourcing- 10,00,000.00 (Ten Lakh) Only submission through Online Payment Gate way. **If enrolls in MSME EMD is exempted provided fulfilling the terms and condition of MSME** Tender Fee : 10000.00(Non Refundable) submission through Online Payment Gate way. |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 9006362966, 7004438951 (10 AM to 05 PM), |
| 8 | निविदा शुल्क एवं EMD Only submission through Online Payment Gate way. Hard Copy of Tender Paper should be properly binded. It is mandatory. Otherwise it is not acceptable | 09.10.2024 At 11:00 A.M TO 11.11.2024 Up To 5:00 P.M. |
| Further details can be seen on website http:jharkhandtenders.gov.in | | |
| Civil Surgeon Cum CMO, Jamtara- Email Id- cs.jamtara1@gmail.com | | |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर ई–निविदा क्रय समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। ई–निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात ही सफल निविदाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदा0, जामताड़ा

**PR 338340 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D**


# हाईकोर्ट ने एमएलसी को लेकर दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

मुंबई,(ईएमएस)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2020 में राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजे गए 12 विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) उम्मीदवारों की सूची को वापस लेने को चुनौती देने वाली उद्धव गुट की शिवसेना (यूबीटी) नेता सुनील मोदी द्वारा दायर याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। सूची पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के मंत्रिमंडल द्वारा प्रस्तुत की गई थी, लेकिन नए सीएम एकनाथ शिंदे ने 2022 में पदभार ग्रहण करने के बाद इसे वापस ले लिया था। राज्यपाल ने नामांकन पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया था, जब वापसी हुई और शिंदे सरकार ने खाली एमएलसी सीटों के लिए नए उम्मीदवार प्रस्तावित नहीं है। हाईकोर्ट ने पहले फैसला सुनाया था कि राज्यपाल ठाकरे सरकार द्वारा भेजी गई सूची पर फैसला लेने में देरी नहीं कर सकते। सुनील मोदी के वकील यशराज सिंह देवड़ा ने तर्क दिया कि वर्तमान याचिका अलग है क्योंकि यह शिंदे सरकार द्वारा नामांकन वापस लेने को संबोधित करती है। देवड़ा ने तर्क दिया कि राज्यपाल को केवल रबर स्टांप के रूप में काम नहीं करना चाहिए बल्कि कैबिनेट की सलाह और सिफारिशों पर सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए। महाधिवक्ता डॉ. बीरेंद्र सराफ ने प्रतिवाद किया कि एकनाथ शिंदे के सीएम बनने के बाद, उन्होंने राज्यपाल से संपर्क किया था, जिन्होंने 12 एमएलसी के संबंध में फाइल लौटा दी थी, जिससे यह मुद्दा विवादास्पद हो गया। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर ने कहा कि वापसी के साथ प्रक्रिया खत्म हो गई है।

उन्होंने सवाल किया कि अगर सलाह वापस ले ली गई तो राज्यपाल क्या कार्रवाई करेंगे। देवड़ा ने सरकारी कामकाज को नियंत्रित करने वाले नियमों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि यदि राज्य ने वापसी को उचित ठहराने वाली कोई सामग्री प्रस्तुत की है तो राज्यपाल को फैसला लेना चाहिए था।

## मुइज्जू और उनकी पत्नी ने ताजमहल देख हुए भाव विभोर बोले-वाह, ताज!

आगरा,(ईएमएस)। भारत के दौरे पर आए मालदीव के राष्ट्रपति डॉक्टर मोहम्मद मुइज्जू और उनकी पत्नी साजिदा ने मंगलवार को मोहब्बत की निशानी और दुनिया की खूबसूरत इमारत ताजमहल का दीदार किया। राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी पत्नी प्यार की इस धरोहर को देखकर भाव विभोर हो गए और कहा, वाह, ताज!। मुइज्जू की यात्रा को देखते हुए ताजमहल में सुबह से ही आम जनता की एंट्री पर रोक लगा दी गई थी। उनके अगवानी के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय को विशेष रूप से भेजा था। मुइज्जू और उनकी पत्नी ताजमहल देखने का समय तय था। इसको देखते हुए ताजमहल में सुबह 8 से 10 बजे तक पर्यटकों की एंट्री पर रोक लगा दी गई थी। इस दौरान पूर्वी और पश्चिमी गेट स्थित टिकट विंडो भी बंद रहे। यूपी सरकार के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि भारत और मालदीव के मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत बनाए रखने के लिए यह एक ऐतिहासिक पल है। बता दें राष्ट्रपति मुइज्जू रविवार को नई दिल्ली पहुंचे थे, जहां सोमवार को राष्ट्रपति भवन में उनका जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि उनके देश की मालदीव फर्स्ट की नीति से भारत के संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# माल्ट डिस्टिलरी सेक्टर में भी सरताज बनेगा भारत नागपुर में प्लांट लग रही पर्नो रिका इंडिया




नागपुर (ईएमएस)। पीएम मोदी का मेक इन इंडिया अभियान हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। अब भारत माल्ट डिस्टिलरी सेक्टर में भी सरताज बनेगा। जी हां, शीवाज रीगल और एब्सोल्यूट वोदका बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी पर्नो रिका भारत में माल्ट डिस्टिलरी एंड मैच्योरेशन फेसिलिटी विकसित करने के लिए 1,785 करोड़ का निवेश करेगी। कंपनी का यह प्लांट महाराष्ट्र में नागपुर के बुटीबोरी में लगने वाला है। पर्नो रीका के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नागपुर का बुटीबोरी यूनिट एशिया का सबसे बड़ा माल्ट डिस्टिलरी एंड मैच्योरेशन यूनिट होगा। इस फेसिलिटी को तैयार करने में अभी करीब 100 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। इसमें जमीन की लागत शामिल है। फेसिलिटी को तैयार करने में अगले 10 साल में करीब 1785 करोड़ रुपये का निवेश का प्रस्ताव है। इस यूनिट में विश्व स्तरीय माल्ट स्पिरिट के उत्पादन के लिए एंड-टू-एंड क्षमता स्थापित की जाएगी। इसके शुरू होने पर वहां हर साल 13 मिलियन प्योर अल्कोहलिक लीटर का उत्पादन होगा। बुटीबोरी यूनिट को डेवलप करने के लिए पर्नो रिका और महाराष्ट्र सरकार के बीच 23 फरवरी 2024 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ था। एमओयू पर हस्ताक्षर करने के बाद से, पर्नोड रिका इंडिया ने परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए भूमि लागत सहित करीब 100 करोड़ रुपये का निवेश करने का वादा किया था। इसी क्रम में अब प्लांट के लिए भूमि पूजन हो चुका है। कंपनी का दावा है कि नागपुर के बुटीबोरी में स्थापित होने वाली माल्ट डिस्टिलरी से 90,000 किसानों को फायदा होगा। क्योंकि वहां भारी मात्रा में जौ खरीदेगी। इससे किसानों को उपज की भरपूर कीमत मिलेगी। कंपनी का कहना है कि यह प्रोजेक्ट महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में कई हजारों लोगों के लिए रोजगार पैदा करेगी। फैक्ट्री में करीब 800 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसके अलावा ढेरों लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से भी रोजगार मिलेगा। पर्नो रिका इंडिया के सीईओ जॉ टूबूल ने कहा, भूमि पूजन समारोह एक महत्वपूर्ण कदम है जो भारत की विकास के प्रति हमारे अटूट समर्पण को दिखाता है। इस सुविधा को प्रीमियम स्पिरिट्स के उत्पादन में पर्नोड रिकार्ड की समृद्ध विरासत से लाभ होगा। हमें महाराष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में योगदान करते हुए, इस परिवर्तन में सबसे आगे होने पर गर्व है।


### कार्यालय : चास नगर निगम, चास (बोकारो)।
आई0टी0आई0 मोड़, NH-32, चास, बोकारो, पिन–827013
E-mail:- chasmunicipalcouncil@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा चास नगर निगम अंतर्गत SM&ID घटक के तहत् संचालित महिला स्वंय सहायता समूह (SHG's) एवं एरिया लेवर फेडरेशन(ALF) की महिलाओं को सूचित किया जाता है कि कार्यालय चास नगर निगम नया भवन, आई0टी0आई मोड़, चास में एक कैंटीन खोला जाना निर्धारित है।

अतः इच्छुक स्वंय सहायता समूह (SHG's) एवं एरियालेवरफेडरेशन(ALF) की महिलाओं से अपील है कि कैंटीन चलाने हेतु आवेदन पत्र निम्नांकित बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए समर्पित करेंगे।

- दो समय का नास्ता एवं एक समय का खाने के मेनुदर के साथ समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।
- विज्ञापनदाता का नाम :–प्रशासक–सह–अपर नगर आयुक्त, चास नगर निगम, चास (बोकारो)।
- आवेदन जमा करने कीतिथि, स्थान एवं समय :– दिनांक–09.10.2024 से 18.10.2024 तक चास नगर निगम, DAY-NULM कोषांग में (समय : 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक)।

प्रशासक–सह–
अपर नगर आयुक्त,
चास नगर निगम, चास।

PR 338345 (Urban Development) 24-25 (D)

# बीसीसीएल ने शिविर लगा कर 50 लोगों को एक साथ दिया अनुकंपा नियोजन









## अनुकंपा नियोजन शिविर 1.0 में सीएमडी ने सौंपे नियोजन-पत्र

धनबाद : बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता के निर्देश और निदेशक कार्मिक की विशेष पहल से बीसीसीएल ने पूजा से पहले एक साथ 50 लोगों के लिए अनुकंपा आधारित नियोजन के लिए शिविर लगा कर उन्हें कंपनी में नियुक्ति दी। कोयला नगर सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में 2011 से लेकर 2022 तक के विभिन्न मामलों में अनुकम्पा नियोजन और आर्थिक मुआवजा दिया गया। इस शिविर में 48 लाभार्थियों को कंपनी में नियोजन तथा 02को आर्थिक मुआवजा प्रदान किया। कोल इंडिया गीत और दीप प्रज्ज्वलन के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमडी श्री समीरन दत्ता ने की और इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) श्री मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक (वित्त) श्री राकेश कुमार सहाय और निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री संजय कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बीसीसीएल में ऐसा पहली बार है कि सीएमडी के साथ निदेशक मंडल ने स्वयं उपस्थित रहकर अपने हाथों से एक साथ इतनी संख्या में लाभार्थियों को नियोजन-पत्र सौंपे। इस अवसर पर बोलते हुए सीएमडी श्री समीरन दत्ता ने कहा, "हम अनुकंपा नियोजन के माध्यम से बीसीसीएल के अपने पुराने परिवारों को फिर से कंपनी के साथ जोड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी के कार्मिक विभाग ने नियोजन के मामलों में तेजी लाते हुए पिछले पाँच वर्षों में 2300 मामलों में से 2000 से अधिक मामलों में अनुकम्पा नियोजन दे दिया गया है। इस त्वरित समाधान एवं नियोजन के लिए कार्मिक विभाग के सभी अधिकारी बधाई के पात्र हैं। आज के इस शिविर में 2011 से 2022 तक के मामलों को युद्ध स्तर पर शीघ्रता से निपटाकर नियोजन प्रदान किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कंपनी आने वाले सभी नये कार्मिकों को बीसीसीएल परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें पूजा और दीपावली की शुभकामनाएं भी दीं।" निदेशक कार्मिक श्री मुरलीकृष्ण रमैया ने अपने संबोधन में बताया कि आज के अनुकंपा नियोजन शिविर में ब्लॉक II से 01, कतरास से 10, लोदना से 04, सिजुआ से 03, बस्ताकोला से 06, पूर्वी झरिया से 04, कुसुंडा से 07, गोविन्दपुर से 06, चाँच विक्टोरिया से 04, पश्चिमी झरिया से 03, वाशरी डिवीजन से 01, बरोरा से 01, सहित कुल 50 मामलों का निपटान किया गया। इस वर्ष अब तक कुल 266 आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। इसी प्रकार वर्ष 2023 में 470 , 2022 में 377 और 2021 में 247 आश्रितों को कंपनी में नियोजन प्रदान किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि आज का शिविर 1.0 के नाम से आयोजित किया गया है, शीघ्र ही बीसीसीएल द्वारा अनुकंपा नियोजन शिविर 2.0 का भी आयोजन कर पात्र लोगों को अनुकंपा नियोजन प्रदान किये जाएंगे। कार्यक्रम का आयोजन श्रमशक्ति एवं नियोजन विभाग द्वारा किया गया जिसमें विभाग के प्रमुख श्री सत्य प्रिय राय ने स्वागत वक्तव्य दिया और उप महाप्रबंधक, औद्योगिक संबंध एवं प्रशासन श्री सुरेन्द्र भूषण ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस महाप्रबंधक कार्मिक श्री बिद्युत साहा, महाप्रबंधक कल्याण श्री सरोज पाण्डेय, सभी क्षेत्रों के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधकों के अलावा बीसीसीएल केन्द्रीय सलाहकार समिति, कल्याण परिषद के सदस्य, विभिन्न श्रमिक संगठनों और सीएमओएआई के प्रतिनिधि और कोयला भवन मुख्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



धनबाद, (अलकडीहा, संवाददाता ), दुर्गा पूजा और दशहरा त्योहार के अवसर पर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर एसएसपी एच पी हृदीप जनार्दनन ने ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी के साथ मंगलवार की शाम को जोरापोखर थाना क्षेत्र के पूजा पंडालों का निरीक्षण किया । इस दौरान निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले फूसबंगला एवं जामाडोबा के पूजा पंडालों का निरीक्षण करते हुए पूजा कमिटी के पदाधिकारियों से पूजा कार्यक्रमों की जानकारी ली । उन्होंने पूजा कमिटी के सदस्यों को पूजा के दौरान पंडाल में एवं विसर्जन के क्रम में सतर्कता बरतने को लेकर सीसीटीवी कैमरा को अपडेट रखने, डीजे तथा आपतिजनक गाना नहीं बजाने वॉलिंटियर को भीड़भाड़ में तैनात करने तथा प्रतिमा का ससमय पर विसर्जन करने का निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा की पूजा के दौरान किसी तरह की विवाद होने की स्थिति में दोषी पाए जानेवाले पूजा कमिटी के खिलाफ कार्रवाई करने तथा लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी दी । मौके पर एसडीपीओ, आशुतोष कुमार सत्यम, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा, शशि रंजन आदि मौजूद थे।

## 180 विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र का किया गया वितरण

जोड़ापोखर (संवाददाता): झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने मंगलवार को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के बैनर तले टाटा ऑडिटोरियम, जामाडोबा में बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना, के तहत विधायक ने डिगवाडीह अवर प्रमंडल अंतर्गत के 180 विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र का वितरण किया। विद्युत महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा ने विधायक को पुष्प-गुच्छ भेंट कर कार्यक्रम में स्वागत किया। कार्यक्रम में डिगवाडीह अवर प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत जामाडोबा, फुसबंगला, डिगवाडीह, पाथरडीह आदि क्षेत्र के लगभग 180 विद्युत उपभोक्ताओं प्रतिमाह 200 यूनिट और सालाना 2,400 यूनिट तक बिजली की खपत करने वाले उपभोक्ताओं को 'मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना' के तहत विधायक द्वारा बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र वितरण किया गया। विधायक ने कहा कि झरिया में कुल 9841 विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली बिल विभाग द्वारा माफ किया गया है। यह बिल माफ़ी जरूरतमंद लोगों का किया गया है।

## जम्मू कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन की हुई ऐतिहासिक जीत पर संतोष कुमार सिंह ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की

धनबादः जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने जम्मू कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन की हुई ऐतिहासिक जीत एवं झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर की ऐतिहासिक जीत के साथ-साथ हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की सीट में हुई बढ़ोतरी को लेकर सिटी सेंटर स्थित महात्मा गांधी के प्रतिमा के समीप पटाखा फोड़ कर एवं मिठाई बांटकर खुशी जाहिर किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष, संतोष कुमार सिंह ने कहा कि देश में लोगों का राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी के प्रति विश्वास जगा है। देश में केंद्र सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है। महंगाई एवं बेरोजगारी चरम सीमा पर है। अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। लोग आर्थिक संकटों से जूझ रहे है। इसके बावजूद मोदी सरकार सिर्फ और सिर्फ लोगों को झूठा दिलासा देकर निरंतर छलने का काम कर रही हैं। मोदी सरकार देश में जाति और धर्म के साथ-साथ समाज में भाई-भाई को बांटने का भी काम कर रही हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों एवं वंचितों युवाओं महिलाओं एवं बेरोजगारों की बात करती है एवं उनके हक और अधिकार के लिए हमेशा कंधे से कंधे मिलाकर खड़ा रहने का काम किया है और आगे भी करते रहेगा .

## बड्स गार्डेन स्कूल में डांडिया की मची धूम



धनबाद, (राजगंज ): नवरात्रि के शुभ अवसर पर राजगंज के दलूडीह स्थित बड्स गार्डेन स्कूल में कक्षा नवम के छात्राओं के द्वारा शानदार डांडिया नृत्य की प्रस्तुति की गई। साथ ही स्कूल के शिक्षिकाओं के द्वारा मां दुर्गा की स्तुति में आरती कार्यक्रम संपन्न किए गए । इस डांडिया कार्यक्रम में कक्षा नवम् की सुहाना , नंदिनी, श्वेता ,रिया ,आयुषी, रिया, शिक्षादीप, मानवी, मुनमुन , पीहू आस्था और राखी भाग ली थी। दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर स्कूल के प्राचार्य प्रमोद चौरसिया एवं अध्यक्ष, अमर पाल सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों और बच्चों को बधाई संदेश भेजें।

# सफाई मित्रों के लिए किया टी -शर्ट वितरण



बोकारो : 08 अक्टूबर को बोकारो स्टील प्लांट के सी ई डी विभाग में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सफाई मित्रों के लिए टी-शर्ट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य ) श्री राजन प्रसाद , मुख्य महा प्रबंधक (सी ई डी) श्री शालिग्राम सिंह के साथ वरीय अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे. कार्यक्रम के आरम्भ में मुख्य महा प्रबंधक (सी ई डी) श्री शालिग्राम सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई मित्रों के लिए आयोजित हेल्थ चेक-अप कैंप में 170 सफाई मित्रों का हेल्थ चेक-अप किया गया. इसी क्रम में आज ही दिनांक 08 अक्टूबर को मुख्य महा प्रबंधक (नगर सेवा) के कॉन्फ्रेंस रूम में भी सफाई मित्रो के सम्मान में टी-शर्ट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.



## सेक्टर 11 में सड़क का उदघाटन

सेक्टर 11 में शिव मंदिर से रेलवे क्रॉसिंग तक जाने वाले मार्ग में बीएसएल द्वारा नवनिर्मित आरसीसी सड़क का उद्घाटन श्री राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं संकार्य -अतिरिक्त प्रभार) द्वारा किया गया. ज्ञातव्य हो कि यह सड़क बोकारो से धनबाद को जोड़ने वाले मार्ग में पड़ती है, ऐसे में इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के निवासियों को बेहतर और सुरक्षित यातायात सुविधा मिलेगी, जिससे आवागमन सुगम होगा और समय की बचत होगी. उसी तरह सेक्टर 5 में भी बोकारो निवास से चीरा चास की ओर जाने रास्ते में आरसीसी सड़क का निर्माण कार्य किया गया है. इस सड़क निर्माण से भी आम जनता को लंबे समय से हो रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। आगे इसी तर्ज पर सेक्टर 4 से कालीबाड़ी जाने वाली वाली सड़क का निर्माण कार्य भी पूजा के बाद शीघ्र ही आरंभ करने की योजना है.

## बीसीसीएल ने सभी कर्मचारियों को पूजा से पहले किया बोनस का भुगतान

धनबाद : भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) ने इस वर्ष भी अपने सभी कर्मचारियों के बीच पूजा बोनस का सफलतापूर्वक वितरण कर दिया है। इस मद के तहत 30500 से अधिक कर्मचारियों को लगभग 280 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। इस वर्ष प्रत्येक कर्मचारी को 93,750 का बोनस मिला है। बीसीसीएल के सीएमडी श्री समीरन दत्ता ने कहा कि "कर्मचारियों में पूजा बोनस से खुशी का माहौल है। सभी कर्मियों को दुर्गा पूजा और दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि कर्मचारी हित हमेशा बीसीसीएल की प्राथमिकता रही है। हमें गर्व है कि हमने 9 अक्टूबर की निर्धारित तिथि से पहले ही आज 7 अक्टूबर को अपने सभी कर्मचारियों को सफलता पूर्वक भुगतान कर दिया है, ताकि आगामी त्यौहारों और उत्सव के समय में हमारे कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य त्यौहार का आनंद ले सकें।" सभी कर्मचारियों को समय पर बोनस का भुगतान सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में वित्त विभाग, प्रणाली विभाग, विपणन एवं विक्रय और कार्मिक विभाग की अहम भूमिका रही है.

## रोजगार मेला में बेरोजगारों को मिली नौकरी

धनबादः धनसार स्थिति प्रियांशी मैरिज हॉल में डॉ, पी एन वर्मा फाउंडेशन और सोशल एक्शन फॉर वेलफेयर एंड कल्चर एडवांसमेंट द्वारा एक सफल रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 350 लाभार्थियों ने भाग लिया। इसमें लगभग 210लाभार्थियों को तुरंत हाथों- हांथ ऑफर लेटर दिया गया। इसमें लगभग 50 महिला लाभार्थी भी थे। इस उद्योग मेला में मेधावी एस्पायर प्राइवेट लिमिटेड, टेक्स्ट्रॉन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, आर जी एस ए प्राइवेट लिमिटेड, फोर्स मोटर्स, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा, आदित्य बिरला ग्रुप शामिल था । मौके पर सिन्हा ने कई युवकों को नियुक्ति पत्र भी दिए। नियुक्ति पत्र पाने वालों में धनबाद ज़िला एवं अन्य जगह के अभ्यर्थी थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुमित्रो मुखर्जी, शैलेश कुमार सिंह, आलोक अग्रवाल ,राजेश कुमार सिंह,स्वयंसेवी संस्था स्वाका की ओर से आनंद शर्मा, विकास कुमार ,तुमुल जायसवाल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

## समस्याओं के निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश



धनबादः उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में मुख्यतः अबुआ आवास, जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, रोजगार, आर्म लाइसेंस, अवैध कब्जा, मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, गलत तरीके से नमक फैक्ट्री संचालन की शिकायत, दिव्यांग द्वारा जीवन यापन हेतु रोजगार के लिए लोन हेतु आवेदन, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा जबरन जमीन अधिग्रहण की शिकायत समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## धनबाद के 3.32 लाख लाभुकों को मिली तीसरी किस्त

धनबादः झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में एक समारोह का आयोजन कर जिले की 3 लाख 31 हजार 930 लाभुकों को तृतीय किस्त का भुगतान किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त, सादात अनवर, विधायक टुंडी के प्रतिनिधि, मदन महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, नियाज़ अहमद, निदेशक डीआरडीए, राजीव रंजन ने दीप प्रज्वलित कर दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की तृतीय किस्त के भुगतान समारोह का शुभारंभ किया।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर भाजपाईयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियाँ जाहिर की

धनबादः भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर के अध्यक्ष, श्रवण राय की अध्यक्षता में रणधीर वर्मा चौक पर हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत की खुशी में जमकर आतिशबाजी कर एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि, हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी के प्रति जनविश्वास ,मुख्यमंत्री नायब सैनी की टीम, बीजेपी हरियाणा के सामूहिक प्रयास की जीत है।लगातार तीसरी बार बहुमत की सरकार बनाकर प्रदेश की जनता ने भाजपा के समावेशी विकास और सुशासन पर पुनः मुहर लगाई है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि जनता ने अपना बहुमूल्य जनादेश देकर यह सिद्ध कर दिया है कि देश की जनता झूठ और खोखले वादों के साथ नहीं, बल्कि देश एवं राज्य को आगे ले जाने वाली डबल इंजन की सरकार के साथ है।झारखंड राज्य के आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका व्यापक असर होगा। झारखंड की जनता भी राज्य की वर्तमान हेमंत सरकार के झूठे वादों से त्रस्त है झारखंड में भी भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी। जिला महानगर अध्यक्ष, श्रवण राय ने कहा की हरियाणा में भाजपा ने चुनावी जीत की शानदार हैट्रिक लगाकर यह साबित कर दिया है की जनता का भरोसा नरेन्द्र मोदी के सशक्त एवं सक्षम नेतृत्व तथा सुशासन और विकास की राजनीति में है। अध्यक्ष श्रवण राय ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई दी।

# लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार के नेतृत्व में मोटरसाइकिल फ्लैग मार्च निकाला गया





लोयाबाद।लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा में शांति और सुरक्षा का संदेश देने को लेकर दर्जनाधिक पुलिस बल के साथ मोटरसाइकिल फ़्लैग मार्च निकाला गया।फ्लैग मार्च लोयाबाद थाना से निकल कर लोयाबाद मोड़ होते हुए दुर्गा मंदिर,कनकनी हनुमान बाजार दुर्गा मंदिर, सेन्द्रा दुर्गा मंदिर, बाँसजोड़ा दुर्गा मंदिर समेत अन्य क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पुलिस बल वापस थाने में पहुंची। इस दौरान लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने लोगों से दूर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील किये।साथ ही हुडदंगियों को यह संदेश दिया है कि पूजा में विघ्न डालने वालों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा।

## पहला कदम में धूमधाम से मना नवरात्र उत्सव

धनबादः नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल पहला कदम में मंगलवार को शांति समृद्धि एवं अंधकार व अज्ञानता रूपी राक्षसों से रक्षा करने वाली, ममतामई मोक्ष प्रदायनी माता दुर्गा के पर्व नवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चो के बीच खुशियां मनाने लायंस क्लब ऑफ धनबाद कोलफील्ड के सदस्य सोमनाथ पुर्थी, साधना सूद, सुदेश चुग, सी एल चुग, वसंत कुमार बजाज, ए पी जय सिंग, संजय कुमार झा, और विदित वैभव शामिल हुए । सभी ने बच्चो के साथ मिल कर माता दुर्गा की पूजा कर डांडिया तथा रास गरबा का आनंद लिया। दिव्यांग बच्चो ने केसरिया रंग, ढोलिडा तथा रंगे रमे आदि गीतों में झूमकर गरबा कर आनंद लिया। बच्चो ने डांडिया एवं गरबा का आनंद लेते हुए जाना की डांडिया को देवी दुर्गा और महिषासुर के बीच हुई लड़ाई का प्रतिक माना जाता है।डांडिया को मां दुर्गा की तलवार कहा जाता है जो बुराई की विनाश का प्रतिक है। दुर्गा पूजा का पर्व हिंदू देवी दुर्गा बुराई के प्रतीक राक्षस महिषासुर पर विजय के रूप में मनाया जाता है।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।